कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 357, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 23 जनवरी 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### देश के उच्च न्यायालयों में खाली पदों की संख्या तेजी से बढ़ रही है

## केन्द्र-एससी के बीच नहीं थम रही तनातनी





**नई दिल्ली:** जजों की नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट (एससी) और केंद्र सरकार के बीच तनातनी धीरे-धीरे गंभीर होती जा रही है। वहीं, देश के उच्च न्यायालयों में खाली पदों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इस बीच, सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने अपने हालिया प्रस्तावों से यह स्पष्ट कर दिया है कि हर व्यक्ति जेंडर के आधार पर खुद के व्यक्तित्व को बनाए रखने का हकदार है। साथ ही यह भी संकेत दिया है कि बोलने की आजादी किसी को भी जज के पद से वंचित नहीं कर सकती है।

**कॉलेजियम द्वारा पेश किए गए नामों पर हो सकती है आपत्ति:** फिलहाल केंद्र सरकार न्यायिक नियुक्तियों में अधिक हस्तक्षेप करने की बात कर रही है, क्योंकि उनका मानना है कि इससे प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी। वहीं, इस बीच कॉलेजियम ने अपने प्रस्ताव में जज के रूप में कुछ ऐसे चेहरों को दोहराया है जिसे स्वीकार करने में सरकार को परेशानी हो सकती है। इनमें अधिवक्ता सौरभ किरपाल, आर. जॉन सत्यन, सोमशेखर सुंदरसन, अमितेश बनर्जी और शाक्य सेन का नाम नियुक्तियों के लिए पेश किया गया है।

**सौरभ के फैसले पर पुनर्विचार करने को कहा:** आपको बता दें, वकील सौरभ किरपाल समलैंगिक हैं और भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश बी एन किरपाल के बेटे हैं। अक्टूबर, 2017 में उन्हें दिल्ली उच्च न्यायालय के कॉलेजियम द्वारा न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए सिफारिश की गई थी जिसे 11 नवंबर, 2021 को सर्वोच्च न्यायालय कॉलेजियम ने मंजूरी दे दी थी। लेकिन केंद्र सरकार ने 25 नवंबर, 2022 को सौरभ कृपाल की फाइल सर्वोच्च न्यायालय को दोबारा भेजी और इस फैसले पर पुनर्विचार करने को कहा।

**नाम रिजेक्ट करने का ठोस कारण नहीं:** मुख्य न्यायाधीश डी.वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने कहा कि सौरभ के पास पर्याप्त क्षमता और बुद्धि है, उनकी नियुक्ति होने से बेंच को विविधता मिलेगी। साथ ही बेंच ने कहा कि सौरभ दूसरे देश के नागरिक है इसलिए वो कैंडिडेट के प्रति शत्रुतापूर्ण व्यवहार करेंगे, इसे ठोस कारण नहीं माना जा सकता है। साथ ही बेंच की ओर से कहा गया कि कई संवैधानिक पदों पर ऐसे लोग हैं जिनके पति-पत्नी विदेशी नागरिक हैं और पहले भी रहे हैं, इसका ये मतलब तो नहीं था कि वे शत्रुतापूर्ण व्यवहार करते थे।

**सरकार के खिलाफ आलोचना पर रोकी गई फाइल:** इसके अलावा, कॉलेजियम ने वकील आर. जॉन सत्यन को मद्रास उच्च न्यायालय के जज के रूप में नियुक्त करने की अपनी सिफारिश को भी दोहराया है जिसको लेकर केंद्र सरकार ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री के खिलाफ एक पत्र साझा किया है। वहीं, कॉलेजियम ने बंबई उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में अधिवक्ता सोमशेखर सुंदरसन की नियुक्ति का भी समर्थन किया जिसपर केन्द्र का कहना है कि सुंदरसन हमेशा से सरकार के महत्वपूर्ण नीतियों, पहलों और निर्देशों को लेकर सोशल मीडिया पर आलोचना करते रहते हैं।

**सरकार ने भी की है कॉलेजियम प्रणाली की आलोचना:** भारत के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने यह स्पष्ट कर दिया है कि न्यायिक नियुक्तियां ज्यादा लंबे समय तक लंबित नहीं रह सकती हैं। सरकार को किसी भी कीमत पर फाइल को आगे बढ़ाना होगा।

वहीं, केंद्र ने कॉलेजियम प्रणाली की आलोचना करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग को खत्म करने पर विचार व्यक्त किए। जबकि कानून मंत्री किरण रिजिजू ने कहा था कि कॉलेजियम प्रणाली संविधान से अलग है।

## कर्तव्य पथ पर दिखेगी भारत की सांस्कृतिक विरासत



**नई दिल्ली:** गणतंत्र दिवस परेड के दौरान असम, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गुजरात, पश्चिम बंगाल और कई अन्य राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की रंगारंग झाकियां गणतंत्र दिवस समारोह में कर्तव्य पथ पर दिखेंगी। रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने रविवार को बताया कि भारत की जीवंत सांस्कृतिक विरासत, आर्थिक और सामाजिक प्रगति को दशार्ने वाली कुल 23 झांकियां इस औपचारिक परेड का हिस्सा होंगी, जिनमें से 17 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की और छह विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की होंगी। केंद्रीय मंत्रालयों और केंद्र सरकार की एजेंसियों में गृह मंत्रालय दो झांकियों (एक-एक नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल द्वारा) को प्रदर्शित करेगा।

### पहाड़ों पर बर्फीले तूफान का अलर्ट

**नई दिल्ली:** मौसम विभाग ने कश्मीर के 8 और हिमाचल प्रदेश के 4 जिलों में अगले 24 घंटे में बर्फीले तूफान का अलर्ट जारी किया है। जम्मू-कश्मीर की आपदा प्रबंधन अथोरिटी ने राज्य के डोडा, किश्तवाड़, पुंछ, रामबन, बांदीपोर और कुपवाड़ा जिलों में मध्यम खतरे के स्तर का हिमस्खलन और बारामुला और गांदरबल जिलों में कम खतरे के स्तर का हिमस्खलन होने की संभावना है। लोगों को सावधानी बरतने और इन क्षेत्रों से बचने की सलाह दी। हिमाचल प्रदेश के 4 जिलों में खतरे की संभावना जताई गई है।

## 'ममता दीदी ऐसा कुछ नहीं करेंगी जिससे मोदी जी नाराज हों'




**कोलकाता: कांग्रेस** नेता अधीर रंजन चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने दोनों नेताओं को एक विचार का व्यकतित्व बताया है। अधीर रंजन ने कहा कि ममता बनर्जी और मोदी जी के बीच एक समझ है। ममता जी ऐसा कुछ नहीं कर सकतीं जिससे मोदी जी नाराज हों। जब मोदी जी कहते हैं- भारत 'कांग्रेस मुक्त' है, तो ममता जी भी कहती हैं कि बंगाल से कांग्रेस को हटा देना चाहिए। कई लोग भारत जोड़ो यात्रा की सराहना कर रहे हैं, लेकिन उन दोनों को यह समझ नहीं आ रहा है। उन्होंने कहा कि ये 'मो-मो' है।

**मोदी-ममता के बीच हुआ है सियासी समझौता:** इससे पहले भी अधीर रंजन चौधरी ने कहा था कि पीएम मोदी और ममता बनर्जी ने समझौता किया हुआ है। चौधरी ने कहा कि अमित शाह और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बीच हाल ही में हुई बैठक का जिक्र करते हुए दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी, ममता बनर्जी से समझौता करने के लिए राज्य का दौरा कर रहे हैं। लोकसभा सदस्य ने कहा कि पीएम मोदी के दौरे के बाद बनर्जी के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों की जांच धीमी हो जाएगी।

**वंदे भारत को लेकर चौधरी ने पीएम मोदी पर किया था कटाक्ष:** दिसंबर महीने में पीएम मोदी ने बंगाल में वंदे भारत ट्रेन का उद्घाटन किया था। इस पर चौधरी ने कटाक्ष करते हुए कहा था कि हमने कभी नहीं सुना कि किसी पीएम ने ट्रेन का उद्घाटन किया हो। मैं भी रेल मंत्री था।

## साथ नहीं आना चाहती कांग्रेस: टीएमसी



**नई दिल्ली: 2024 में लोकसभा चुनाव होने हैं।** विपक्षी पार्टियां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को सत्ता से बाहर करना चाहती हैं। ऐसे में एक बार फिर से विपक्षी एकता के नारे बुलंद होने लगे हैं। इसकी बानगी हाल ही में तेलंगाना सीएम चंद्रशेखर राव की खम्मम में हुई मेगा रैली में दिखाई दी। रैली में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव से लेकर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान तक शामिल हुए। इस रैली के जरिए देश को विपक्षी एकता और भाजपा को बड़ा संदेश देने की कोशिश की गई। हालांकि, चुनाव से पहले देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस के रुख ने विपक्षी एकजुटता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**एकला चलो रे की राह पर कांग्रेस:** केसीआर की रैली में शामिल हुए टीएमसी नेता कुणाल घोष ने कांग्रेस पर आरोप लगाया है कांग्रेस 2024 चुनाव से पहले अकेले चलने की राह पर है।

### पीएम पर बनी डॉक्यूमेंट्री के लिए रिजिजू बोले- ये लोग किसी भी हद तक जा सकते हैं

## 'कुछ लोग बीबीसी को सुप्रीम कोर्ट से ऊपर मानते हैं'



**नई दिल्ली: बीबीसी** की पीएम नरेंद्र मोदी पर बनाई डॉक्यूमेंट्री को लेकर केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने ट्वीट किया है। रविवार को किए ट्वीट में रिजिजू ने कहा कि देश में कुछ लोग बीबीसी को भारत के सुप्रीम कोर्ट से ऊपर मानते हैं। वह अपने नैतिक मूल्यों को खुश करने के लिए देश की गरिमा और छवि को किसी भी हद तक कम करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि देश में अल्पसंख्यक या हर समुदाय सकारात्मक रूप से आगे बढ़ रहे हैं। इन चीजों से भारत के अंदर या बाहर चलाए गए दुर्भावनापूर्ण अभियानों से भारत की छवि कभी खराब नहीं हो सकती है। प्रधानमंत्री जी की आवाज 1.4 अरब भारतीयों की आवाज है। भारत में कुछ लोग अभी भी औपनिवेशिक नशे से नहीं उतरे हैं। वे लोग बीबीसी को भारत के सुप्रीम कोर्ट से ऊपर मानते हैं। वैसे भी इन टुकड़े-टुकड़े गिरोह के सदस्यों से कोई बेहतर उम्मीद नहीं है। जिनका उद्देश्य केवल भारत को कमजोर करना है।

**रॉ चीफ ने डॉक्यूमेंट्री को पक्षपाती बताया:** इससे पहले रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के पूर्व चीफ संजीव त्रिपाठी ने कहा डॉक्यूमेंट्री पक्षपाती और मनगढ़ंत तथ्यों की गलतियों से भरी हुई है।

इस डॉक्यूमेंट्री की सभी को निंदा करनी चाहिए। उन्होंने डॉक्यूमेंट्री के पीछे बीबीसी की मंशा पर सवाल उठाया।

## निकाय चुनाव में परचम लहरायेगी भाजपा: योगी



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने दीप प्रज्वलन कर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक का शुभारम्भ किया। कार्यसमिति के उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पार्टी पदाधिकारियों में जोश भरते हुए कहा कि वह नगर निकाय चुनाव की तैयारी करें। ओबीसी कमीशन की रिपोर्ट आते ही प्रदेश में निकाय चुनाव की घोषणा हो जायेगी। इसलिए नगर निकाय चुनाव में परचम लहराने के लिए भाजपा कार्यकर्ता जुट जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का हृदय स्थल है। भगवान राम और श्रीकृष्ण का जन्मस्थान यूपी में है। भगवान शंकर का धाम भी यहीं है। वैदिक ज्ञान को लिपिबद्ध करने की भूमि नैमिषारण्य यहीं है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जो उत्तर प्रदेश के महत्व को नहीं समझते वह कांवड़ यात्रा पर रोक लगाते हैं। पिछली सरकारों ने अगर विरासत का सम्मान किया होता तो उन्हें आज दर-दर की ठोकरें नहीं खानी पड़ती।

**हम विरासत का सम्मान करते हुए आगे बढ़ रहे:** हम परम्पराओं को अंगीकार कर विरासत का सम्मान करते हुए आगे बढ़ रहे हैं। विपक्ष के एजेण्डे में गांव, गरीब, किसान और युवा नहीं थे। उनके एजेण्डे में जाति मत व मजहब थे। भाजपा राष्ट्र प्रथम की भावना से काम कर रही है। अन्त्योदय के मंत्र को अंगीकार करते हुए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को ध्यान में रखते हुए सरकार योजनाएं बना रही हैं। सबका साथ-सबका विकास को ध्यान में रखते हुए सरकार ने प्रदेश में सुरक्षा व सुशासन का मॉडल खड़ा किया।

## श्रद्धा मर्डर केस-3000 पेज की चार्जशीट तैयार



नई दिल्ली: दिल्ली के महरौली में हुए श्रद्धा वालकर हत्याकांड में पुलिस ने आरोपी आफताब पूनावाला के खिलाफ 3000 पेज की चार्जशीट तैयार कर ली है। चार्जशीट के मसौदे में 100 से ज्यादा लोगों की गवाही है। इसमें महत्वपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक और फोरेंसिक सबूत हैं, जिसे पुलिस ने महीनों की जांच के दौरान इकट्ठा किया है। पुलिस ने चार्जशीट में आफताब के कबूलनामे, उसके नार्को टेस्ट के नतीजे और फोरेंसिक टेस्ट रिपोर्ट का भी हवाला दिया है। फिलहाल इसकी कानूनी विशेषज्ञों द्वारा समीक्षा की जा रही है।

**जनवरी के आखिर में दाखिल हो सकती है चार्जशीट:** दिल्ली पुलिस के मुताबिक आफताब के खिलाफ चार्जशीट जनवरी के आखिरी हफ्ते में दाखिल की जा सकती है। इसमें पुलिस ने छतरपुर के जंगलों से बरामद हड्डियों और उनकी डीएनए रिपोर्ट का भी जिक्र किया है, जिससे पुष्टि हुई कि ये हड्डियां श्रद्धा की हैं। इसके अलावा आफताब पूनावाला का कबूलनामा और नार्को टेस्ट की रिपोर्ट भी शामिल है। हालांकि सूत्रों के मुताबिक इन दोनों रिपोर्ट्स का कोर्ट में ज्यादा महत्व नहीं है। पुलिस ने कहा कि 4 जनवरी को दक्षिण दिल्ली के महरौली के जंगल से मिले बालों और हड्डियों के नमूने भी श्रद्धा के नमूनों से मेल खाते हैं।

**नवंबर से पुलिस कस्टडी में है आफताब:** आफताब ने अपनी लिव इन पार्टनर श्रद्धा वालकर की 18 मई को हत्या कर दी थी।

### एनडीआरएफ ऊंची पहाड़ियों पर बचाव अभियान के लिए स्थायी टीमों को करेगी तैनात

**नई दिल्ली: राष्ट्रीय** आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) हिमालय के ऊंचे इलाकों में विशेष पर्वतारोहण टीमों को स्थायी रूप से तैनात करने पर विचार कर रहा है ताकि वे हिमस्खलन, भूस्खलन और हिमनद झील के फटने, बाढ़ आदि के दौरान तेजी से बचाव अभियान शुरू करने के लिए तैयार और अभ्यस्त हो सकें। एनडीआरएफ ने भारत के दुर्गम पर्वत श्रृंखलाओं में प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं से निपटने के लिए अपने रक्षकों को तैयार करने के लिए कई उपायों की शुरूआत की है।

## लखनऊ-कानपुर हाईवे पर अनियंत्रित डंपर का तांडव, रोड किनारे खड़े लोगों को रौंदा, छह की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**उन्नाव ।** उन्नाव जिले में लखनऊ-कानपुर हाईवे पर बंथर औद्योगिक क्षेत्र के पास रविवार रात करीब सात बजे तेज रफ्तार डंपर ने पैदल जा रहीं मां-बेटी सहित तीन को रौंद दिया। भागने की कोशिश में डंपर ने खड़ी कार में टक्कर मार दी। तेज टक्कर से कार सड़क किनारे खंती में चली गई और पीछे से डंपर भी उस पर चढ़ गया।हादसे में कार सवार पिता-पुत्र और दामाद की मौत हो गई। हादसे में कुल छह लोगों की मौत हो गई। सभी मृतक जिले के रहने वाले थे। घटना से गुस्साई भीड़ ने हाईवे पर जाम लगा कर पथराव शुरू कर दिया। कानपुर की और जा रही रोडवेज में भी तोड़फोड़ की।होमगार्ड ने रोकने का प्रयास किया, तो उसके साथ मारपीट की। इस दौरान करीब डेढ़ घंटे तक हाईवे पर जाम की स्थिति बनी रही। हादसे के बाद डंपर चालक भाग निकला। हाईवे पर पर देर शाम लखनऊ की ओर से आ रहा तेज रफ्तार खाली डंपर खड़ी कार में जाकर घुस गया।







**हादसे में छह लोगों की दर्दनाक मौत**

इस दौरान डंपर ने पैदल जा रहीं थाना क्षेत्र के जालिमखेड़ा गांव निवासी रामआसरे की पत्नी शकुंतला (45), बेटी शिवानी (16) और सड़क किनारे लघुशंका कर रहे सुपासी गांव के छोटेलाल (32) को रौंद दिया। इनमें मां-बेटी की दर्दनाक मौत हो गई।

वहीं, कार में अचलगंज के झौहा निवासी विमलेश तिवारी (60), उनका पुत्र शिवांक उर्फ विक्की (30) और दामाद अजगैन कोतवाली क्षेत्र के नवाबगंज के दुर्गा मंदिर रोड निवासी दामाद पूरन दीक्षित (30) सवार थे। उनकी भी दबकर मौत हो गई।

**आक्रोशित लोगों ने लगाया जाम**

घटना के बाद गुस्साए लोगों ने हाईवे पर जाम लगा दिया। बस में तोड़फोड़ की। इससे यात्रियों में भगदड़ मच गई। यातायात व्यवस्था में तैनात होमगार्ड ने इसका विरोध किया, तो उसे भी पीट दिया। एसओ प्रशांत द्विवेदी फोर्स के साथ पहुंचे और क्रेन मंगवाकर कार के ऊपर पड़ा क्षतिग्रस्त डंपर हटवाया।

**डीएम और अन्य अधिकारी पहुंचे अस्पताल**

जिला अस्पताल के इमरजेंसी में डीएम अपूर्वा दुबे पहुंची और परिजनों को सांत्वना देने के साथ शव पोस्टमार्टम हाउस में रखवाया है। घटना के मृतकों के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

## जोशीमठ से विस्थापन जारी, 863 घरों में दरारें

### 181 मकान अनसेफ, अब तक 242 परिवारों में 3.62 करोड़ की राहत राशि बंटी



**जोशीमठ: उत्तराखंड** के जोशीमठ में पिछले दिनों हुई बर्फबारी ने प्रशासन और लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। अब तक कुल 863 घरों में दरारें मिली हैं। जबकि 181 घरों को असुरक्षित घोषित किया गया है। उत्तराखंड सरकार ने अब तक 242 परिवारों को 3.62 करोड़ की राहत राशि बांट दी है। राज्य के आपदा प्रबंधन सचिव डॉ. राजीव सिन्हा ने राज्य सरकार के राहत बचाव और पुनर्वास के बारे में बताया कि जोशीमठ में 2,919 लोगों की क्षमता वाले 650 कमरे और पीपलकोटी में 2,205 लोगों की क्षमता वाले 491 कमरे हैं। इन दोनों जगह लोगों को रखा गया है। अब तक जोशीमठ से 274 परिवारों को अस्थायी तौर पर विस्थापित किया गया है। यानी विस्थापित परिवार के सदस्यों की संख्या 921 हो गई है। जिला प्रशासन ने जोशीमठ में अब तक 863 इमारतों की पहचान की है।

## खबर संक्षेप

### स्वंय सहायता समूह में गयी महिला वापस नहीं लौटी गुमशुदगी दर्ज

**मऊआइमा।** स्वंय सहायता समूह में गयी महिला आज तक वापस नहीं लौटी महिला के पति ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम महमदपुर सराय अली निवासी अनिल कुमार का कहना है कि उनकी पत्नी सुशीला देवी 16 जनवरी को चार बच्चों को घर पर छोड कर स्वंय सहायता समूह में गयी। परन्तु आज तक वापस नहीं लौटी। अनिल कुमार किन्हीं अनहोनी से सहमे हुए हैं और मऊआइमा थाने में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

### हजारों कुंतल अनाज भीगा

**कौंधियारा।** मौसम में अचानक बदलाव से शुक्रवार की रात से अचानक बरसात होने लगी जिससे जारी मंडी के खुले में रखें अनाज के हजारों कुंटल धान गेहूं चावल भीग गए जारी बाजार के आसपास के गांव के किसान का अनाज बिक्री के लिए जारी मंडी में खुले स्थानों में रखा था किसान बड़ी मेहनत से अपने अनाज को ट्रैक्टर द्वारा मंडी में लाते हैं जहां पर छावनी ना होने के कारण किसानों को अपना अनाज खुले में रखना पड़ता है। शुक्रवार की रात अनाज का भंडारण पूरी तरह से भीग गया जिससे किसान को अब अपने अनाज का सही मूल्य नहीं मिल पा रहा है। चिंतित किसानों का कहना है कि यदि मंडी में पूरी तरह से छावनी हो जाए तो किसानों का अनाज हमेशा ही पानी से भीगने से बच जाए।

# रत्योरा क्षेत्र की पहचान बनेगा युवा महोत्सव : रेवती रमण

## क्षेत्रीय प्रतिभाओं को निखारने के लिए आयोजित होता है महोत्सव : रामअवध



अखंड भारत संदेश

**रत्योरा।** कोरांव क्षेत्र के गांवों में छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारने के लिए युवा महोत्सव एक सफल मंच है। निश्चित तौर पर इस आयोजन से क्षेत्र का सामाजिक व आर्थिक विकास होगा। यह बातें पूर्व राज्यसभा सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह ने युवा महोत्सव आयोजन को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि क्षेत्र के विकास व लोगों को काम मिल सके इसके लिए सीमेंट फैक्ट्री के स्थापना पर कार्य किया जा रहा है। पूर्व सांसद ने इतने बड़े आयोजन लिए समिति के संस्थापक संयोजक कुमार कपिल, अध्यक्ष ओमकारनाथ सिंह, संरक्षक मुन्ना सिंह, राजेश त्रिपाठी का बधाई दी। विशिष्ट अतिथि रहे पूर्व ब्लाक प्रमुख कोरांव रामअवध कुशवाहा ने कहा कि युवा महोत्सव जैसा बड़ा आयोजन सबके सहयोग से होता है। जिसका मकसद गांवों में छिपी प्रतिभाओं को सामूहिक मंच देकर गायन नृत्य व अभिनय के क्षेत्र में आगे बढ़ सकें। सुबह दस बजे से स्थानीय गायन नृत्य की फाइनल प्रतियोगिताएं हुईं।तत्पश्चात गौरव सम्मान वितरण व स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को आयोजन समिति ने पुरस्कृत किया। जिसके बाद गायिका शिवानी सिंह व रानी दुबे के गीतों को विशेष प्रस्तुति व आकर्षक झांकियों के मंचन कार्यक्रम हुए। महोत्सव में मुंबई की मशहूर गायिका राधा श्रीवास्तव के गीतों पर युवा दर्शक श्रोता झूम उठे। राहुल पंडित व मिश्र बंधु के गीतों का धमाल हुआ। वाइस चेंजर रवि इलाहाबादी ने लोगों को खूब हंसाया। आयोजन समिति के अध्यक्ष ओंकार नाथ सिंह, संरक्षक मुन्ना सिंह व राजेश त्रिपाठी ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया। कार्यक्र का संचालन मशहूर एंकर सुभांगी सिंह व युवा महोत्सव के संस्थापक संयोजक कुमार कपिल ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राम कुमार कुशवाहा, राहुल कुशवाहा तुलसीदास राणा, नागेंद्र प्रताप सिंह, प्रमोद मिश्र पयासी, आशाराम गौतम,भूपेश जायसवाल, अरविंद तिवारी, रामप्रवेश सिंह प्रदीप कुशवाहा, बबोल कुशवाहा, अनिल मौर्य, अमरेंद्र वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## समरसता उत्सव के तहत निकाली गई विशाल शोभायात्रा



**मऊ आइमा।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के तत्वधान में समरसता उत्सव के तहत एक विशाल शोभायात्रा निकाला गया। जो मरखामऊ से छपाई बाग तक शोभा यात्रा निकला। इस अवसर पर खंड कार्यवाह दिनेश मौर्य का पुनर्जन्म उत्सव राकेश सोनी प्रखंड अध्यक्ष विहिप की अध्यक्षता में आयोजित किया गया । जिस के मुख्य अतिथि भूपेंद्र प्रताप प्रांत समरसता प्रमुख, विशिष्ट अतिथि विनोद अग्रवाल प्रांत सदस्य समिति ,सत्येंद्र मणि शुक्ला जिला मंत्री विश्व हिंदू परिषद ,सुधीर मौर्य पूर्व ब्लाक प्रमुख मऊ आइमा रहे । वक्ता में ईश्वर चंद्र यादव ने समरसता उत्सव पर प्रकाश डालते हुए लोगों को जागरूक किया । उसके बाद विशाल पद शोभायात्रा निकाली गई । जिसमें सैकड़ों की संख्या में बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने छपाही बाग से होते हुए मरखामऊ स्थित संघ कार्यालय पर समापन किया गया । उसके बाद कार्यक्रम में सभी लोगों ने सभी कार्यकर्ताओं ने प्रसाद ग्रहण किया । इस मौके पर अशोक कुमार केसरवानी प्रखंड मंत्री, संदीप जिला शारीरिक प्रमुख, ऋषि प्रजापति, शमशेर, आशीष, नीरज ,तारकेश्वर ,सुशील कुमार, अजय अग्रहरि ,अमरेंद्र पासी, आशीष, सम्राट अमन मौर्य आदि सैकड़ों लोगों ने भाग लिए।



## इफको के उच्चाधिकारियों ने माघ मेले में लिया संतों का शुभाशीष

अखंड भारत संदेश

**आल इंडिया इफको आफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी ने सपत्नीक संतो को दिया कंबल**

**प्रयागराज।** संतो की सेवा करने से हम ईश्वर की विशेष कृपा के पात्र बनते हैं। इसलिए हमें साधु संतों की सेवा करने के साथ ही यथाशक्ति उनकी मदद करनी चाहिए। उक्त बातें शनिवार को मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर संगम में सपत्नीक स्नान करने आए आल इंडिया इफको आफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी ने संतों के बीच कही। उन्होंने कहा की संतों की सेवा करने का अवसर पाना हमारे पूर्व जन्म के पुण्योदय का परिणाम होता है। इस दौरान उनके द्वारा मेला क्षेत्र में रहने वाले साधु संतों को कंबल भी वितरित किया गया। बता दें कि इफको की फूलपुर इकाई से इफको मुख्यालय के लिए स्थानांतरित हो चुके जितेन्द्र तिवारी का इफको की फूलपुर इकाई से विशेष लगाव रहता है नतीजतन उनके द्वारा प्रतिवर्ष प्रयागराज में अनेक सराहनीय कार्य किया जाता है। मौके पर संयुक्त महाप्रबंधक सहकारिता संतोष शुक्ला इफको आफीसर्स एसोसिएशन के महामंत्री स्वयं प्रकाश, जनसंपर्क अधिकारी सोनू तिवारी, अनुराग तिवारी, एमपी शर्मा, डा. हरिश्चन्द्र शर्मा, उमेश कुमार शुक्ला, राघुवेन्द्र त्रिपाठी, डीसी मिश्र ने भी संतों का शुभाशीष लिया।

# अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा ने बैठक के बाद जुलूस निकाल मांगे की बुलंद

## आगामी 26 जनवरी को पूरे देश में किसान ट्रैक्टर मार्च निकाल करेंगे मांग




अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** रविवार के दिन दलवाबारी घूरपुर में सयुक्त किसान मोर्चा व अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा ने बैठक कर जुलूस निकाल गरीबों और किसानों के सामने आ रही समस्याओं पर चर्चा की और अपनी मांगे बुलंद कर मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया।

बैठक में ज्ञापन पर हस्ताक्षर करते हुए मांग उठाई गई कि बिजली के कनेक्शन काटना बंद किए जाएं, बकाया बिल माफ किए जाएं, और घरेलू बिजली 300 यूनिट तथा ट्यूबवेल के पंप की बिजली मुफ्त दी जाए; राशन में बंद पोर्टल खोले जाएं, सभी को 15 किलो अनाज, 1 किलो सरसों का तेल, 1 किलो दाल, 1 किलो चीनी प्रति यूनिट दी जाए, और मनरेगा में ?500 मजदूरी की जाए और पूरे साल काम तथा किए गए काम का बकाया पेमेंट दिया जाए; वृद्धावस्था पेंशन ?5000 की जाए और सभी गरीबों को आवास व आवास के पट्टे दिए जाए। पंचायत में यह भी मांग उठाई गई कि सभी मजदूरों और किसानों के सरकारी व निजी कर्ज हिसाब करके माफ किए जाएं, खेती में लागत सामग्री के दाम घटाए जाएं व सभी किसानों की सभी फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की गारंटी की जाए। एसकेएम लगातार मांग कर रहा है कि सरकार स्वामीनाथन फामूर्ला, यानी कुल लागत के डेढ़ गुने दाम पर सरकारी खरीद की गारंटी करे।और बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आगामी 26 जनवरी को पूरे देश में किसान ट्रैक्टर मार्च करके अपनी इन मांगों पर जोर देंगे। बैठक व जुलुस में में कई गांवों के भारी संख्या में लोग शामिल रहें। बैठक में मुख्य रूप से राजकुमार , संजय, रितेश कुमार, बाल कुमार, रामू, राजबहादुर, राजू, विवेक, चंदन, आशा देवी, सूरसती,मंजू देवी आदि ने सभा को संबोधित किया सभा का संचालन भीमलाल व अध्यक्षता मोहनलाल ने किया।

## शंकरगढ़ पुलिस के शिकंजे में आया शातिर गांजा तस्कर



**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने अवैध गांजा के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1600 ग्राम गांजा बरामद किया है,पुलिस ने यह गिरफ्तारी मुखबिर की सूचना पर कपारी के सेन नगर तिराहे के पास की है। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में डीसीपी यमुनानगर दीपक भुकर व एसीपी बारा के पर्वेक्षण में थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह की पुलिस टीम द्वारा रविवार को सेन नगर तिराहे से कपारी की ओ? जाने वाली मार्ग के पास से अभियुक्त बृज बिहारी साहू पुत्र स्व0 कृष्ण चन्द्र साहू निवासी सुरवल चन्देल थाना शंकरगढ़ को गिरफ्तार किया,उसके कब्जे से 01 किलो 600 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया ।पुलिस ने गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की ।पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार अभियुक्त बृज बिहारी साहू पुत्र स्व0 कृष्ण चन्द्र साहू निवासी सुरवल चन्देल थाना शंकरगढ़ जनपद प्रयागराज के विरुद्ध अलग अलग अपराध में जनपद प्रयागराज के थाना शंकरगढ़, कोरांव,नैनी, औद्योगिक क्षेत्र को मिलाकर कुल 9 व जिला मीरजापुर लालगंज में दो तथा चित्रकूट में एक मुकदमा दर्ज है ।पुलिस टीम की इस सफलता में उ0नि0 ऋतुराज सिंह,का.अनीष कुमार आदि रहे।

## न्यूज झरोखा

### माघ मेला शिविर में किया गया भंडारे का आयोजन




**नैनी।** सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान अरैल नैनी के माघ मेला शिविर में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान के समस्त पदाधिकारियों द्वारा प्रयागराज में आए हुए यात्रियों एवं स्नानार्थियों को भंडारे में कचौड़ी दमालू का प्रसाद वितरण कर "नर सेवा नारायण सेवा" के अंतर्गत सेवाभाव से भोजन प्रसाद दिया गया। संस्थाध्यक्ष संतोष तिवारी एवं प्रबंधक/सचिव कुंवर जी तिवारी ने बताया कि माघ मेले में प्रशासन द्वारा प्रथम बार जमीन आवंटित किया गया, जिसमें अपने सहयोगी के साथ पर्व पर्व पर भंडारा एवं यात्रियों के सहयोग में संस्था अनेकों तरह के सामाजिक कार्य कर रही है, और भविष्य में माघ मेले में अनेकों वृहद स्तर के कार्य किए जाएंगे। कार्यक्रम में सर्वश्री *धीरज यादव, सुनील मिश्रा, सहदेव चौरसिया, रवि पटेल, ऋषि दीक्षित, महेश प्रसाद केसरवानी, सुनील कुशवाहा, प्रवीण तिवारी, आत्म प्रकाश यादव, दीपक गुप्ता, डॉ संगम लाल विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा, राजकुमार विश्वकर्मा, सुशील श्रीवास्तव, बब्रुवाहन सिंह, श्याम बिहारी यादव, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, डॉ प्रमोद कुमार मिश्रा, अंजलि, तुलसी तिवारी, कार्तिकेय तिवारी, दिनेश यादव, बबीता जायसवाल,सचिन,सौरभ यादव, नेता भैया, राजेन्द्र शुक्लाआदि उपस्थित रहे।

### प्रशाधन केंद्रों पर लटके रहे ताले, लोटा लेकर भटकते रहे श्रद्धालु



**झूंसी।** माघ मेले के बाहर झूंसी रेलवे ब्रिज के पास बने प्रशाधन केंद्रों पर ताले लगे होने की वजह से मौनी आमावस्या पर पूर्वाचल की ओर से आये श्रद्धालु शनिवर को शौच के लिए लोटा लेकर इधर उधर भटकाते नजर आये सब से अधिक समस्या महिलाओं के लिए बनी रही। पानी की भी व्यवस्था नही थी। मौनी अमावस्या पर पूर्वांचल की ओर से आने वाले श्रद्धालु झूंसी की ओर से मेले में प्रवेश करते है। उनके वाहन के लिए मनशैता पार्किन बनाई गई थी। कुछ गाड़िया थाने के पीछे पार्किन में थी पर किसी भी पार्किंग में न तो शौचायल की व्यवस्था थी न ही पानी का प्रबंध था। यहाँ तक की रोडवेज वर्कशाप को छोड़ कर झूंसी की ओर कहीं भी श्रद्धालुओं के लिए शौचालय व पानी का प्रबंध नहीं था। कैलाश धाम मार्ग पर रेलवे ब्रिज के पास बने तीन स्थाई प्रशाधन केंद्रों पर ताले लटक रहे थे। पानी के लिए डब्बा लेकर भटक रहे सिगरौली से आये राजाराम कुशवाहा को स्थानीय लोगो ने पानी दिया। तो वही शौचालय के लिए लोग लोटा लेकर झाडियो व सडको के किनारे जाने को मजबूत थे। मामले में नगर निगम के जोनल अधिकारी मदन गोपाल यादव का भीड़ की संभावना नहीं थी इसलिए रेलवे ब्रिज के पास शौचालय नहीं खोले गए।

### मऊआइमा के जमील अहमद बने समीक्षा अधिकारी



**मऊआइमा।** मऊआइमा के अरकम के साथ जमील अहमद भी समीक्षा अधिकारी बने(रिव्यू अफसर) जिससे परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। मऊआइमा के गढचम्पा मलखानपुर गांव निवासी सब्बीर अहमद का पुत्र जमील अहमद ने यूपी सर्विस कमीशन प्रयागराज द्वारा शनिवार को घोषित परिणाम में जमील अहमद समीक्षा अधिकारी के पद पर चयन हुआ है। जमील अहमद के परिवार में जैसे इसकी खबर लगी परिवार में हर्ष व्याप्त हो गया। जमील अहमद शादीशुदा हैं । चार भाईयों में सबसे बडे हैं पिता सब्बीर अहमद प्रतापगढ़ शहर में एक मदरसे में प्रधानाचार्य हैं। जमील अहमद के परिवार के अन्य सदस्य शिक्षा ग्रहण कर रहा है एक भाई एम बीबीएस की शिक्षा ग्रहण कर रहा है। जमील अहमद के समीक्षा अधिकारी के पद पर चयन होने पर सहपाठी आरिफ ,शहरुख खान,दिलशाद राईन ,के अलावा पूर्व चेयरमैन शोएब अंसारी , नूर उद्दीन सैफी, मेराज आरिफ ,उमैर जलाल ,,डाक्टर हमीद ,हफीज उल्ला, अब्दुल वहाब, मोबीन, आब्दुल रहमान आदि ने बधाई दी है।

### कुशगढ शिव मंदिर में चलाया स्वच्छता अभियान



**करछना।** तहसील क्षेत्र के चर्चित एवं प्राचीन शिव मंदिर कुशगढ में विगत परंपरा के अनुसार मां सेवा संस्थान के सदस्यों द्वारा मंदिर परिसर एवं प्रांगण पर कार्यकताओं ने स्वच्छता अभियान चलाकर मंदिर परिसर की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा तथा वही श्रद्धालुओं ने समाजसेवी सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए सदस्यों को इस पुनीत कार्य के लिए सराहना की माँ सेवा संस्थान परिवार द्वारा शामिल अभियान में जिसमें विनायक पण्डित अध्यक्ष मां सेवा संस्थान एवं संस्थान के पदाधिकारी कन्हैया तिवारी, डिएम मिश्रा, चंद्र प्रकाश मिश्रा, नवीन केसरवानी, रोहित कुमार सभी सदस्यों ने भाग लिया।



## मेला प्रभारी अरैल धर्मेंद्र यादव ने चलाया स्वच्छता अभियान

**करछना।** मौनी अमावस्या के पावन पर्व को देखते हुए 1 दिन पहले से ही चमकाए गए सभी स्नान घाट साफ-सफाई का रखा गया विशेष ध्यान प्रयागराज जिले के अंतर्गत अरैल माघ मेला क्षेत्र में प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार यादव द्वारा साफ सफाई एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखते हुए सभी स्थान घाट को साफ करवाया गया धर्मेंद्र कुमार यादव अपनी पूरी सफाई कर्मियों की टीम के साथ रात से ही घाटों पर डटे रहे और घाट के साथ-साथ मेला क्षेत्र को भी साफ करवाया गया ताकि आए हुए श्रद्धालुओं को स्नान करने और पूजा पाठ करने में कोई दिक्कत नहीं साथ ही साथ सुरक्षा व्यवस्था का भी विशेष ध्यान रखा गया और स्नान पर्व खत्म होने के बाद पुनः सभी घाटों को साफ करवाया गया जिसकी प्रशंसा श्रद्धालुओं के साथ-साथ स्थानीय लोगों और क्षेत्र में मौजूद सभी अधिकारियों ने की बताया जाता है कि मौनी अमावस्या के पर्व पर करीब लाखों लोगों ने अरैल घाट पर डुबकी लगाई घाटों पर कोविड- डेस्क लगवा कर सभी श्रद्धालुओं का करोना जांच कर मास्क एवं सैनिटाइजर का भी वितरण किया गया धर्मेंद्र यादव ने बताया कि हर साल की भांति इस साल भी वह अपना काम पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ कर रहे हैं और अगर क्षेत्र में आए हुए सभी श्रद्धालु उनके लिए मेहमान स्वरूप है और मेहमानों को कोई दिक्कत ना होने पाए इस बात का पूरा ख्याल रखा जाएगा रात करीब 3:00 बजे तक धर्मेंद्र यादव पैदल गस्त करके घाट का निरीक्षण करते रहे और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते रहे।

# 'सिलेंडर खड़ा और गैस चूल्हा प्लेटफार्म पर ही रखें'




अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** खाना बनाते समय गैस चूल्हा हमेशा ऊंचाई पर अर्थात प्लेटफार्म पर रखें और सिलेंडर को खड़ा रखें। यह जानकार सेफ्टी क्लीनिक में आकाश भारत गैस की तरफ से उपभोक्ताओं को दी गई।

प्राथमिक विद्यालय छिपिया अभयपुर में आकाश भारत गैस के सेफ्टी क्लीनिक कार्यक्रम में नंद कुमार यादव ने उपभोक्ताओं को बताया गया कि गैस सिलेंडर लेते समय सिलेंडर के वाल्व और रिसाव की जांच करवाएं, इसके अलावा वजन भी करवाएं। आकाश भारत गैस की सेफ्टी क्लीनिक में उपभोक्ताओं को बताया गया कि दो साल में एक बार चूल्हा और गैस पाइप की अनिवार्य रूप से जांच करवाएं। इसके लिए गैस एजेंसी के मैकेनिक से ही सुविधा प्राप्त करें। घर में यदि कभी भी गैस की गंध या रिसाव महसूस हो तो गैस का रेगुलेटर तुरंत बन्द कर दें। बिजली के उपकरणों को आन-ऑफ न करें। कमरे के खिड़की और दरवाजे खोल दें।इसके अतिरिक्त खाना बनाते समय चूल्हे पर रखे बर्तन को उतारने के लिए साड़ी के पल्लू या दुपट्टे का इस्तेमाल न करें, साथ ही प्रत्येक 5 वर्ष में सुरक्षा होज अवश्य बदलें। यदि चूल्हे में किसी प्रकार की समस्या हो तो उसमें खुद मरम्मत का काम न करें। किसी भी तरह की दिक्कत या समस्या महसूस होने पर तत्काल अपने वितरक या फिर 1906 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। बताते चलें कि चंद रोज पहले ही धूमनगंज थाना क्षेत्र के झलवा में गैस रिसाव की वजह से एक सिलेंडर फट गया था, जिसमें उस कमरे की छत भी ढह गई और एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी।

## ठंड लगने से चाय विक्रेता की मौत

**करछना।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुगारी मजरा गलुआबाद निवासी मोहम्मद ताहिर? पुत्र रज्जब अली कि बीती रात ठंड लगने से मौत हो गई परिजनों के मुताबिक मोहम्मद ताहिर घर के सामने सड़क की पटरी पर गोमती खोलकर चाय बेचने का कार्य करता था तथा उसी से परिजनों का भरण पोषण करता था शनिवार रात खाना खाकर सो गया सुबह ठंड से उसकी मौत हो गई जानकारी होने पर परिजनों ने पास के एक चिकित्सक के पास ले गए जिसे ठंड से मरने पर मृत घोषित कर दिया गया था बताया जाता है कि मृतक की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं रही किसी तरह ठेला लगाकर अपना जीवन यापन करता था, परिजनों ने संबंधित हल्का लेखपाल एवं तहसीलदार को ठंड से हुई मौत की जानकारी दी मदद की गुहार लगाई है।

# एमएलसी लक्ष्मण आचार्य राम कथा में उपस्थित होकर उतारी आरती और लिए आशीर्वाद




अखंड भारत संदेश

**सहसों।** सहसों बाजार में श्री राम चरित मानस सम्मेलन समिति के तत्वावधान में कथा के तीसरे दिन व्यासपीठ एवं मानस भगवान तथा मयार्दा पुरुषोत्तम के पूजन के उपरांत कथा व्यास साध्वी माता अन्नपूर्णा जी ने परमात्मा द्वारा सेबरी को नवधा भक्ति की सुंदर प्रसंग श्रवण कराते हुए बताया कि सेवरी बाल्यावस्था से ही गुरु के आशीर्वाद से भगवान को नित्य प्रतिदिन भक्ति भजन करते हुए समय आने पर भगवान ने भिलनी सेवरी को दर्शन दिया और माता पुत्र के संबंध की भांति भगवान राम ने सेवरी के सिर को अपने गोद में लेते हुए नवधा भक्ति प्रदान कर अपनी शरण में ले लिया। उन्होंने कहा भगवान ने हस्तिनापुर नरेश के अहंकार का नास करते हुए प्रेम पूर्वक काका विदुर व काकी विदुरानी के हाथ से साग खाकर दोनों को अपनी अनन्य भक्ति प्रेम के साथ प्रदान किया। कथा व्यास ने कहा कि हर मनुष्य को रामकथा से सीख लेते हुए अपने सांसारिक जीवन में उनका पालन करते हुए प्रभु की भक्ति में लीन होकर अपने जीवन को सफल बनाएं और प्रभु भक्ति की तल्लीनता से इस संसारिक मोह माया से यह जीव हमेशा हमेशा के लिए मुक्त हो जाए। उन्होंने राम और भाई भरत के प्रेम भक्ति की कथा सुनाते हुए बताया कि हर मनुष्य को अपने जीवन को कृतार्थ करने के लिए एवं भगवान की शरण में पहुंचने के लिए एवं इस जीवन की सुगमता के लिए ,,ओम नमो भगवते वासुदेवाय,, मंत्र का जाप अवश्य करना चाहिए। सुंदर प्रसंग के दौरान कथा में ,,सांसो का क्या भरोसा रुक जाए चलते चलते।। एवं ,, माई तोहरे दुधवा जैसी मिठाई नाहीं बा।। सुंदर भजन सुनकर पंडाल में उपस्थित श्रोता भक्त नारी झूमते हुए कथा का आनंद लिए और मंत्रमुग्ध हो गए। माता अन्नपूर्णा देवी ने कथा के दौरान कहा कि मनुष्य को भक्त प्रहलाद, हनुमान, सेबरी और नारद की तरह तथा मनु शतरूपा की तरह तपस्या करते रहे केवल अस्थियां बची थी परंतु सांसो के द्वारा प्रभु को याद किया प्रसन्न होकर वर प्रदान किया। उन्होंने कहा सांसारिक भोग, सुख, व्यवस्था सब व्यर्थ है असली सुख तो उस परमात्मा भगवान के चरणों में है उनके हृदय में भक्ति के साथ भजन करिए जिसे परमात्मा के शरण में सदमार्ग बन सके। कथा के पश्चात भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य लक्ष्मण आचार्य ने व्यासपीठ, मानस भगवान एवं भगवान श्री राम की आरती उतार कर कथा व्यास साध्वी माता अन्नपूर्णा जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मनुष्य का कर्तव्य है कि परमात्मा के शरण में जाने के लिए रामकथा सुने, यही भक्ति का मार्ग दिखा सकती है। कथा तो ऐसी है हर प्रकार की व्यथा को दूर करती है। इस अवसर पर आशीष केसरवानी, राजेंद्र केसरवानी, संजय सिंह , सास्वत अशोक तिवारी, अमन मिश्रा, बलराम सिंह, चंद्रेश केसरवानी, अजय केसरवानी, शिवाकांत तिवारी, विमल कुमार शुक्ला, अशोक केसरवानी, राजकुमार सिंह एवं समिति के सभी सदस्य तथा भारी संख्या में श्रोता भक्त उपस्थित होकर कथा का रसपान किया।

# महुलिया गांव में हुआ कंबल का वितरण



अखंड भारत संदेश

**फूलपुर।** असहाय व जरूरतमंदों की मदद करना एक पुनीत कार्य है। हर ब्यक्ति को अपनी सामर्थ्य के अनुसार समाज में रहने वाले असहायों व जरूरतमंदों की मदद करना चाहिए। यह बातें रविवार को महुलिया गांव में गरीबों एवं विधवा महिलाओं को कंबल वितरित करते हुए ग्राम प्रधान रविशंकर सिंह यादव ने कही। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा करने की प्रेरणा उन्हें अपने दादा स्व० दीनानाथ यादव की प्रेरणा से मिली। गांव का मुखिया रहते हुए उन्होंने समाज को एक सूत्र में बांधने का काम किया था। वहीं कमला शंकर यादव ने कहा कि वो समय- समय पर गरीबों की मदद करते रहेंगे। इस दौरान रामदुलारी, श्याम कली, बबनी, प्रमिला केवला देवी सहित सैकड़ों विधवा व वृद्धजनों को कंबल वितरित किया गया। मौके पर राकेश यादव, नरेंद्र गौतम, आशाराम यादव के साथ ही अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# जिलापंचायत अध्यक्ष की गाड़ी ने न्यायमूर्ति की गाड़ी में मारी टक्कर, जिप्सी पलटी दो सिपाही घायल

**खबर संक्षेप**

## गर्ल्स हॉस्टल में छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

**कमरे से बरामद हुई डिप्रेशन की गोलियां**

**प्रयागराज।** कर्नलगंज के छोटा बघाड़ा में रहने वाली आईआईआरटी की छात्रा साक्षी मद्धेशिया (20) ने फांसी लगाकर जान दे दी। सुबह उसका शव गर्ल्स हॉस्टल के कमरे में फंदे पर लटका मिला। उसने रात में मां से बात की थी। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। हालांकि अवसाद की दवाएं मिली हैं। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि उसने अवसाद के चलते यह कदम उठाया।साक्षी पुत्री अनिल प्रसाद आईआईआरटी में पॉलिटेक्निक द्वितीय वर्ष की छात्रा थी। वह मूल रूप से बुड़बेडवा थाना विंडमगंज जनपद मिर्जापुर की रहने वाली थी। शहर में छोटा बघाड़ा के रामप्रिया रोड स्थित शास्त्री गर्ल्स पीजी हॉस्टल में रहती थी। पुलिस के मुताबिक, रविवार सुबह पांच बजे के करीब मां ने फोन किया लेकिन उसने कॉल रिसीव नहीं की।मां ने बगल में रहने वाली सहेली को बताया तो उसने कई बार आवाज लगाई लेकिन दरवाजा नहीं खुला। इस पर उसने सोचा कि वह सो रही होगी। सुबह 10 बजे के करीब मां ने फिर फोन किया लेकिन इस बार भी कॉल रिसीव नहीं हुई। मां ने इसकी जानकारी दी तो सहेली फिर उसे बुलाने पहुंची। कई बार आवाज देने पर भी जवाब नहीं मिला तो उसने हॉस्टल में रहने वाली अन्य छात्राओं को जानकारी दी। किसी तरह खिड़की से भीतर झांका गया तो साक्षी फंदे पर लटकी मिली।सूचना पर पहुंची पुलिस कुंडी तोड़कर भीतर पहुंची और परिजनों को जानकारी देकर शव फंदे से उतारा। मौके से कोई सुसाइड नोट तो नहीं मिला लेकिन काफी दवाएं मिलीं।

**अखंड भारत संदेश**

**हनुमानगंज।** प्रयागराज से वाराणसी जा रहे एक न्यायमूर्ति सरायइनायत थाना क्षेत्र के देवकली गांव के सामने हादसे का शिकार हो गये। सामने से आ रही गाड़ी में उनकी सुरक्षा में चल रही जिप्सी को टक्कर मार दी जिससे जिप्सी पलट गई महिला सिपाही समेत दो सिपाही जख्मी हो गए। कार चालक ने न्यायमूर्ति की गाड़ी को भी टक्कर मार दी। गनीमत रही कि न्यायमूर्ति बाल-बाल बच गये। पुलिस ने आरोपी कार चालक को पकड़ लिया है। रविवार की सुबह 7 बजे के हाईकोर्ट के एक जज परिवार के साथ प्रयागराज से वाराणसी जा रहे थे। सरायइनायत देवकली गांव के सामने एक बस को ओवरटेक करते हुए सामने से आ रही गाजीपुर जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह निवासी सैदपुर की कार पुलिस जिप्सी को टक्कर मारते हुए जज की गाड़ी से भी टकरा गई। टक्कर लगने से जिप्सी जीटी रोड चौड़ीकरण के लिए खोदे गए गड्ढे में जाकर पलट गई। जिप्सी में बैठी सिपाही सुनीता यादव (25) तथा चालक राम निवास (53) घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही तत्काल सरायइनायत थानाध्यक्ष अरविंद कुमार राय एंबुलेंस के साथ मौके पर पहुंचे तथा घायलों को अस्पताल भेजा। हाईकोर्ट के न्यायाधीश व उनका परिवार सुरक्षित है।



## मेजा में ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**रेलवे ट्रैक पार करते समय हुआ हादसा, एक हफ्ते पहले परदेश से लौटकर आया था युवक**

**मेजा रोड।** मांडा थाना क्षेत्र के भारतगंज का रहने वाला एक युवक रेलवे ट्रैक पार करते वक्त ट्रेन की चपेट में आ गया। इससे युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भयावह रहा कि शव के परखच्चे तक उड़ गए। घटना को लेकर स्वजनों का रो रोकर बुरा हाल हो है। उधर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शहर भेज दिया है।मांडा थाना क्षेत्र के भारतगंज नगर पंचायत के गाड़ीवान मोहल्ला निवासी मोहम्मद आदिक उम्र 22 वर्ष मुम्बई स्थित प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी में कार्य करता था। बीते एक सप्ताह पूर्व वह अपने घर आया था। माता पिता भी बेटे को देख काफी प्रफुल्लित थे।


**घर से सामान लेने निकला था मृतक :** वह आज घर से बाजार समान लेने के लिए निकला था। न जाने कैसे वह मांडा रोड़ रेलवे स्टेशन पहुँच गया। अभी वह रेलवे ट्रैक पार ही कर रहा था कि अचानक ट्रेन की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भयावह रहा कि शव के परखच्चे उड़ गए। आसपास के लोगो मे खलबली मच गई। रेलवे पुलिस ने शव की शिनाख्त कर स्वजनों को जानकारी दी।



**पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया शव :** उक्त सूचना पर रोते बिलखते स्वजन घटनास्थल पर पहुंचे। स्वजनों की चीख पुकार सुनकर लोगो की आँखें नम हो गई। वहीं रेलवे पुलिस मांडा बीत प्रभारी भारत भूषण ने जानकारी देते हुए बताया कि घटना की स्पष्ट पुष्टि अभी तक नही हो पाई है। फिलहाल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**न्यूज झरोखा**

## नए यमुना पुल पर बस ने कार में मारी टक्कर, दंपति समेत बेटा घायल



**प्रयागराज।** नैनी को जोड़ने वाले नए यमुना पुल पर रविवार की देर शाम एक तेज रफ्तार बस ने कार में टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार पति पत्नी और उनका नौ साल का बेटा घायल हो गए। तीनों की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना में कार में सवार उनकी बेटी सुरक्षित बच गई है। घायलों को उपचार के लिए एसआरएन अस्पताल भेजा गया है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। हादसे के बाद पुल पर कुछ देर के लिए जाम लग गया। पुलिस ने ट्रक में फंसे कार को क्रेन से अलग किया। इसके बाद आवागमन बहाल हो सका। टक्कर से कार के परखच्चे उड़ गए हैं।

## अधिवक्ता के अपहरण की ड्रोन कैमरे से तलाशती पुलिस



**करछना।** जिला कचेहरी से घर वापस जा रहे अधिवक्ता का करछना थाना क्षेत्र के अंतर्गत पनासा गांव के पास लावारिस हालत में बाइक बैग और मोबाइल मिलने से हड़कंप मचा रहा। बाद मे अपहरण की आशंका की जा रही है तो वहीं दूसरी ओर अछोला मांडा के वकील आशुतोष द्विवेदी पुत्र अश्विनी द्विवेदी के परिजनो की तरफ से आपसी रंजिश में अपहरण की आशंका जाहिर करते हुए करछना थाने पर मुकदमा दर्ज करा दिया है। जिसके बाद से ही आलाधिकारियों के नेतृत्व में अपर पुलिस उपायुक्त क्राइम ब्रांच सतीश चंद्र के निर्देशन में टीमें अधिवक्ता की तलाश कर रही है तो दुसरी तरफ अपहरण की आशंका पर तीसरे दिन करछना पुलिस ने ड्रोन कैमरे की मदद से घटनास्थल के आसपास नालों और पास की झाड़ियों में लगभग चार घंटे तक तलास करती रही लेकिन कोई सुराग अभी तक नही लग सका जिससे परिजनो मे मायूसी छाई है।

## मेलाधिकारी के आश्वासन पर माने मौनी बाबा, अनशन खत्म



**प्रयागराज।** मौनी अमावस्या पर चक्रवर्ती दंडवत परिक्रमा पर प्रशासन के द्वारा रोक लगा ए से नाराज होकर अनशन पर बैठे स्वामी अभय चैतन्य फलाहारी मौनी जी महाराज का अनशन रविवार को समाप्त हो गया। मेलाधिकारी ने पत्र भेजकर आगामी वर्षों में उनकी परिक्रमा को भीड़ प्रबंधन के मद्देनजर अनुमति देकर निर्विघ्न संपन्न कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद 24 घंटे से अनशन पर बैठे मौनी बाबा का अनशन समाप्त हो गया।माघ मेले में मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर शनिवार को राष्ट्र रक्षा के लिए निकाली जाने वाली चक्रवर्ती दंडवत परिक्रमा पर पुलिस ने रोक लगा दी थी। परिक्रमा खंडित होने के विरोध में अभय चैतन्य ब्रह्मचारी मौनी बाबा अन्न-जल त्याग कर अनशन पर बैठ गए थे। रविवार को मेलाधिकारी अरविंद चौहान ने आगामी वर्षों में उनकी चक्रवर्ती दंडवत परिक्रमा को निर्विघ्न पूरा कराने का आश्वासन दिया। इस संबंध में उन्होंने लिखित पत्र भेजा। इसके बाद उनका अनशन समाप्त हो गया।

## निकली श्रदालुओ की भीड़ तो लगने लगा जाम



**झूंसी।** मौनी अमावस्या के दूसरे दिन झूंसी की ओर वाराणसी प्रयागराज मार्ग पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ निकलती रही जिसकी वजह से शास्त्री ब्रिज के पास पूरे दिन रह रह कर जाम लगता रहा तो वही ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मी आवागमन सुचारू कराते रहे। मौनी अमावस्या के दूसरे दिन डुबकी लगाने के बाद ट्रेन व बसो से पूर्वांचल की ओर से आये स्नानार्थी अपने कुनबे के साथ रविवार को घर जाने के लिए पूरे दिन मेले से झूंसी की ओर निकल रहे थे। जिसकी वजह से रह रह कर जीटी रोड पर शास्त्री पुल के पास दोनों लेन पर जाम लग जा रहा था। देवघर बिहार से आये गुलाब राय ने बताया कि वह 29 लोग के साथ ट्रेन से आये थे। मौनी अमावस्या पर भारी भीड़ की वजह से वह संगम तक नहीं पहुंच पाए थे आज वह अपने कुनबे के साथ संगम में स्नान करने के बाद घर जा रहे हैं।

## सोरांव ब्लॉक के बाहर सराय में संपन्न हुई बाल प्रतियोगिता, पुरस्कार वितरण 26 जनवरी को



**सोरांव।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोरांव ब्लॉक के ग्राम सभा बाहर सराय में प्रधान पति राम गणेश मौर्या की अध्यक्षता में ग्रामीण बच्चों की एक बाल प्रतियोगिता कराई गई। इस प्रतियोगिता में गांव के ही दर्जा 3 से दर्जा 8 तक में पढ़ने वाले बच्चों ने भाग लिया। इतना ही नहीं यह प्रतियोगिता विगत कई वर्षों से ग्राम पंचायत में कराई जाती है। प्रतियोगिता के बाद अध्यक्ष के निगरानी में अध्यापकों का चयन किया जाता है। चयनित अध्यापकों द्वारा निष्पक्षता पूर्वक और पारदर्शी ढंग से प्रतियोगी बच्चों की कॉपियों का मूल्यांकन कराया जाता है। मूल्यांकन के पश्चात सभी बच्चों को पुरस्कार वितरण करके सम्मानित किया जाता है। इसी बात को लेकर रविवार को महाबली कल्याण समिति के प्रबंधक दिनेश कुमार व अध्यक्ष तथा प्रधान पति राम गणेश मौर्य व ग्राम प्रधान मनोरमा देवी तथा कोषाध्यक्ष अजय कुमार के देखरेख में बल प्रतियोगिता संपन्न की गई। यह प्रतियोगिता सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक कराई गई। अध्यक्ष राम गणेश का कहना है कि उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के पश्चात सभी बच्चों का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम 26 जनवरी को कराया जाएगा जिससे बच्चों के अंदर पढ़ने की ललक व लगन पैदा हो। तथा प्रधान पति ने कहा कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पियेगा वही दहाड़ेगा।

# अभिनय द्वारा बहुजन संस्कृति को पुनर्स्थापित करते दिखे बाल कलाकार

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुआ बहुजन बाल रंग कार्यशाला का समापन



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रबुद्ध फाउंडेशन, देवपती मेमोरियल ट्रस्ट, डा. अम्बेडकर वेलफेयर एसोसिएशन (दावा), राष्ट्रीय शिशु विद्यालय और बाबासाहेब शादी डाट काम के संयुक्त तत्वाधान में मम्फोर्डगंज स्थित राष्ट्रीय शिशु विद्यालय में सात से सत्रह आयु वर्ग के बच्चों के सृजनात्मक, कलात्मक और व्यक्तित्व विकास के लिये बीस जनवरी से संचालित द्वितीय शीतकालीन बहुजन बाल रंग कार्यशाला का समापन दर्जनों नृत्य, नाटक व गायन की प्रस्तुतियों के साथ उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के प्रेक्षागृह में किया गया। कार्यशाला के समापन पर सर्वप्रथम बच्चों ने कबीरा कहे ये जग अंधा, बुद्धं शरणं गच्छामि, भगवान बुद्ध की ज्योति अमर, तेरी आरती उतारू रे, काल चक्र के आगे आगे, मुझे दुश्मन के बच्चों को पढ़ना है, बेटियों को बचा लो, साथी हाथ बढ़ाना जैसी आधा दर्जन से अधिक नृत्य नाटिकाओं व गीतों की प्रस्तुतियां देकर बच्चों ने दर्शकों को भाव विभोर कर दिया तो वहीं दूसरी ओर अंगुलिमाल, महादानी राजा बलि, पाखंड, एक कड़वा सच, परिवर्तन की बात, अली बाबा और चालीस चोर और आदिमानव की संस्कृति जैसी आधा दर्जन से अधिक लघु नाटकों की प्रस्तुतियों से बहुजन समाज को एक बार पुनः बहुजन साहित्य, कला और संस्कृति के साथ-साथ बहुजन रंगमंच को पुनर्स्थापित करने के साथ अपनी खोई हुई बहुजन संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन और उसके विकास के साथ-साथ बहुजन समाज की विलुप्त हुई विरासत को प्राप्त कर हुक्मरान व शासक कौम बनाने की बात करती दिखी। कार्यशाला का निर्देशन प्रबुद्ध फाउंडेशन के प्रबंधक/ सचिव रंगकर्मी आईपी रामबृज द्वारा किया गया। नृत्य, नाटक व गायन में जिज्ञासा पटेल, प्रियंका, रीत सिंह, सिमरन कश्यप, नैना यादव, तनु जयसवाल, अंबिका, सुनैना यादव, महक, निधि कश्यप, आयुषी, खुशबू, प्रियांशी, नेहा, लव सिंह, अंशु पाल, अनुपम शर्मा, अभिषेक पाल, ग्रंथ केसरवानी, अमन भारतीया, मोहित, अंकित पाल, हर्ष वर्मा, शिवम सरोज, कार्तिक पाल, पुष्पेन्द्र पाल, शुभ केसरवानी, अंश, सगुन जयसवाल, पूर्वी गौड़, सांध्य पटेल, तनु सिंह, पूर्वी केसरवानी, साक्षी शर्मा, आयुषी कनौजिया, गौरी गौतम, अंशिका शर्मा, ऐंजल केसरवानी, सुरभी केसरवानी, सोनाली पाल, चाहत, मानशी जायसवाल, अंशिका पटेल, शालू कुमारी आदि बच्चों ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया।






# लायन्स क्लब इंटरनेशनल मंडल द्वारा केपी बॉयज इंटर कॉलेज के सभागार में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**सुममयी संध्या : सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न**

**प्रयागराज।** लायन्स क्लब इंटरनेशनल मंडल 321ई ने केपी ब्वायेज इंटर कालेज के सभागार में रंगारंग कार्यक्रम सुरमयी संध्या प्रस्तुत किया ,जिसके मुख्य अतिथि माननीय मण्डलाध्यक्ष श्री सौरभ कान्त और के पी ब्वायेज इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ योगेन्द्र सिंह, संयोजिका सांस्कृतिक चेयर पर्सन अरुणा अस्थाना एवम् अन्य अतिथियों ने मिलकर दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन लाइन सुधा बहादुर एवं लाइन अल्पना राय ने किया।अरुणा अस्थाना ने सभी अतिथियों का स्वागत किया ।गणेश वंदना , अवनि पांडे के शिव स्तुति से वातावरण निर्मल हो गया ।सुप्रभात एवम् राज अंध विद्यालय के विशिष्ट बच्चो के कार्यक्रम व गीत ने सबका मन मोह लिया।एंजेल्स क्लब की सदस्याओ द्वारा एक सुंदर भाव गीत प्रस्तुत किया। केपी विद्यालय के बच्चों द्वारा देशभक्ति के गीत और नृत्य प्रस्तुत किए गए। अंत में अर्ली फाइव क्लब पुरस्कृत किए गए। हस्तकला एवं मॉडल्स की प्रदर्शनी भी लगाई गई विभिन्न विद्यालयों के द्वारा ।सभी बच्चों को पार्टिसिपेशन के लिए प्रमाण पत्र और विद्यालयों को सहभागिता के लिए स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया अंत में मंडल अध्यक्ष लाइन सौरभ कांत और अजय मल्होत्रा जी ने आशीर्वचन से सब सभागार को संबोधित किया पुष्पांजलि एवं कर्पमिनी ने गीत प्रस्तुत किया लाना राय ने धन्यवाद ज्ञापन कि के साथ कार्यक्रम का समापन किया। इस कार्यक्रम में प्रयागराज की सभी लाइन मेंबर वहां मौजूद रहे।

# भारतीय पत्रकार संघ की नई कार्यकारणी का हुआ गठन

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा रोड।** भारतीय पत्रकार संघ की मजबूती एकजुटता एवं पत्रकार हित के दृष्टिगत जिला व तहसील इकाई स्तर पर पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से मनोनयन कर नई कार्यकारिणी का गठन रविवार को मेजा तहसील परिसर मे संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश चंद्र द्विवेदी की उपस्थिति मे किया गया ।जहां संघ से जुड़े राष्ट्रीय, प्रदेश,जिला व तहसील इकाई के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे ।जहां संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजबहादुर श्रीवास्तव के प्रस्ताव पर प्रदेश के संग़ठन मंत्री जय प्रकाश द्विवेदी के अनुमोदन पर मेजा तहसील इकाई व जिला इकाई के पदाधिकारियों के नाम की घोषणा की गई ।जिसमें आशीष शुक्ल को तहसील इकाई मेजा का अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष एवं चंद्रमा प्रसाद को वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील दुबे को उपाध्यक्ष अतुल तिवारी को महामंत्री कमल नारायण पांडेय को संगठन मंत्री पंकज गुप्ता को संयुक्त मंत्री तहसील संरक्षक प्रभाकर श्रीवास्तव विधिक सलाहकार विपिन कुमार तिवारी को पद का दायित्व सौंपा गया ।वहीं नीरज मिश्र को जिलाध्यक्ष व संजय शुक्ल को जिलाध्यक्ष यमुनापार व वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष व मुकेश उपाध्याय को जिला महामंत्री का पदभार सौंपा गया ।भारतीय पत्रकार संघ के पदाधिकारियों के चुनाव के दौरान संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश चंद्र द्विवेदी ने उपस्थित पत्रकारों से गरिमा अनुरूप निष्ठापूर्वक, निष्पक्षता, निर्भीकता व ईमानदारी के साथ समाचार संकलन करने की बात कही गई ।जहां प्रदेश के संगठन मंत्री जय प्रकाश द्विवेदी ने पत्रकारों से समाज मे अपने गरिमा को बनाऐ रखने की अपील करते हुऐ कहा कि पत्रकार ईमानदारी से कार्य करते रहे यदि उन्हें इसमें मे कोई समस्या उत्पन्न होती है तो संगठन हमेशा उनके साथ खड़ा है ।जिलाध्यक्ष नीरज मिश्र ने कहा कि वह स्वयं एवं संगठन हमेशा पत्रकार हित मे तत्पर है,कभी समाचार संकलन को लेकर यदि कभी कोई समस्या उत्पन्न होती है तो उसे संज्ञान मे लाया जाना चाहिऐ जिससे उस समस्या का त्वरित रूप से निराकरण हो सके। बैठक मे राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश चंद्र द्विवेदी कार्यवाहक राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण कुमार द्विवेदी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजबहादुर श्रीवास्तव प्रदेश संगठन मंत्री जय प्रकाश द्विवेदी जिलाध्यक्ष नीरज मिश्र जिलाध्यक्ष यमुनापार व वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष संजय शुक्ल जिला महामंत्री मुकेश उपाध्याय तहसील अध्यक्ष मेजा आशीष शुक्ल चंद्रमा प्रसाद सुशील दुबे अतुल तिवारी कमल नारायण पांडेय पंकज गुप्ता प्रभाकर श्रीवास्तव नितिन तिवारी भोला नाथ शुक्ल विकास द्विवेदी बृजेश कुमार पांडेय सहित काफी संख्या मे इलेक्ट्रॉनिक व प्रिंट मीडिया से जुड़े पत्रकार उपस्थित रहे।




## माह में दो दिन बंदियों के बीच जाएंगे मनोचिकित्सक

**प्रयागराज।** जनपद में लगातार मानसिक स्वास्थ्य को लेकर विभिन स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम किये जाते हैं। अब नैनी जेल के बंदियों के बीचमनोचिकित्सक और मनोवैज्ञानिकों की टीम पहुंचेगी। प्रत्येक माह दो दिन नैनी जेल में मानसिक स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन को लेकर बंदियों को जागरूक किया जाएगा। ग्रुप थेरेपी के जरिए उन्हें मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के बारे में बताया जाएगा। रविवार को जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम नोडल अधिकारी डॉ. राजेश कुमार के नेतृत्व में केंद्रीय कारागार, नैनी में पहुंची थी, यहां बंदियों को मन से स्वस्थ रहने पर फोकस किया गया। काल्विन अस्पताल के मनोचिकित्सक डॉ. राकेश कुमार पासवान द्वारा जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम द्वारा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों में दवाइयों की अहम भूमिका पर चर्चा की गई। उन्होंन बताया गया कि दवाइयों से मानसिक परेशानी से ग्रसित व्यक्ति जब ठीक होता है, तो दवाइयां छोड़ देता है, जिसके कारण उसके अंदर लक्षण दुबारा से जन्म लेते हैं इसीलिए दवाइयां भी मानसिक परेशानी के लिए महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। वरिष्ठ जेल अधीक्षक शशिकांत सिंह ने सभी के प्रति आभार जताया।

# विधायक के भगीरथ प्रयासों से बेलवानिया माइनर का 40सालों का सूखा खत्म

## साल के अंत तक पानी आने की उम्मीद, सैकड़ों गांव के किसानों के चेहरे पर खुशी की लहर, अखंड भारत संदेश ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था खबर

**डा.शमीम**



**पसना।** आज से लगभग 40 वर्ष पूर्व बनी बेलवानियां व बदौआ माईनरों की खुदाई के बाद सूखा ही छोड़ दिया गया था जिनमें काफी वर्षों बाद कुछ किलोमीटर तक पानी आया था लेकिन अधिकतर जमीन सिंचाई के लिए तरसती ही रह गई। इस संबंध में दैनिक अखंड भारत संदेश ने अपने 27 फरवरी 22 के अंक में प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशन के बाद से ही दुबारा चुनकर विधानसभा पहुंचे कोरांव के जनप्रिय विधायक राजमणि कोल जी इन गांव के किसानों एवं क्षेत्रीय विकास के हित में शासन से वार्ता कर बेलवानियां एवम् बदौआ माईनरों का जीर्णोद्धार कर पानी लाने का भगीरथ प्रयास शुरू किए, जिसके परिणाम स्वरूप बेलवानियां माइनर के 22.2 किलोमीटर पुनरुद्धार हेतु 2.5 करोड़ तथा बदौआ माइनर के 4 किलोमीटर पुनरुद्धार हेतु 14लाख रुपए का टेंडर पास किया गया है, जिसका पुनरुद्धार कार्य तेजी से चल रहा है। विभागीय जेई के अनुसार सबसे अधिक दूरी बेलवानियां माइनर के सींकी कला गांव तक है,इस वर्ष के अंत तक इसके टेल तक पानी पहुंचा दिया जाएगा।मिजार्पुर जिले के बन विभाग के अधिकारियों ने बाण सागर नहर के निर्माण में कुछ व्यवधान पैदा किया था,जिसे विधायक के प्रयासों से सुलझा लिया गया था।क्षेत्रीय संभ्रांतजनों एवम् किसानों ने क्षेत्रीय हित में विधायक राजमणि कोल के इस सद्प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया है।

**बेलवानियां माईनर का पुनरोद्धार**



**खबर का हुआ असर**


जनप्रतिनिधि बदले, सरकारें बदली लेकिन नहीं आ सका बेलवनियां माईनर में पानी !

● 35 सालों से सूखी है नहर, हजारों एकड़ जमीन है परती

35 सालों से पानी की बाट जोहती नहर व क्रेशर प्लांटो द्वारा नहर पर कब्जा

पानी के अभाव में सूखे पड़े खेत

डॉ. शमीम

आजादी के बाद आज तक हम लोग सिंचाई हेतु नहर की खुदाई के इंतजार में थे लेकिन कोई भी जनप्रतिनिधि इस क्षेत्र की सिंचाई के लिए कोई प्रयास नहीं किया। लेकिन आज विधायक जी के प्रयासों से हम लोगों की नहर में जल्द ही पानी आने की उम्मीद है इसके लिए हम हमेशा विधायक जी के आभारी रहेंगे।अब कम से कम हमारे खेतों में भी अब अच्छी पैदावार होने की उम्मीद रहेगा। **(राम लाल सिंह किसान पसना)**



बेलवानियां माईनर में पानी आना आज तक दिवास्वप्न ही था लेकिन माननीय विधायक जी की मेहनत रंग लाई और कुछ समय बाद पत्थर में भी किसान फसल के रूप में सोना उगाना शुरू करेंगे।

**(अनिल मिश्र राज्य विधि अधिकारी उच्च न्यायालय)**




सितम्बर 2018 में मैं मा. मुख्यमंत्री जी से गोरखपुर में मिलकर इस जन समस्या के लिए प्रार्थना पत्र सौंपा था। कुछ समय बाद ही तत्सम्बन्धी अधिकारियों ने मुझसे इसके बिषय में जानकारी ली थी। विधायक जी द्वारा यह पुनीत कार्य जो हजारों परिवार तथा पशुओं के लिए जीवन दायक है।

**( आचार्य रामअनुज शास्त्री निवासी बभनपट्टी कोरांव)**



# ऊसर में अधेड़ की लाश मिलने से फैली सनसनी

## ठंड से थोड़ी राहत, न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस बढ़ा

**प्रतापगढ़।** आज ठंड से थोड़ा राहता मिली है। आज दिन भर बादल छाये रहे इसलिये ठीक से धूप नहीं निकल पाई। अपरान्ह में तो वर्षा का अनुमान लगने लगा था। दिन में लगभग दो बजे बूंदाबांदी भी हुई लेकिन वर्षा नहीं हुई। इससे जिले का न्यूनतम तापमान पांच डिग्री से बढ़कर 10 डिग्री सेल्सियस हो गया है। यही कारण था कि रात में कंपकपा देने वाली ठंड से लोगों को राहत मिली है। शनिवार को अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस था जो बादलों के कारण आज घटकर 24 डिग्री हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार जिले में पूर्वोत्तर हवाएं चल रही हैं। यदि आगामी 24 घंटे में वर्षा हुई तो ठंड बढ़ सकती है। वैसे रविवार को बादल रहने के बावजूद ठंड में थोड़ी राहत है।

## गमछे से गला दबाकर हत्या होने की आशंका



अधेड़ की लाश मिलने पर छानबीन करती पुलिस।

**अखंड भारत संदेश**

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** जेठवारा थाने की कटरा गुलाब सिंह चौकी क्षेत्र के नागा पुर गांव का निवासी कृष्ण कुमार यादव उर्फ पुल्लू उम्र 45 साल पुत्र मोहनलाल शनिवार को अपने भतीजे रोहित के साथ गांव के बगल मैदान में बच्चों के द्वारा खेले जा रहे क्रिकेट को देखने गया था। वह अक्सर दारु पीने गांव की नई बस्ती में जाया करता था। देर शाम तक वापस नहीं लौटा तो उसके भाई दिनेश यादव उसे ढूंढने के लिए गए तो उन्हें गौशाला के समीप उसकी मोटरसाइकिल पड़ी मिली, लेकिन कृष्ण कुमार का पता नहीं चल सका।

रविवार की सुबह शौच के लिए गए ग्रामीणों ने कृष्ण कुमार की लाश देखा तो घरवालों को सूचित किया। साथ ही जेठवारा पुलिस को भी सूचना दिया। घटना की जानकारी होते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई, जेठवारा पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल करते हुए शव को अपने कब्जे में लेने का प्रयास किया किंतु ग्रामीणों के विरोध के चलते संभव नहीं हो सका। थानाध्यक्ष के समझाने बुझाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा सका। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी व पुलिस उपाधीक्षक भी मौके पर पहुंचे। परिजनों के अनुसार कृष्ण कुमार के साथ क्रिकेट देखने उसका भतीजा रोहित भी गया था। पुलिस सुरागरसी में सहयोग के लिए भतीजे रोहित पुत्र दिनेश कुमार को भी थाने ले गई। मृतक के शरीर पर चोट के निशान नजर नहीं आए लेकिन गले में लिपटे गांठ लगे गमछे से आशंका है कि कृष्ण कुमार की हत्या गमछे से गला कसकर की गई है। कृष्ण कुमार की लाश मिलने की जानकारी होते ही परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई। पूरा परिवार सदमें में डूब गया। चार भाइयों में सबसे छोटा कृष्ण कुमार उर्फ पुल्लू के बीवी बच्चे नहीं थे वह अपने बड़े भाई दिनेश कुमार के साथ रहता था और खेती बाड़ी का काम करता था। फिलहाल मृतक के भतीजे ने जेठवारा थाने में हत्या की लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला शव

**अखंड भारत संदेश**

**खुदकुशी करने से पहले वीडियो बनाकर प्रेमिका को बताया जिम्मेदार**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कंधई थाना क्षेत्र में कमरे के अंदर फांसी पर झूलता मिले मिठाई विक्रेता के बेटे का सब मामले में मौत के पहले का एक वीडियो आज सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में मौत को गले लगाने वाला युवके का अपने प्रेम प्रसंग की एक कहानी सुनाता है और मौत के लिए अपनी प्रेमिका को जिम्मेदार ठहराते हुए खुदकुशी कर लिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पट्टी तहसील क्षेत्र के कंधई थाना अंतर्गत मकरा बाजार में महाकाली बंगाली मिष्ठान भंडार के संचालक आशीष पुत्र सुबल बल्लो निवासी वर्धमान पोस्ट नंदई थाना कॉलना पश्चिम बंगाल का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लटका हुआ पाया गया। सुबह जब देर तक दुकान नहीं खुली तो आसपास के लोगों ने मामले की सूचना ग्राम प्रधान पति शिवपूजन तिवारी को दी। वह मौके पर पहुंचे और दुकान के भीतर कमरे में जाकर देखा तो युवक का शव फांसी के फंदे पर लटक रहा था। प्रधान पति ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पट्टी वा कधई पुलिस मौके पर पहुंची। घटनास्थल कधई क्षेत्र में होने के कारण मगरौरा चैकी इंचार्ज ने शव को नीचे उतरवाया और पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

# शिक्षा के क्षेत्र में श्रीहर्ष पाण्डेय का योगदान अनुकरणीय: विधायक

### सद्भावना दिवस समारोह के रूप में मनी श्रीहर्ष पाण्डेय की 26वीं पुण्यतिथि

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रखर वक्ता, समाजसेवी, इंटर कॉलेज रामनगर (अठगवां) के प्रबंधक व सरपंच स्व. श्रीहर्ष पाण्डेय के 26वें पुण्य स्मृति श्रीहर्ष पाण्डेय समाजसेवा संस्थान के तत्वावधान में शहर के अजीत नगर में सद्भावना दिवस समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें स्व. पाण्डेय के व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा करने के साथ ही उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य, विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. ओ.पी. राय, उद्घाटन अतिथि पूर्व विधायक राजकुमार पाल रहे। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली कुल 11 विभूतियों का सारस्वत अभिनन्दन करने के साथ ही, संस्थान की ओर से असहाय व जरूरतमंदों को कम्बल भी बांटा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिल प्रताप त्रिपाठी प्रबन्धक व संचालन अनूप उपाध्याय अनुपम ने किया। ततपश्चात वरिष्ठ कवयित्री मीरा तिवारी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. अनूप कुमार पाण्डेय ने अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया। उद्घाटन अतिथि पूर्व विधायक



अतिथिगण का स्वागत करते आयोजकगण।

राजकुमार पाल ने कार्यक्रम को संबोधित कर औपचारिक रूप से कार्यक्रम की शुरूआत की। सद्भावना दिवस समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य ने कहा कि स्वर्गीय श्रीहर्ष पांडेय जी ने शिक्षा व समाज के लिए अपने पूरे जीवन को समर्पित किया। विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. ओ.पी. राय ने कहा कि व्यक्ति का व्यक्तित्व ही उसे समाज में अविस्मरणीय रखता है। पूर्व एडीआईओएस डॉ. दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि प्रबंधक व सरपंच रहते हुए पंडित जी ने समाज के लोगों के उत्थान के लिए बहुत कार्य किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रबन्धक अनिल प्रताप त्रिपाठी ने स्व. पाण्डेय को महामानव बताया, और कहा कि वे सदैव हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार शैलेंद्र मिश्र, विजय प्रताप त्रिपाठी, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला, चिंतामणि पाण्डेय, राज नारायण शुक्ल राजन आदि ने सम्बोधित करते हुए स्व. श्रीहर्ष पाण्डेय के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## श्री राम कथा का हुआ भव्य शुभारंभ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नया माल गोदाम रोड पश्चिमी सहोदरपुर प्रतापगढ़ में श्रीराम कथा अमृत वर्षा का आज भव्य शुभारंभ हुआ। कायज्क्रम का शुभारंभ राष्ट्रपति पुरस्कृत प्रधानाचार्य स्व0 अशोक कुमार तिवारी की धर्म पत्नी अरुण तिवारी ने किया। चिन्मय मिशन इंदौर के मुख्य आचार्य स्वामी प्रबुद्धानंद सरस्वती ने कहा कि प्रभु श्री राम का जीवन कठिनाइयों से भरा पड़ा हुआ था किंतु उन्होंने अपनी सूझबूझ और आत्मविश्वास से जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में विजय को प्राप्त किया। प्रभु श्री राम का चरित्र अनुकरणीय हैए हम सभी को उनके बताए मागज



श्रीराम कथा कहते स्वामी प्रबुद्धानंद सरस्वती।

पर चलने से ही समस्त सुखों की प्राप्ति होगी। मुख्य रूप से डॉ विकास तिवारीए मिथिलेश शुक्ला, इं विशाल नाथ तिवारी, सुनील गोयल, अभिषेक तिवारी, अरुण तिवारी, गीता मिश्रा, सुरेश तिवारी राकेश मिश्रा, विवेक ओझा, पीयूष तिवारी, ज्ञानेश तिवारी समेत सैकड़ों लोगों ने राम कथा का रसपान किया।



हथिगवां थाने में चैकीदारों को कम्बल बांटते एसपी।

## कुण्डा, महेशगंज व हथिगवां थाने का एसपी ने किया औचक निरीक्षण

### हथिगवां थाने में चैकीदारों को बांटे कम्बल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़/परियावां।** जिले के पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने कुण्डा, महेषगंज व हथिगवां थाने का औचक निरीक्षण किया। इससे थानों में हड़कंप रहा। थानों में साफ-सफाई, अभिलेखों के रखरखाव व बंदीग्रह का बारीकी से निरीक्षण किया और आवष्यक निर्देष दिये।

पुलिस अधीक्षक ने लम्बित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण का निर्देष दिया। हथिगवां थाने में पुलिस अधीक्षक ने चौकीदारों को शीतलहर से बचने के लिये कम्बल वितरित किया। कम्बल पाकर चैकीदारों में खुषी दिखाई दी। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक पष्चिमी रोहित मिश्रा व सम्बन्धित थानों के थानाध्यक्ष मौजूद रहे। बता दें कि पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल लगातार थानों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं जिससे थानों में साफ-सफाई व अभिलेखों के रखरखाव ज्यादातर थानों में दुरुस्त कर लिये गये हैं।

# जिला जज ने निर्माणधीन न्यायिक कक्षों का किया औचक निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जिला जज के औचक निरीक्षण में निमार्णाधीन न्यायिक कक्षों में प्रयुक्त की जा रही पीली ईट व खराब मोरंग को लेकर हड़कम्प मच गया। जिला जज ने अधिवक्ताओं की शिकायत पर गम्भीर कदम उठाते हुए जांच के निर्देश दिये जाने की बात कही।

वही जिला जज ने सिविल न्यायालय का भी निरीक्षण किया। जिला जज ने सिविल कोर्ट परिसर में सुलभ काम्प्लेक्स तथा अधिवक्ता शेड आदि के प्रस्तावित निर्माण कार्यो के स्थल का भी अवलोकन किया। वही संयुक्त अधिवक्ता समिति के पदाधिकारियों ने जिला जज को अधिवक्ताओं से जुड़ी समस्याओं को लेकर पांच सूत्रीय ज्ञापन भी सौपा।

जिला जज प्रदीप कुमार सिंह रविवार को अचानक लालगंज स्थिति आउट लाइन कोर्ट का निरीक्षण करने आ पहुंचें। जिला जज के साथ एडीजे प्रथम जी प्रसाद तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनोज कुमार भी निरीक्षण के दौरान मौजूद रहे।

जिला जज ने सिविल जज कुंवर दिव्यदर्शी के चेम्बर में यहां न्यायिक कार्यो की प्रगति की घण्टों समीक्षा की। इसके बाद जिला जज ने परिसर का भ्रमण कर यहां सुलभ काम्प्लेक्स तथा अधिवक्ता शेड के निर्माण कार्यो की प्रस्तावित योजना के तहत स्थल का भी जायजा लिया। जिला जज के निरीक्षण के दौरान संयुक्त अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों तथा अधिवक्ताओं ने उनसे निमार्णाधीन एडीजे तथा

### ईट व मोरंग का लिया गया सेम्पल, हड़कंप



जिला जज के निरीक्षण के दौरान ईट व मोरंग का सेम्पल कराते न्यायिक अधिकारी।

सीनियर डिवीजन सिविल जज के न्यायिक कक्ष तथा कार्यालय एवं शौचालय आदि में कार्यदायी संस्था द्वारा पीली ईट लगाये जाने व खराब मोरंग का प्रयोग किये जाने की शिकायत की। परिसर में पीली ईट डम्प देख जिला जज कार्यदायी संस्था यूपी कारपोरेशन के सहायक अभियंता राजेश कुमार वर्मा से कड़ी पूछताछ की ।

अधिवक्ताओं की शिकायत पर एडीजे प्रथम जी प्रसाद ने पीली ईट तथा खराब मोरंग की सेम्पलिंग कराकर इसे सीज करते हुए जांच प्रक्रिया शुरू की। जिला जज प्रदीप कुमार सिंह ने निर्माण में अनियमितता की शिकायत की जांच कराये जाने का अधिवक्ताओं को भरोसा दिलाया। जिला जज ने कार्यदायी संस्था से निर्माण में धीमी प्रगति पर भी नाराजगी जताते हुए इसे फरवरी माह तक पूर्ण किये जाने के कड़े निर्देश दिये। वही सिविल न्यायालय पहुंचे जिला जज को संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व रूरल बार के अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल के नेतृत्व में पांच सूत्रीय मांग पत्र भी सौपा गया। इसमें सांगीपुर थाने के वादों की लालगंज में सुनवाई किये जाने तथा लीलापुर थाना के क्षेत्राधिकार को भी लालगंज से जोड़ने व कैम्पस में सीसी कैमरा लगवाये जाने एवं अधिवक्ताओं के लिए लाइब्रेरी की मांग रखी गयी। जिला जज ने वकीलों से सिविल न्यायालय में न्यायिक कामकाज में सहयोग का आवाहन किया। ज्ञापनदाताओं में वरिष्ठ उपाध्यक्ष शहजाद अंसारी , अधिवक्ता राजेश चन्द्र तिवारी, अरूण मिश्र पिपरा, विजय यादव आदि रहे। करीब दो घण्टें तक जिला जज के निरीक्षण को लेकर हड़कम्प का माहौल बना दिखा। जिला जज के निरीक्षण की जानकारी होते ही आनन-फानन में तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह भी वहां पहुचे। न्यायिक अधिकारियों द्वारा ईट तथा मोरंग का सैम्पल लेकर उसे सीज किये जाने की कार्यवाई को लेकर कार्यदायी संस्था के चेहरे पर हवाईयां उड़नें लगी।

## जरूरमंदों को बाटा गया ठंड में कम्बल, हुई सराहना

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** ठंड में जरूरतमंद कम्बल पाकर राहत में देखे गये। लालगंज के बेलहा गांव में सेवा प्रथम फाउंडेशन की ओर से तीन दिवसीय जरूरतमंदों को कम्बल वितरण अभियान के तहत दो सौ करीब परिवारों को कम्बल बांटे गये। बेलहा समेत आस पास के गांव के गरीब और वंचित परिवार कम्बल पाकर सर्द के मौसम में खुश भी दिखे।

कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्था के अध्यक्ष कृष्ण दत्त शुक्ल एवं समाजसेविका सरला शुक्ला ने दीप प्रज्जवलन कर किया। संस्थापक अतुल शुक्ला ने कहा कि इस प्रकार के अभियान के जारिये संस्था का उद्देश्य समाज के करीब और असहाय तपके को भी सुरक्षित जीवन के जरिये मुख्य धारा से जोड़ना है। अभियान के तहत सामाजिक कार्यकताओं ने बेलहा ,कान का पुरवा , हिरउ का पुरवा, गम्भीरबाद आदि में पहुंचकर जरूरतमंदों को कम्बल बाटें। कार्यक्रम का संयोजन युवा समाजसेवी अभिनव शुक्ल ने किया। अभियान में अवशेष शुक्ल, विद्याधर शुक्ल, आलोक शुक्ल, राकेश शुक्ल, कमलेश शुक्ल, सुनील तिवारी, ज्ञान चन्द्र गुप्ता, संदीप पटेल, संतोष शुक्ल का सरहनीय योगदान दिखा। इस मौके पर रामदुलारे गौतम , बच्चा गौतम, राकेश यादव, अमरावती गुप्ता, अलीरजा, ज्ञान पति गौतम आदि रहे। इधर कम्बल वितरण कार्यक्रम को लेकर लोगों में आयोजकों के प्रति सराहना भी देखी सुनी गयी।

## रेस्क्यू टीम ने डॉल्फिन मछली को नहर से निकाला सुरक्षित

### दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद मिली सफलता, कालाकांकर गंगा नदी में छोड़ा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दो दिनों से नहर में भटकती डॉल्फिन मछली को तीसरे दिन रेस्क्यू टीम ने पहुंच कर ग्रामीणों की मदद से लगभग दो घंटे की कड़ी मशक्कत बाद सुरक्षित नहर से बाहर निकाला। उसके बाद बचाव टीम ने डॉल्फिन को गंगा नदी में छोड़ने के लिए रवाना हो गई।

स्थानीय तहसील क्षेत्र के सगरा रजबहा नहर के रायपुर तियाई के पास शुक्रवार को ग्रामीणों ने डॉल्फिन मछली को देखा तो उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया। अब यह खबर जंगल की आग की तरह चारो ओर फैल गई।देर शाम लोगो ने इसे जगन्नाथपुर के आगे पांडेय का पुरवा के पास देखा।जहां वह चढ़ाई की वजह से आगे नहीं बढ़ पा रही थी। ग्रामीणों ने वन विभाग को जानकारी दी लेकिन वहां कोई नहीं पहुंचा। उसके बाद वह दिशा बदल कर पुनः खजुरी की तरफ मुड़ गई।भटकी गंगा डॉल्फिन को ग्रामीणों ने शनिवार को सगरा सुंदरपुर के गहरी के पास नहर में देखा।कुछ ग्रामीणों ने जाल डाल कर उसे बाहर निकल लिया,लेकिन कुछ लोगो के विरोध के बाद फिर से उसे नहर में छोड़ दिया गया।अब इस हाल में वह इधर-उधर नहर में भटकती फिर रही थी। वहीं जानकारी पर शनिवार को वन विभाग समेत पुलिस प्रशासन भी मौके पर पहुंच गया। राष्ट्रीय जलीय जीव डॉल्फिन को सकुशल बाहर निकलने में असमर्थ स्थानीय प्रशासन ने लखनऊ से रेस्क्यू टीम को बुलाया। देर शाम पहुंची टीम ने रात भर हर्षपुर के पास डॉल्फिन पर नजर गड़ाए रखा। रविवार की सुबह लगभग सात बजे टीम ने ग्रामीणों की मदद से उसे बाहर निकले के लिए नहर में कूदकर जाल की सहायता से लगभग दो घंटे कड़ी मेहनत के बाद बाहर निकाला। रेस्क्यू टीम में डॉव शैलेन्द्र सिंह, वैज्ञानिक टीएस इंडिया अरुणिमा सिंह, डॉ0 सौरभ दीवान, डॉ0 सिद्देक्षण के साथ डीएफओ व रेंजर मौजूद रहे। लखनऊ से आई बचाव टीम राष्ट्रीय जलीय जीव डॉल्फिन को कालाकांकर में गंगा नदी में छोड़ने के लिए रवाना हो गई। उसके बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली।

### चुटहिल डॉल्फिन को मिली गंगा की गोद

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दो दिनों से नहर में भटकती गंगा की डॉल्फिन काफी चुटाहिल हो गई थी। नहर में झील-झंकार से गुजरने व ग्रामीणों द्वारा जाल से बाहर निकालना व फिर नहर में छोड़ने की वजह से वह कई जगह घायल हो चुकी थी। गंगा की गोद में पहुंची डॉल्फिन को पुनः अपनी दुनिया मिल गई।

## रामपुरखास होगा सर्वश्रेष्ठ विकसित क्षेत्र: प्रमोद तिवारी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्य सभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने शनिवार की देर शाम स्थानीय लालगंज ब्लाक के कई गांवों का दौरा कर क्षेत्र में विधायक आराधना मिश्रा मोना द्वारा संचालित विकास योजनाओं की प्रगति की जानकारी जुटाई। उन्होंने कार्यकताओं से भी मुलाकात कर जनता के सुख दुख में भागीदारी बनाये रखने के निर्देश दिये। वहीं सांसद प्रमोद तिवारी ने नगर में शिक्षाविद् एवं पूर्व उपप्रधानाचार्य बीपी मिश्रा के आकस्मिक निधन पर परिजनों से मिलकर संवेदना प्रकट की। श्री तिवारी ने कहा कि हिन्दी साहित्य के उन्नयन में स्वर्गीय विन्देश्वरी प्रसाद मिश्र का योगदान प्रेरणास्पद है। इसके बाद सांसद प्रमोद तिवारी ने बैजलपुर गांव पहुंचकर पूर्व प्रधान राम सिंह के पुत्र मुन्ना सिंह के निधन पर शोक जताया। अझारा वार्ड में अटल मंण्डपप में अधिवक्ता अटल बिहारी मिश्र के संयोजन में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में शामिल हुये। उन्होने कहा कि विकास की हर योजना से रामपुर खास को जोड़ते हुए इसे सर्वश्रेष्ठ विकसित क्षेत्र का दर्जा दिलाया जायेगा। वही नगर के रोडवेज डिपों के समीप राधा सदन में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में भी पहुंचकर राज्य सभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके पूर्व सांसद प्रमोद तिवारी ने सांगीपुर क्षेत्र के ननौती, मंगापुर, रानीगंज कैथौला बाजार आदि स्थानों पर भी लोगों से मुलाकात की। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी , चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, केडी मिश्रा, आशीष उपाध्याय, पूर्व प्रमुख ददन सिंह, पप्पू तिवारी, रामू मिश्रा, मुरलीधर तिवारी, दयाराम वर्मा, घनश्याम मिश्र, भास्कर मिश्र आदि रहे।

## सपाईयों ने जनेश्वर मिश्र को याद कर दी श्रद्धांजलि

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** रविवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय मीराभवन पर प्रख्यात समाजवादी चिंतक एवं दार्शनिक छोटे लोहिया श्रद्धेय जनेश्वर मिश्र की 13वीं पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित करते हुए उनके जीवन पर चर्चा कर गोष्ठी के रूप में पुण्यतिथि मनायी गयी। अध्यक्षता नि.जिलाध्यक्ष छविनाथ यादव व संचालन वरिष्ठ सपा नेता समीम खान ने किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि श्रद्धेय जनेश्वर मिश्र जी को छोटे लोहिया के नाम से जाना जाता है। जनेश्वर मिश्र जी कई बार लोकसभा व राज्यसभा के सदस्य रहे। उन्होने मोरारजी देसाई, चैधरी चरण सिंह, विश्वनाथ प्रताप सिंह, चन्द्रशेखर, एच डी देवगौड़ा और इंद्रकुमार गुजराल के मंत्रिमण्डलों में काम किया। सात बार केन्द्रीय मंत्री रहने के बाद भी उनके पास न अपनी गाड़ी थी और न ही बंगला था। इनके नाम पर लखनऊ में एशिया का सबसे बड़ा सुन्दर पार्क सपा प्रमुख मुलायम सिंह यादव जी के प्रेरणा से उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जी द्वारा निर्माण कराया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक नागेंद्र सिंह यादव मुन्ना यादव, आशुतोष पाण्डेय, रमाशंकर यादव, विनय प्रताप सिंह, पं.करोड़ीमल शर्मा, यशवर्धन सिंह, सफात अहमद, विनोद यादव, रमेश पाठक, कृष्ण कुमार पटेल, सुरेंद्र कुमार सरोज सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मंझनपुर में मनाई जाएगी कर्पूरी ठाकुर की जयंती

**कौशांबी।** सेन शर्मा सविता समाज के जन नायक कपूर्री ठाकुर की जयंती 24 जनवरी को जिले के मंझनपुर विकासखंड परिसर में बड़ी धूमधाम से मनाई जाएगी कपूर्री ठाकुर की जयंती मनाए जाने की तैयारी आयोजकों ने शुरू कर दी है कार्यक्रम के आयोजकों ने बताया कि कपूर्री ठाकुर की जयंती के अवसर पर महिला पुरुष सभी लोगों की उपस्थिति रहेगी।

### वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना करारी पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त मुन्नीलाल उर्फ मुनिया पुत्र मुर्रा सरोज निवासी अवाना आलमपुर थाना करारी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है

### दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा दो वांछित अभियुक्तो छोटू पुत्र राम बहादुर निवासी सराय युसूफ थाना सराय अकिल व रंजीत पुत्र भैरव प्रसाद निवासी बिरनेर थाना सराय अकील को बकोढ़ा पुलिया के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है

# जिलाधिकारी के चालक का घर खंगाल ले गए चोर

### मेहता रोड में नव निर्मित मकान से लाखों रुपए का उड़ाया मॉल लकीर पीटती रह गई पुलिस

अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशांबी।** कोखराज थाना अंतर्गत पुलिस चौकी भरवारी के मेहता रोड स्थित नवनिर्मित घर को चोरों ने निशाना बनाया है और नवनिर्मित घर से एक जनरेटर 4 कुंटल सरिया सहित काफी सामान चोर उठा ले गए हैं मामले की सूचना पुलिस को दी गई है लेकिन पुलिस केवल लकीर पीटते रह गई है।

जानकारी के मुताबिक जिलाधिकारी कौशांबी का चालक दिलीप तिवारी भरवारी कस्बे के मेहता रोड में एक नया मकान बनवा रहे है जिसमे एक जनरेटर चार कुंटल कटी हुई सरिया एक फरार्टा पंखा लोहे का संबल टुल्लू वा कुछ लोहे के रॉड चोर उठा ले गए है



चोरी के बाद टूटा दरवाजा

आश्चर्य की बात तो यह है की जहा से लाखों रुपए का समान चोर ले गए इतना आसान भी नहीं है कि एक दो आदमी इतना समान ले जा सके इस घटना को अंजाम देने में आधा दर्जन लोगो के शामिल होने की उम्मीद है लोगो ने बताया कि अगर चौकी पुलिस गस्त पर होती तो चोर पकड़े जा सकते थे इसका मतलब गस्त न होना चोरों का हौसला बुलंद होने की वजह से ही इतना सारा सामान चार पहिया वाहन में लाद कर चोर फरार हो गए होगे 'सुबह होने पर डीएम का चालक अपने निर्माण हो रहे मकान में पहुँचे तो देखा कि उसके मकान का ताला टूटा पड़ा हुआ है सभी समान गायब है जिसकी सूचना पुलिस चौकी इंचार्ज को देनी चाही परंतु उनका मोबाइल स्विच ऑफ था उसके बाद 112 नंबर डायल को सूचना दिया परंतु उन लोगो ने मोबाइल उठाना मुनासिब नहीं समझा उसके बाद कोतवाल कोखराज से संपर्क किया गया तब उन्होंने चौकी भरवारी को सूचना दी अब सवाल उठता है कि पुलिस यदि गस्त कर रही होती तो लाखो रूपए का मॉल पर चोर हाथ न साफ कर पाते इसे से साफ जाहिर होता है कि पुलिस कितनी मुस्तैद है।

### पुलिस ने जुआरियों से बरामद किया साढ़े चार हजार रुपए

**करारी कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के मौजमपुर गांव में जुआ के फड़ में पुलिस ने छापा मारकर 4 जुआरियों को गिरफ्तार किया है मौके से पुलिस ने साढ़े चार हजार रुपए से अधिक की रकम और ताश के पत्ते बरामद किए हैं करारी थाना पुलिस ने बताया कि ट्विटर हैंडल सोशल मीडिया पर प्रसारित खबर थाना करारी क्षेत्र में जुआड़ियो का जमावड़ा लगता है जमावड़ा का संज्ञान लेकर जांच किया तो ग्राम मौजमपुर के पूरब फरमान पुत्र सैयद के ट्यूबबेल के पास से चार जुवाड़ियो को मय ताश के पत्ते के साथ फड़ से 4 हजार 690 रुपए के साथ गिरफ्तार कर थाना करारी पर मुकदमा अपराध संख्या 9/23 धारा 13 सा0 जुआ अधिनियम दर्ज किया गया है पुलिस ने बताया कि जुआ फड़ से अनिल कुमार शमशाद सलीम नंदराज निवासी गण कस्बा करारी थाना करारी के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### जुआ खेलते दो अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा दो अभियुक्तों रावेन्द्र पुत्र स्व0 रामसुख व छगू लाल पुत्र स्व0 जुगलू निवासीगण ग्राम भानीपुर थाना कड़ाधाम को सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 52 अदद तास के पत्ते व 320 रुपए मालफड तथा जमातलासी के दौरान 120 रुपए बरामद कर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।

## न्यूज झरोखा

### किसान के बेटे का समीक्षा अधिकारी के पद पर चयन होने से परिवार में खुशी



**टेडीमोड कौशाम्बी।** एक किसान के बेटे की कड़ी मेहनत से उसका चयन समीक्षा अधिकारी के पद पर हुआ है इस बात की जानकारी जैसे ही परिवार के लोगों को हुई है परिवार में खुशी का माहौल व्याप्त हो गया है सिराथू तहसील के बरमतपुर के रहने वाले एक किसान के बेटे ने समीक्षा अधिकारी बनकर परिवार के साथ जनपद का नाम रोशन किया है सिराथू तहसील क्षेत्र के बरमतपुर गांव निवासी रामखेलावन खेती किसानी कर अपने परिवार का भरण पोषण करने के साथ बच्चों को अच्छी शिक्षा दिला रहे हैं। 20 जनवरी को जारी हुए समीक्षा अधिकारी के रिजल्ट में उनके बड़े पुत्र सुशील का चयन हुआ है जिससे पूरा परिवार खुश है। सुशील ने बताया कि प्रारंभिक शिक्षा गांव के पास चौधरी चरण सिंह जूनियर हाई स्कूल मलकरेजमा श्री रणजीत पंडित इंटर कालेज से हाई स्कूल, एस ए वी इंटर कालेज सैनी से इंटर ,स्नातक एवं परास्नातक इलाहाबाद विश्वविद्यालय से किया उसके बाद दिल्ली में रहकर कोचिंग किया उसी समय साल 2021 में समीक्षा अधिकारी का फार्म भरा जिस पर शुक्रवार को जारी हुए रिजल्ट में समीक्षा अधिकारी के पद पर चयन हुआ है रिजल्ट आने के बाद घर में खुशी का माहौल है सभी ने एक दूसरे को लड्डू खिलाकर मुंह मीठा कराया इसका श्रेय वह अपने माता पिता को देते है जिन्होंने कड़ी मेहनत कर उसे पढ़ाया सुशील की बहन रेशमा एल एल बी की पढ़ाई कर रही है और वह असिस्टेंट प्रोफेसर बनना चाहती वही छोटा भाई मनीष फामेर्सी की पढ़ाई कर रहा है।

### दलित बालिकाओं को पीटने वाले दबंगों के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा



**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर असवा ग्राम पंचायत में दलित छोटेलाल की जमीन पर गांव के दबंग सत्यनारायण तिवारी और उनके परिजन जबरिया निर्माण कर रहे थे मामले की जानकारी मिलने पर दलित छोटेलाल की पत्नी शकुंतला देवी अपने दो बेटियों कविता और मनीता के साथ निमार्णाधीन स्थल पर पहुंची और दबंगों को अपनी जमीन पर निर्माण करने से मना किया जिससे आक्रोशित दबंग सत्यनारायण तिवारी के बेटे सुरजीत तिवारी धनंजय तिवारी और उनका चचेरा भाई बृजेश तिवारी ने लाठी-डंडे से दलित बालिका कविता मनीता और शकुंतला पर हमला बोल दिया दौड़ा-दौड़ा कर दलित बालिकाओं को पीटा गया आरोप है कि उनके कपड़े फाड़ दिए गए इतना ही नहीं दलित बालिकाओं के रिश्तेदारों की अपाचे बाइक और पैसा भी छीन लिया गया दलित बालिकाओं पर हमला करने के बाद दबंगों ने फोन से सूचना देकर 2 दर्जन से अधिक अपने रिश्तेदार सहयोगी को मौके पर बुला लिया बताया जाता है कि मौके पर पहुंचे 2 दर्जन से अधिक हमलावर चाकू लाठी-डंडे से लैस थे और दबंगों पर फिर हमला करने की कोशिश कर रहे थे जिस पर पीड़ित दबंगों ने पुलिस को सूचना देकर मदद मांगी मौके पर डायल 112 की पुलिस पहुंची जिस पर दबंग गाली-गलौज करते हुए भाग निकले दलित की जमीन पर कब्जा कर रहे दबंगों ने निर्माण नहीं रोका दिनदहाड़े दलित बालिकाओं पर हमले का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ मामले को अधिकारियों ने संज्ञान लिया और दलित छोटेलाल की तहरीर पर पुलिस ने दबंग सुरजीत तिवारी धनंजय तिवारी और बृजेश तिवारी के नाम एससी एसटी सहित बिभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है खबर लिखे जाने तक दलित बालिकाओं पर हमला करने वाले दबंगों की गिरफ्तारी पुलिस नहीं कर सकी है।

### खपरा खंडेऊरा के मजरा भिखारी का पुरवा में फिर हुई गोवंश की मौत



**कौशाम्बी।** योगी सरकार के दावे के विपरीत गौ संरक्षण केंद्र में गोवंश की दुर्दशा हो रही है गौ संरक्षण केंद्र की देखरेख के बजट से लेकर जिम्मेदार पशुओं के चारा में भी कमीशन खोरी कर रहे हैं जिससे पशु बीमार होते हैं और आधा पेट भोजन के चलते दिन प्रतिदिन पशु कमजोर हो जाते हैं दवा इलाज ठीक से ना होने के चलते गौ संरक्षण केंद्र में पशुओं की आए दिन मौत हो रही है ताजा मामला नेवादा विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत खपरा खंडेऊरा के मजरा भिखारी का पुरवा में स्थित गौ संरक्षण केंद्र का है जहां रविवार की सुबह फिर चारा पानी और दवा इलाज के अभाव में एक पशु गोवंश की मौत हो गई है इसके पहले भी गौ संरक्षण केंद्र में पशुओं की मौत हो चुकी है योजना से जुड़े गौसंरक्षण केंद्र के जिम्मेदारों द्वारा पशुओं की मौत के आंकड़े को छुपाया जाता है रजिस्टर नहीं बनाए गए हैं पशुओं को टैग करके नंबरिंग नहीं किया गया है उनके कान में टैग लगा कर टैग के आधार पर पशुओं का रजिस्टर नहीं बनाया गया है सबकुछ गोलमोल चल रहा है खंड विकास अधिकारी नेवादा और एडीओ पंचायत से लेकर पशु चिकित्सा अधिकारी तक सब मूकदर्शक बने हुए हैं जिससे पशुओं की दिन प्रतिदिन दुर्दशा हो रही है। हालांकि राज्य सरकार पशुओं के उत्तम स्वास्थ्य और बेहतर गौ संरक्षण केंद्र का दावा कर रही है लेकिन कौशांबी जिले में गौ संरक्षण केंद्रों की दुर्दशा सार्वजनिक हो चुकी है अधिकारी और योजना से जुड़े लोग मालामाल हो रहे हैं देखरेख और इलाज के अभाव में हो रही पशुओं की मौत के मामले को गंभीरता से लेना होगा और पशुओं की सुरक्षा और संरक्षण करना होगा योजना में कमीशन खोरी करने वाले जिम्मेदारों पर कठोर कार्यवाही किए जाने की जरूरत है लेकिन जिले के अफसर गौ संरक्षण केंद्र के दोषियों पर कार्यवाही करते नहीं दिख रहे हैं।

### तीसरी किस्त ना मिलने से सैकड़ों आवास पड़े हैं अधूरे

कौशांबी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नगर क्षेत्रों में गरीबों के आवास स्वीकृत किए गए हैं पहली दूसरी किस्त दे कर पुराने घरों को धराशाई कर पक्के घर देने का भाजपा सरकार ने गरीबों को सपना दिखाया है दो किस्त देने के बाद सरकार ने तीसरी किस्त रोक दी है वर्षो बीत जाने के बाद प्रधानमंत्री आवास के सैकड़ो लाभार्थियों को तीसरी किस्त नहीं मिल सकी है जिससे वर्षो बीत जाने के बाद भी सैकड़ों आवास अधूरे पड़े हैं और लोगों को रहने की परेशानी हो रही है ठंड के मौसम में लोग अर्ध निर्मित घरों में जीवन गुजार रहे हैं आवास की तीसरी किस्त ना मिल पाने से आए दिन लोग डूडा कार्यालय का चक्कर काटते देखे जाते हैं लेकिन कार्यालय के कर्मचारी भी लाभार्थियों को संतोषजनक जवाब नहीं दे पाते हैं कार्यालय के कर्मचारियों का कहना है कि योगी सरकार ने ही प्रधानमंत्री आवास की तीसरी किस्त रोक रखी है और जब तक योगी सरकार तीसरी किस्त भेजने का निर्देश नहीं देगी तब तक प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों के आवास का निर्माण पूर्ण नहीं हो सकेगा आखिर गरीबों ने क्या गुनाह किया था कि इनके कच्चे घरों को गिरा कर पक्के घर देने का सपना दिखाकर इनके घरों को अर्ध निर्मित छोड़ दिया गया है जिससे इन गरीबों के सामने मुसीबत का पहाड़ टूट पड़ा है प्रधानमंत्री आवास की तीसरी किस्त को भेजे जाने की मांग लाभार्थियों ने योगी सरकार से की है।

### चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 55 वाहनों का ई-चालान किया गया

### निरोधात्मक कार्यवाही में 11 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना महेवाघाट से दो थाना कौशाम्बी से एक थाना सदीपनघाट से पांच थाना कोखराज से दो थाना सैनी से एक कुल 11 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# सीडीओ के दावे पंचायत भवन में हो रहे कार्य की धज्जियां उड़ाते ग्राम प्रधान

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी का दावा है कि जिले के सभी ग्राम पंचायतों के पंचायत भवन में ऑनलाइन सुविधा शुरू हो गई हैं उनका कहना है कि पंचायत भवन से ही डोंगल लगाकर सरकारी विकास योजना की रकम पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान निकाल रहे हैं लेकिन सीडीओ का यह दावा पूरी तरह से निराधार है उनके अधीनस्थों ने उन्हें गुमराह करके झूठी सूचना दी है जिले के 80% से अधिक ग्राम पंचायतों में आनलाइन सुविधाएं पंचायत भवन से नहीं शुरू हैं तमाम ग्राम पंचायतों में प्रधान के घर से ऑनलाइन सुविधाएं शुरू कर के पंचायत भवन से सुविधा शुरू होने की झूठी सूचना अफसरों के भेज दी गई है और अफसर बड़े दावे से कह रहे हैं कि ग्राम पंचायत में आनलाइन सुविधाएं शुरू है हकीकत देखने के लिए नेवादा विकासखंड के ग्राम पंचायत दरहा के ग्रामीणों से बात की गई तो मालूम चला कि गांव में पंचायत भवन में आनलाइन सुविधाएं नहीं शुरू हो सकी हैं कंप्यूटर व अन्य सामान ग्राम प्रधान के घर पर अभी भी मौजूद है कुछ लोगों का कार्य ग्राम प्रधान के घर से ऑनलाइन कर दिया जाता है सरकारी खजाने से विकास की रकम निकालने का कार्य भी डोंगल के जरिए ग्राम



ग्राम पंचायत दरहा के प्रधान के घर का दृश्य

प्रधान के घर से हो रहा है जबकि मुख्य विकास अधिकारी दावा करते हैं कि डोंगल का काम पंचायत भवन से हो रहा है आखिर मुख्य विकास अधिकारी को झूठी सूचना देने के पीछे इन अफसरों की क्या मंशा है यह बड़ी जांच का विषय है बताते चलें कि ग्राम प्रधान के घर से आनलाइन सुविधाएं उपलब्ध होने के चलते गांव

**कंप्यूटर व अन्य सामान ग्राम प्रधान के घर पर अभी भी मौजूद**

के आधे से अधिक लोग ग्राम प्रधान के घर नहीं पहुंच पाते हैं ग्राम प्रधान राजनैतिक व्यक्ति होता है गांव में गुट बन्दी होती है विरोधी खेमे के लोग ग्राम प्रधान के घर नहीं जाना चाहते हैं जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ आधे गांव से अधिक के लोगों को नहीं मिल रहा है लेकिन अक्सर बड़े-बड़े दावा करके यह कह रहे हैं कि ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन को ऑनलाइन सुविधाओं से जोड़ा जा चुका है ग्राम प्रधान के घर से आनलाइन सुविधाएं ग्रामीणों को उपलब्ध कराए जाने का नतीजा है कि इस गांव में अभी तक 10% ग्रामीणों को आयुष्मान कार्ड की सुविधा नहीं मिल सकी है पंचायत सहायक भी ग्राम प्रधान की कठपुतली बनकर रह गया है सरकार से उसे वेतन मिल रहा है लेकिन वह भी झूठी सूचना देकर पंचायत भवन से आनलाइन सुविधा शुरू होने का दावा कर रहा अधिकारियों को गुमराह करने पर लगा हुआ है मुख्य विकास अधिकारी को अपने दावे की हकीकत की जांच करनी होगी और दावे की धज्जियां उड़ाने वाले अफसरों पर कार्रवाई करने की जरूरत है।

# सेहिया गांव से जुड़े हो सकते हैं हबीब की हत्या के तार!

**हबीब के मोबाइल की कॉल डिटेल पुलिस को हत्यारों तक पहुंचाने में कर सकती है मदद**



**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के सेहिया गांव निवासी हबीब अहमद उम्र लगभग 65 वर्ष को दो दिन पहले देर रात उनके मोबाइल में घर से बुलाकर उनकी हत्या करने के बाद हत्यारों ने लाश को चित्रकूट जनपद के राजापुर थाना क्षेत्र में ठिकाने लगा दिया है राजापुर कोतवाली पुलिस ने हबीब की लाश को बरामद कर शिनाख्त कराने के बाद उसका पोस्टमार्टम कराया है मामले में राजापुर पुलिस ने हबीब की मौत की जांच शुरू कर दी है सूत्रों की माने तो मोबाइल फोन से बात करने के बाद हबीब घर से निकले थे वह किससे बात कर रहे थे इस बात का खुलासा मोबाइल की कॉल डिटेल की जांच के बाद हो सकता है सूत्रों की मानें तो हबीब को बुला कर ले जाने वाले सेहिया गांव के बताए जाते हैं जिनके दूसरे प्रांतों में भी आपराधिक इतिहास हैं पुलिस ने सेहिया गांव के संदिग्ध लोगों के कारनामों की यदि सूक्ष्म जांच शुरू की तो हबीब के हत्यारों तक पहुंचने में पुलिस को मदद मिलेंगी ओझाई का काम करने वाले हबीब अहमद की इलाके में किसी से दुश्मनी नहीं थी जन चर्चा में जाएं तो जमीन से गड़ा धन खोदकर निकालने की उनके अंदर कला थी बताया जाता है कि हबीब के संपर्क में 2 दर्जन लोग थे जो जमीन से गड़ा धन निकालने में उनका सहयोग करते थे जमीन खोदकर सोने चांदी की गिन्नी मोहर गड़ा धन निकालने में हबीब के संपर्क में रहने वाले दो दर्जन लोगों की गतिविधियों पर पुलिस को जांच किए जाने की जरूरत है सूत्र बताते हैं कि कुछ दिन पहले जमीन से गड़ा धन निकालने में हबीब और उनके साथियों को सफलता मिली थी लेकिन जमीन से निकले सोने के मोहरों गिन्नी के बंटवारे को लेकर विवाद के चलते उनके सहयोगियों ने हबीब को घर से बुलाकर हत्या करने के बाद उनकी लाश को चित्रकूट जनपद के राजापुर कोतवाली क्षेत्र में ठिकाने लगा दिया है हबीब की मौत के मामले में पुलिस ने यदि सर्बिलान्स के सहारे जांच आगे बढ़ाई तो हबीब की मौत से जुड़े कई चेहरे बेनकाब होंगे।

# बड़े गैंग से गलबहियां छोटे पर कार्यवाही कर अपनी पीठ खुद थपथपा रही थाना पुलिस!

अखंड भारत संदेश

**थाना और चौकी पुलिस के रहमों करम पर गौ तस्करी के खेल में देखते-देखते गौ तस्कर ने करोड़ों की अकूत संपत्ति अर्जित की है**

**कौशाम्बी।** गोवंश की तस्करी रोकने के लिए योगी सरकार ने वर्षों पहले कठोर नियम बनाए थे गौ तस्करी से जुड़े लोगों पर गैंगेस्टर की कार्यवाही करने का भी निर्देश योगी सरकार ने दिया था लेकिन जिले में गौ तस्करी के मामलों में पेशेवर तस्करों पर कार्यवाही होती नहीं दिख रही है जिससे योगी सरकार के निर्देश की धज्जियां उड़ती दिख रही हैं कोखराज क्षेत्र के ननमई गांव के एक चर्चित गोवंश तस्कर और उनके रिश्तेदारों का यह गोरखधंधा बेखौफ तरीके से अभी भी चल रहा है इलाके में बदनाम इस पशु तस्कर पर योगी सरकार में भी कार्यवाही नहीं हो सकी है थाना और चौकी पुलिस के रहमों करम पर गौ तस्करी के खेल में देखते-देखते गौ तस्कर ने करोड़ों की अकूत संपत्ति अर्जित की है बताया जाता है कि बीते तीन दशक से गौ तस्करी के धंधे में लिप्त इस माफिया का भाजपा के बड़े नेताओं से गहरे संबंध हैं जिसके चलते इस गोवंश तस्कर पर वर्षों बाद भी कार्यवाही नहीं हो सकी है इतना ही नहीं ननमई गांव के इस चर्चित पशु तस्कर की रिश्तेदारी कमासिन गांव में एक नेता के घर है और बताया जाता है कि यह नेता भी लंबे समय से गौ तस्करी के धंधे में लिप्त है लेकिन उसके बाद भी गौ तस्करी में लिप्त लोगों पर कार्यवाही करते हुए अभी तक गैंगेस्टर की कार्यवाही पुलिस ने नहीं की है जिससे स्थानीय थाना और चौकी पुलिस की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं आखिर कब तक बड़े गैंग से गलबहियां और छोटे पर कार्यवाही करके थाना और चौकी पुलिस खुद अपनी पीठ थपथपाती रहेगी।

### 75 लीटर शराब के साथ छः अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में विभिन्न थानों द्वारा कुल छः अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 75 लीटर अवैध शराब बरामद की गयी गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरुद्ध सम्बन्धित थानो पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तो का चालान न्यायालय कर दिया है जानकारी के मुताबिक थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा अभियुक्त इन्द्रभान पुत्र छितानी निवासी अलावलपुर टिकरी थाना कड़ाधाम को गिरफ्तार कर कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है इसी प्रकार थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा अभियुक्त जगतपाल उर्फ चितारी पुत्र गिरजा पासी निवासी सेलरहा पश्चिम थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है इसी प्रकार थाना महेवाघाट पुलिस बल द्वारा अभियुक्त राकेश कुमार पुत्र स्व0 शम्भू नाथ निवासी मनकापुर थाना महेवाघाट को गिरफ्तार कर कब्जे से 13 लीटर अवैध शराब व राजकुमारी पत्नी पूरन सरोज निवासी अंधावा थाना महेवाघाट के कब्जे से 8 लीटर अवैध शराब व रामबाबू सरोज पुत्र केशन सिंह निवासी अधावा थाना महेवाघाट के कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब व मनोज सरोज पुत्र छंगू लाल निवासी अंधावा थाना महेवाघाट को गिरफ्तार कर कब्जे से 14 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर सभी अभियुक्तो को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तो का चालान न्यायालय कर दिया है।

# छोटे-छोटे नाबालिग अबोध बच्चों को खूंखार बनाने की दी जा रही है ट्रेनिंग

अखंड भारत संदेश

**कोखराज थाना क्षेत्र के एक गांव में सक्रिय है अपराधियों की गैंग तैयार करने वाले गिरोह के सदस्य**

**कौशाम्बी।** जिले में बड़े अपराधियों की गैंग तैयार करने की योजना में कुछ लोग चल पड़े हैं लेकिन मामले से गुप्तचर शाखा से लेकर पुलिस विभाग तक अनजान है यदि छोटे-छोटे अबोध नाबालिग बच्चों को खूंखार बनाने की ट्रेनिंग के मामले को पुलिस आला अधिकारियों ने गंभीरता से लेकर कठोर कार्यवाही नहीं की तो आने वाले समय में जिले में खूंखार अपराधियों की धमाचौकड़ी से आम लोगों का जीना हराम हो जाएगा इसी तरह का एक गैंग इन दिनों कोखराज थाना क्षेत्र में सक्रिय है जो अवैध असलहों से छोटे-छोटे अबोध नाबालिंग बच्चों को ट्रेनिंग दे रहा है। अवैध असलहा के जरिए छोटे-छोटे नाबालिग बच्चों को खूंखार बनाने की ट्रेनिंग में लगे युवक का परिवार पुलिस विभाग के होमगार्ड में ड्यूटी कर रहा है छोटे-छोटे अबोध बच्चों को आखिर खूंखार बनाने के पीछे इस गिरोह के लोगों की क्या मंशा है इस मामले में भी अभी तक पुलिस और गुप्तचर शाखा के लोगों ने अपनी जांच रिपोर्ट पुलिस अधिकारियों तक नहीं सौंपी है जिससे थाना पुलिस और गुप्तचर शाखा की उदासीनता



अवैध असलहा की ट्रेनिंग लेते नाबालिग अबोध बच्चे

का अंदाजा लगाया जा सकता है सवाल उठता है कि छोटे-छोटे अबोध नाबालिग बच्चों को शस्त्र चलाने की ट्रेनिंग देने वाले गिरोह के सदस्यों के पास अवैध असलहा कहां से आते हैं अवैध असलहो का सौदागर कौन है यह तमाम सवाल लोगों के जेहन में कौंध रहे हैं जिसका उत्तर लोगों को नहीं मिल रहा है।

# सील तोड़ कर फिर शुरू हुआ अस्पताल का संचालन

### समर्थ हॉस्पिटल को सीएमओ एसडीएम ने किया था सीज अब बन गया समर्थ पाली क्लीनिक

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** चायल तहसील के पास स्थित समर्थ हॉस्पिटल में लगातार मरीजों की मौत होने के बाद मामले को जिलाधिकारी ने गंभीरता से लिया था और जिला अधिकारी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी उप जिला अधिकारी के साथ अस्पताल पहुंचे थे अस्पताल के अभिलेखों की जांच करने के बाद अवैध अस्पताल को अधिकारियों ने सील कर दिया था लेकिन कुछ दिन के बाद स्वास्थ्य विभाग से फिर अस्पताल संचालकों की सांठगांठ हो गई है सीज समर्थ हॉस्पिटल अब समर्थ पॉलीक्लिनिक बन गया और 5 बेड के अस्पताल को 25 बेड का अस्पताल बनाकर अस्पताल का संचालन फिर शुरू हो गया है अस्पताल में लगाया गया सील टूट चुका है आखिर किस के निर्देश पर अस्पताल की सील तोड़ी गई है इस बात की जांच करने की जरूरत अभी भी मुख्य चिकित्सा अधिकारी और उप जिलाधिकारी नहीं कर रहे हैं सील तोड़ कर अस्पताल संचालक ने फिर एक गुनाह किया है नाम परिवर्तन कर देने से क्या कथित चिकित्सकों के गुनाह माफ हो जाएंगे यह बड़ी जांच का विषय है इलाके के लोगों ने जिला अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए समर्थ हॉस्पिटल के सील को तोड़कर समर्थ पाली संचालित करने वाले संचालकों के कारनामों को संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की मांग की है।

### एआरटीओ के ठेंगे पर सरकार का निर्देश डग्गामार बसों पर कार्यवाही शून्य!

**कौशांबी।** अवैध तरीके से सड़कों पर दौड़ने वाले वाहनों पर कार्रवाई करने का निर्देश योगी सरकार ने जिला अधिकारियों को भेजा था जिला अधिकारी ने बैठक कर थाना पुलिस यातायात पुलिस और एआरटीओ को अवैध वाहनों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया लेकिन मंझनपुर मुख्यालय से इलाहाबाद स्टेशन तक चलने वाली तीन दर्जन बिना परमिट की बस पर अभी तक कार्यवाही नहीं हो सकी है जिससे यातायात पुलिस थाना पुलिस और एआरटीओ की संलिप्तता का अंदाजा लगाया जा सकता है सूत्रों की मानें तो 3 दर्जन अवैध बसों के संचालक की आड़ में थाना पुलिस यातायात पुलिस और एआरटीओ कार्यालय तक 15 लाख रुपए महीने की रिश्वतखोरी वितरण होती है जिससे 15 लाख रुपए के अवैध कमाई का नुकसान न होने पाए इसी के चलते अवैध वाहनों पर कार्यवाही के मुख्यमंत्री और डीएम के आदेश की धज्जियां उड़ाने में थाना पुलिस यातायात पुलिस और एआरटीओ परहेज नहीं कर रहे हैं काली कमाई के आगे उन्हें अधिकारियों और शासन के निर्देशों के पालन करने की परवाह नहीं है।

# जिला पंचायत की करोड़ो की सरकारी रकम लूट रहा अध्यक्ष का मुंहबोला भाई!

अखंड भारत संदेश

**किसी की मजाल है क्या कि अध्यक्ष के मुंह बोले भाई के भ्रष्टाचार पर जांच करके उसके काले कारनामों को उजागर कर सके**

**जिला पंचायत के विकास कार्यों में नियम विरुद्ध तरीके से अध्यक्ष के मुंह भोले भाई को मिला कई करोड़ का ठेका**

**कौशाम्बी।** जिला पंचायत द्वारा कराए जा रहे करोड़ो रुपए के विकास कार्यों में अध्यक्ष के मुंह बोले भाई का दबदबा कायम है निर्माण होते ही निर्माण कार्यों की धज्जियां उड़ रही है मानक विहीन निर्माण कराए जा रहे हैं जिससे विकास योजनाओं का लाभ ग्रामीण जन मानस को नहीं मिल रहा है बनते ही सड़क नाली ध्वस्त हो रही है यह कैसी पारदर्शिता है कि अधिकतर कार्य का टेंडर ठेका अध्यक्ष के मुंह बोले भाई को मिल जाता है और अध्यक्ष का यह मुंह बोला भाई पूरी तरह से भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबा है अध्यक्ष के मुंह बोले भाई के द्वारा बनवाई गई सड़कें 15 दिन में ध्वस्त हो रही हैं लेकिन अब अध्यक्ष का मुंह बोला भाई है तो कैसे मुँह बोले भाई के घटिया निर्माण कार्यों की जांच अध्यक्ष कराने का साहस कर पाएंगी। बताया जाता है कि जिला पंचायत के विकास कार्यों में नियम विरुद्ध तरीके से कई करोड़ का ठेका अध्यक्ष के मुंह भोले भाई को मिल चुका है टेंडर प्रक्रिया का भी पालन नियमानुसार जिला पंचायत में नहीं हो रहा है गुपचुप तरीके से टेंडर कराए जा रहे हैं निर्माण कार्यों के बाद किसी भी कार्य की गुणवत्ता मौके पर नहीं दिखाई पड़ रही है इस संबंध में सहायक अभियंता और अपर मुख्य अधिकारी भी अध्यक्ष के मुंह बोले भाई के निर्माण कार्यों में हो रही धांधली को रोककर नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य करा कर पारदर्शी लाने का प्रयास नहीं कर पाते हैं उनके ऊपर भी अधिक दबाव होने से जिला पंचायत के निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार चरम पर व्याप्त है। देखते-देखते अध्यक्ष का यह मुँह बोला भाई करोड़ों में खेलने लगा है कुछ वर्षों पहले टूटे-फूटे मकान में रहने वाला अध्यक्ष का यह मुंह बोला भाई इन दोनों आलीशान बंगले का मालिक बन चुका है अध्यक्ष के मुंह बोले भाई द्वारा कराए जा रहे करोड़ों रुपए के निर्माण कार्यों के गुणवत्ता की जांच कराए जाने की जरूरत है लेकिन किसी की मजाल है क्या कि अध्यक्ष के मुंह बोले भाई के भ्रष्टाचार पर जांच करके उसके काले कारनामों को उजागर कर सके योगी सरकार में जिस तरह से जिला पंचायत अध्यक्ष के मुंह बोले भाई के हाथ विकास कार्यों की रकम में भ्रष्टाचार व्याप्त है यह योगी सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त सरकार की धज्जियां उड़ाने की हकीकत का एक नमूना है इलाके के लोगों ने जिला पंचायत अध्यक्ष के मुंह बोले भाई के द्वारा कराए गए करोड़ों के कार्यों की जांच कराकर दोषियों को दंडित किए जाने की मांग योगी सरकार से की है।

संपादकीय

## पाक हाई कमीशन- पहले जासूसी, अब यौन उत्पीड़न

राजधानी का डिप्लोमेटिक एरिया चाणक्यपुरी आजकल एकबार फिर खबरों में है। वजह यह है कि वहां पर स्थित पाकिस्तान के हाई कमिशन में एक भारतीय महिला प्रोफेसर के साथ यौन उत्पीड़न का केस सामने आया है। वह वहां पर पाकिस्तान जाने के लिए वीजा लेने के लिए गई थीं। अफसोस कि पाकिस्तान हाई कमीशन में कभी कोई सार्थक और रचनात्मक गतिविधियां नहीं हुईं। वहां पर पाकिस्तान के स्वाधीनता दिवस पर बिरयानी की दावत जरूर आयोजित होती थी। पर यह जगह मात्र भारत की जासूसी का अड्डा बना रहा। यहां पर जम्मू-कश्मीर के पृथकतावादी और आतंकवादी नेताओं को दामादों की तरह से सम्मान मिलता ही रहा।

भारत सरकार ने 1950 के दशक में चाणक्यपुरी में विभिन्न देशों को भू-भाग आवंटित किये थे। पाकिस्तान को भी इस आशा के साथ बेहतरीन जगह पर अन्य देशों की अपेक्षा बड़ा प्लाट दिया गया था कि वह भारत से अपने संबंधों को मधुर बनाएगा। पर पाकिस्तान ने भारत को निराश ही किया। वह अपनी करतूतों से न बाज आया न ही सुधरा ।उसके गर्भनाल में भारत के खिलाफ नफरत भरी हुई है। अब वहां पर उन भारतीयों के साथ यौन उत्पीड़न भी हो रहा है, जो वीजा लेने के लिए वहां पर जाते हैं। मतलब घटियापन की इंतिहा कर रहा है पाकिस्तान। भारत से नफरत करना पाकिस्तान के डीएनए में है। वह भारत का सिर्फ बुरा ही चाहता है। यह बात अलग है कि उसके न चाहने के बाद भी भारत संसार की सैन्य और आर्थिक दृष्टि से एक बड़ी शक्ति बन गया हैं। पर पाकिस्तान के घटियापन के बावजूद भारत ने पाकिस्तान को भी किसी तरह से नुकसान नहीं पहुंचाया। यह सब करना भारत की कूटनीति का अंग ही नहीं है।

पाकिस्तान की अब आंखें भी खुल रही हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अपने देश की सच्चाई से मुंह मोड़ने की जगह जनता को असली स्थितियों से अवगत करा रहे हैं। हाल ही में उन्होंने पाकिस्तान के लिए बार-बार ऋण मांगने की तुलना भीख मांगने से की थी और कहा था कि उन्हें इसकी वजह से शर्मिंदा होना पड़ता है। अब उन्होंने भारत से रिश्तों को लेकर भी बयान दिया है। शरीफ ने कहा है कि भारत से तीन युद्धों में पराजय के बाद उनका देश अपने सबक सीख चुका है। शरीफ से भारत के साथ रिश्तों को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से तीन युद्धों में पाकिस्तान ने सबक सीखे हैं और वे अब शांति चाहते हैं। शरीफ ने इस बार भारत को कश्मीर पर कोई भी धमकी नहीं दी, बल्कि भारत से वार्ता की अपील करते दिखे। बहरहाल, शरीफ कितनी भी शराफत दिखाएं पर पाकिस्तानी सेना भारत से संबंधों को सामान्य नहीं होने देगी। पाकिस्तान सेना को विदेशी मामलों में भी दखल देने का पुराना रोग है। पाकिस्तान में जब भी किसी अन्य देश का राष्ट्राध्यक्ष, प्रधानमंत्री या अन्य कोई अन्य महत्वपूर्ण नेता आता है तो सेनाध्यक्ष उससे मिलते ही हैं। कमर जावेद बाजवा भी उसी रिवायत को आगे बढ़ा रहे थे। अब वे रिटायर हो गए हैं। नए सेनाध्यक्ष के बारे में अभी कुछ नहीं कहना चाहिए। उनका कार्यकाल अभी चालू ही हुआ है। बाजवा को या उनसे पहले के जनरलों को डिप्लोमेसी की कोई समझ नहीं थी।

## बोलो जुबान केसरी

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

आदमी जरूरतों में रंग बदलने वाला गिरगिट है। जैसे शिकारी शिकार पर निकलता है, चुनावकाल में नेता वोटर की तलाश में निकलता है, पुलिसवाला वसूली की तलाश में निकलता है, मैं भी कुछ इसी तरह अपनी फूटी किस्मत को सुधारने के लिए रोजगार केंद्र पहुँचा। रोजगार केंद्र की खासियत यह थी कि वहाँ काम करने वाले कर्मचारी भी अनुबंध पर थे। वे भी रोजगार केंद्र में नियमित रोजगार के लिए आवेदन कर चुके थे। इसे ही कहते हैं दवा देने वाला डॉक्टर भी दूसरे डॉक्टर का मुँह ताक रहा है। अनुबंध कर्मचारियों पर अनु से बंध मुक्त हो जाने का खतरा सदा मंडराता रहता है। इसलिए वे नियमित रोजगार तक इस बंध को ही अपना बंधन मानकर अपना अंतःक्रंदन करते रहते हैं।

मैं अपना आवेदन लेकर जिस अनुबंध कर्मचारी के पास पहुँचा उसके सिर के बाल झड़ चुके थे। मालूम करने पर पता चला कि जब वह यह कार्यालय में भर्ती हुआ था तब उसके बाल शाहरूख खान की तरह थे। अब अनुपम खेर बने अपनी खैर मना रहा है। किंतु मुझे उसके कार्य करने की शैली बहुत अच्छी लगी। जब मैंने उससे पूछा कि आवेदन करने से नौकरी मिलती है कि नहीं तो उस पर उसने टाइटानिक फिल्म में जहाज के डूबते समय मौत के भय से पादरियों द्वारा बाइबिल बाँचते हुए अन्य यात्रियों में ढांढस बांधने का जो दृश्य था, वही दृश्य मेरी आँखों के सामने उभर आया। वह अनुबंध कर्मचारी जानता है कि ऐसे लाखों आवेदन यहाँ पड़े हैं और नौकरी का वजूद ठीक उसी तरह है जिस तरह भयंकर रेगिस्तान में ओस की बूँद।

इस कार्यालय की स्थापना रोजगार देने निमित्त हुई थी, किंतु किसी को रोजगार मिला हो ऐसा कभी देखा, सुना, पढ़ा या लिखा नहीं गया। हाँ इतना जरूर है कि इस कार्यालय के बहाने पान, बीड़ी, सिगरेट और गुटखे वाले का खोखा धड़ल्ले से चल रहा था। ये दुकानें दर्शनवाद पर काम करती हैं। सब्जी की दुकानें जीवन को स्वस्थ बनाने का काम करती हैं, ऐसे स्वस्थ बेरोजगार ज्यादा जिए इससे तो अच्छा पान, बीड़ी, सिगरेट और गुटखा खाकर शार्टकट जिंदगी के रास्ते हुए मौत को गले लगाना। रोज-रोज सड़-सड़कर मरने से अच्छा है, जल्दी से इस जिंदगी को राम-राम कहो।

रोजगार कार्यालय में भीड़ बहुत थी। मक्खियाँ कम थी। सारे उदास बैठे थे। मक्खियाँ नहीं थीं फिर भी उन्हें मारे जा रहे थे। हम आभासित मक्खियों को मार रहे थे। आजकल हमारे जीवन में आभासित दुनिया बहुत महत्त्वपूर्ण हो गयी है। जीवन में मित्रों और सम्बन्धियों के पास मिलने का समय नहीं है और हर बार न मिलने के बहाने ढूंढ़ने पड़ते हैं। पर फेसबुक या वाट्सऐप पर एक ढूँढ़ो तो हजार मित्र मिलते हैं। अनेक बार तो मित्रो को अनफ्रेंड करना पड़ता है। बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की सन्तान पति/पत्नी, एक-दूसरे से जितना आभासित दुनिया में मिलते हैं उतने भासित दुनिया में नहीं ।

# याद रखिए सबसे बड़ा अपराध अन्याय सहना और गलत के साथ समझौता करना है - सुभाषचंद्र बोस

**(नेताजी जयंती पर विशेष)**
**डॉ उमेश प्रताप वत्स**

देश में 'वंदेमातरम्' के जय घोष के बाद यदि किसी नारे ने लोगों के ठंडे पड़ चुके रक्त में उबाल लाने का कार्य किया तो वह उनके सम्मानित नेताजी सुभाषचंद्र बोस का पहला नारा था "जयहिंद" और दूसरा नारा था "तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा" इस आह्वान के बाद देश के अनेक हिस्सों से जहाँ बड़ी संख्या में लोगों में नेताजी की आजाद हिंद फौज में शामिल होने की होड़ सी लग गई वहीं महिलाओं ने भी जीवनभर की अर्जित की गई संपत्ति व गहने नेता जी के चरणों में देश की आजादी हेतु जंग की व्यवस्था के लिए समर्पित कर दिये। नेताजी ने भी युवाओं एवं देश की समर्पित महिलाओं के उत्साह और विश्वास को शिखर तक ले जाने के लिए मृत्यु पर्यंत स्वतंत्रता का शंख बजाये रखा। नेताजी ने जीवनभर न कभी अन्याय सहन किया और न ही कभी किसी गलत बात के लिए समझौता किया।



नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को कटक में हुआ था। उनके पिता एक प्रसिद्ध वकील थे। नेताजी एक मेधावी छात्र थे जिन्होंने मैट्रिक की परीक्षा में दूसरा स्थान प्राप्त किया था। अंग्रेजों के शासन में एक भारतीय के लिए प्रशासनिक सेवा में शामिल होना लोहे के चने चबाने जैसा दुष्कर कार्य था किंतु अपनी धुन के पक्के नेताजी ने भारतीय प्रशासनिक सेवा की परीक्षा न केवल पास की अपितु चौथा स्थान प्राप्त किया। यद्यपि देश की स्वतन्त्रता के लिए संघर्ष के चलते उन्होंने अंग्रेजी शासन के अधीन कोई पद स्वीकार नहीं किया और भारत वापिस आकर कांग्रेस में शामिल हो गए।

भारत की आजादी में नेताजी सुभाष चंद्र बोस का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने 'आजाद हिंद फौज' की स्थापना की थी। भारत के महान स्वतंत्रता सेनानियों में सुभाष चंद्र बोस का नाम बहुत ही सम्मान के साथ स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। नेता जी का नारा ह्यतुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगाह्न आज भी भारवासियों के भीतर राष्टभक्ति का भाव जागृत कर देता है। महात्मा गांधी और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के विचार कभी नहीं मिले। गांधी जी उदार दल के नेता थे तो वहीं बोस क्रांतिकारी दल का नेतृत्व करते थे। हालांकि पहली बार गांधी जी को भारत का राष्ट्र पिता नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने ही कहा था। उसके बाद महात्मा गांधी राष्ट्रपिता बन गए। 1939 में सुभाषचंद्र ने कांग्रेस अधिवेशन में गांधी जी का समर्थन प्राप्त पट्टाभि सीतारमैया को हरा दिया तो इसके पश्चात गांधी जी के साथ उनके मनमुटाव ओर बढ़ गए तब नेताजी ने व्यथित होकर स्वयं ही कांग्रेस पार्टी छोड़ दी और अंग्रेजों के विरुध्द अपना संघर्ष तेज कर दिया। इस बीच उनकी शादी सेक्रेटरी एमिली से हुई, जो कि ऑस्ट्रियन मूल की थी। नेता जी और एमिली की एक बेटी भी है जिसका नाम अनीता है, जो जर्मनी में अपने परिवार के साथ रहती है।

वास्तव में आजाद हिंद फौज एवं सुभाषचंद्र की बढ़ती हुई प्रसिद्धि से अंग्रेज बहुत व्याकुल थे। जब देश में अंग्रेजी सरकार हिंदुस्तान के युवाओं को सैनिक रूप में भर्ती कर द्वितीय विश्व युद्ध में विश्व का सिरमौर बनने का सपना पाले हर संभव प्रयास में जुटी थी तब अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए सुभाषचंद्र बोस ने जापान की मदद से 'आजाद हिंद फौज' का गठन किया। तब उनके द्वारा दिया गया 'जयहिंद' का यह नारा पूरे देश का राष्ट्रीय नारा बन गया। भारतवासी उन्हें सम्मान सहित 'नेताजी' के नाम से संबोधित करते थे। 21 अक्तुबर 1943 को नेताजी ने आजाद हिंद फौज के सुप्रीम कमांडर की हैसियत से स्वतन्त्र भारत की अस्थाई सरकार बनायी। जिसे जर्मनी, जापान, कोरिया, चीन, इटली, आयरलैंड, फिलीपींस सहित 11 देशों की सरकारों ने मान्यता दी थी।

नियती भविष्य के गर्भ में सबकी सोच से परे एक भिन्न इतिहास लिखकर रखती है। भारतीय कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष सुभाषचंद्र बोस के लिए नियती ने भी क्रांतिकारियों का बलिदानी पथ चुन रखा था तो फिर वे कांग्रेस के अध्यक्ष कैसे रह पाते। पहले कार्यकाल के लिए नेताजी सुभाष चन्द्र बोस 1938 में कांग्रेस के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। 1939 में मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित त्रिपुरी गांव में कांग्रेस का अधिवेशन होना था। महात्मा गांधी चाहते थे कि अबुल कलाम आजाद त्रिपुरी अधिवेशन की अध्यक्षता करें। इसके पीछे उनकी सोच ये थी कि अगर कांग्रेस का अध्यक्ष कोई मुस्लिम बने किंतु पेच फंस गया क्योंकि सुभाष चन्द्र बोस ने भी दूसरे कार्यकाल के लिए अपनी उम्मीदवारी का ऐलान कर दिया।

उधर गांधी जी के प्रभाव से बारडोली में कांग्रेस वर्किंग कमिटी की बैठक में मौलाना अबुल कलाम आजाद की उम्मीदवारी का ऐलान कर दिया गया। यद्यपि सुभाषचंद्र की तरह कलाम साहब भी बंगाल से आते थे तो बाद में उन्होंने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली। क्योंकि वह नेताजी की दिन दुनी, रात चौगुनी लोकप्रियता के बारे में जानते थे। वह नहीं चाहते थे कि बंगाल के ही दो लोगों में अध्यक्ष पद के लिए मुकाबला हो और उन्हें हार का मुंह देखना पड़े। मौलाना आजाद के पीछे हटने के बाद गांधीजी ने जवाहर लाल नेहरू को चुनाव लड़ने के लिए राजी करने की कोशिश की। उन्होंने नेहरू को लिखा, 'मौलाना साहब कांटों भरा ताज नहीं पहनना चाहते क्या आप इसके लिए तैयार है? हार के समक्ष नेहरू जी की अनिच्छा के कारण गांधी जी ने कहा कि अगर आप भी चुनाव नहीं लड़ते हैं तो पट्टाभि ही इकलौते विकल्प दिख रहे हैं।' वैसे रविंद्रनाथ टैगौर की इच्छा थी कि सुभाषचंद्र जी अध्यक्ष बने। उन्होंने महात्मा गांधी को खत भी लिखा कि सुभाष को दूसरा कार्यकाल दिया जाना चाहिए। लेकिन बापू नहीं माने। 29 जनवरी 1939 को चुनाव होना था। अंत में 29 जनवरी को कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए वोटिंग हुई। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के पक्ष में 1580 वोट पड़े जबकि सीतारमैया को 1377 वोट। बोस को बंगाल, मैसूर, यूपी, पंजाब और मद्रास से जबरदस्त समर्थन मिला। लगातार दूसरी बार कांग्रेस अध्यक्ष का ताज उनके सिर सजा। चुनाव से पहले ही कांग्रेस नेताओं में कड़वाहट घुल चुकी थी। चुनाव के बाद महात्मा गांधी के एक बयान से यह कटुता और बढ़ गई। उन्होंने सार्वजनिक तौर पर कह दिया कि पट्टाभि सीतारमैया की हार 'उनसे ज्यादा मेरी हार' है। त्रिपुरी अधिवेशन में कांग्रेस की अंदरूनी कलह और गुटबाजी खुलकर सामने आई। यहां तक कि दोनों गुटों के समर्थक आमने-सामने आ गए। त्रिपुरी अधिवेशन के अगले ही महीने अप्रैल 1939 में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने न सिर्फ कांग्रेस अध्यक्ष पद से बल्कि पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया। 3 मई 1939 को उन्होंने कलकत्ता की एक रैली में फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना का ऐलान किया और इस तरह उनकी राह कांग्रेस से अलग हो गई।

कांग्रेस से अलग होने के बाद सुभाषचंद्र का पूरा समय स्वतंत्रता के लिए संघर्ष खड़ा करने हेतु योजनाओं को मूर्त रूप देने में ही लगता था। भारत को आजादी दिलाने के लिए नेताजी ने आजाद हिंद फौज का गठन किया। उन्होंने एक बैंक भी स्थापित किया, जिसे दस देशों बर्मा, क्रोसिया, जर्मनी, नानकिंग, इटली, थाईलैंड, मंचूको, फिलीपींस और आयरलैंड ने मान्यता दी। नेताजी की ताकत बढ़ रही थी, लेकिन 18 अगस्त 1945 को अचानक सुभाष चंद्र बोस का निधन हो गया। नेताजी की मौत एक रहस्य है, क्योंकि जिस हवाई जहाज से वह यात्रा कर रहे थे, वह रास्ते से ही लापता हो गया था। यद्यपि आज तक किसी को पता भी नहीं चल सका कि सुभाष चंद्र बोस का हवाई जहाज कहां गया और क्या वाकई उनका निधन हो गया था अथवा उनका अपहरण कर लिया गया था।

> वास्तव में आजाद हिंद फौज एवं सुभाषचंद्र की बढ़ती हुई प्रसिद्धि से अंग्रेज बहुत व्याकुल थे। जब देश में अंग्रेजी सरकार हिंदुस्तान के युवाओं को सैनिक रूप में भर्ती कर द्वितीय विश्व युद्ध में विश्व का सिरमौर बनने का सपना पाले हर संभव प्रयास में जुटी थी तब अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए सुभाषचंद्र बोस ने जापान की मदद से 'आजाद हिंद फौज' का गठन किया। तब उनके द्वारा दिया गया 'जयहिंद' का यह नारा पूरे देश का राष्ट्रीय नारा बन गया।

# ग्रामीण चौपालों को लील गई राजनीति

-डॉ सत्यवान सौरभ

गांव की चौपाल की बात करूँ तो पुराने दिन याद आ जाते हैं, जब गांव के जोहड़/तालाब किनारे100 साल पुराने बरगद के पेड़ के नीचे 15- 20 पुराने दोस्त जो कि अब पड़ोसियों के रूप में बदल गए हैं, बैठे हुए आपस में गपशप लगाते नजर आते थे, उनकी उम्र भी करीब 70- 75 वर्ष हुआ करती थी। जब कभी मैं गांव की चौपाल के पास से गुजरता तो मुझे जहन में यही आता कि क्या कभी मैं भी इन चौपालों में शामिल हो पाऊंगा। लेकिन अब लगता है कि मैं कभी भी गांव की चौपाल में शामिल नहीं हो पाऊंगा। आपमें से ज्यादातर लोगों को पता नहीं होगा कि चौपाल क्या होती है?

रही नहीं चौपाल में, पहले जैसी बात।
नस्लें शहरी हो गई, बदल गई देहात।।
जब से आई गाँव में, ये शहरी सौगात।
मेड़ करें ना खेत से, आपस में अब बात।।

चार दशक पूर्व तक भारत के गांव कितने प्यारे थे, अपनी खूबसूरती पर चौपाले इतराया करती थी। उस वक्त चौपाले बारहमासी थी। सर्दियों में मुड्डों पर बैठे बुजुर्ग ग्रामीण बीचों-बीच चलते अलाव के सहारे आधी रात गुजर जाने तक बतियाते रहते थे। हालांकि उस वक्त पंचायती राज की राजनीति भी गांव में घुस चुकी थी इसके बावजूद ग्रामीणों के मन और मस्तिष्क साफ-सुथरे थे। हुक्के की गुड़गुड़ाहट के बीच उस वक्त धार्मिक एवं सामाजिक कथाओं पर आधारित साफ-सुथरी चचाएं हुआ करती थी। बदलते परिवेश में आज इन चचाओं को पूरी तरह नेस्तनाबूद कर दिया है। अब अधिकांश गांव में बारहमासी चौपाले सजने की बात तो कोसों दूर यदा-कदा चचाओं की गूंज सुनाई देती है। चौपाल से पूरी तरह तलाक पा चुके गांव के लोग दूषित होती मानसिकता के चलते टीवी मोबाइल या फिर चूल्हे तक सीमित हो चुके है।

शहरी होती जिंदगी,
बदल रहा हैं गाँव।
धरती बंजर हो गई,
टिके मशीनी पाँव।।
गलियां सभी उदास हैं,
सब पनघट हैं मौन।
शहर गए गाँव को, वापस
लाये कौन।।

गांवों की चौपालें राजनीति का ककहरा सीखने की पाठशाला रही हैं तो ग्रामीणों के आपसी विवादों को निपटाने की अदालत भी। हुक्का गुड़गुड़ाते पंच जब किसी फैसले पर पहुंचते हैं तो उसे पंच परमेश्वर के निर्णय के रूप में माना जाता रहा है। बड़ी बात यह है कि चौपाल पर होने वाले पंचायती फैसलों को अदालत में भी तरजीह मिलती है। इसी प्रकार चौपाल से राजनीतिक फरमान भी सुनाए जाते रहे हैं तथा जिसके पक्ष में पंचायती फैसला हो गया, फिर उसे गांव-बस्ती के लोग मिलकर फलीभूत करते रहे हैं।

गांव की चौपाल की बात करूँ तो पुराने दिन याद आ जाते हैं, चौपाल उसे कहते हैं, जहां बैठक आयोजित हो और क्षेत्र चारों ओर से खुला हो, यहां पर गांव के लोग बैठकर देश झविदेश की बातें करते या फिर गांव के भविष्य के बारे में चर्चा करते। आसान भाषा में मैं कह सकता हूं कि बरगद के नीचे 4-5 चारपाइयों पर बैठे वे बुजुर्ग चौपाल का हिस्सा होते हैं।

बदल गया तकरार में,
अपनेपन का गाँव।
उलझ रहें हर आंगना, फूट-कलह के
पाँव।।
पत्थर होता गाँव अब, हर पल करे पुकार।
लौटा दो फिर से मुझे, खपरैला आकार।।

गांव मैं अब न तो पहले जैसे त्योहारों की रौनक है और न ही शादी के वक्त महिलाओं द्वारा गाए जाने गीत। यहां तक की मौत पर हर घर में छा जाने वाला शोक का स्वरूप बदल गया है। पहले गांव में किसी जवान की मौत हो जाने पर उसके अंतिम संस्कार से पूर्व किसी भी घर का चूल्हा नहीं जलता था। लेकिन राजनीति के कारण पैदा हुई कटुता ने प्रेम के बंधन में बंधे गांव का माहौल इस कदर दूषित कर दिया कि महानगरों की खुदगर्जी की संस्कृति गांव में भी पड़ोसी की मौत पर दीवार सटे पड़ोसी की सेहत पर ज्यादा असर नहीं होता। अब गांव की चौपाल सिमट गयी है और घर में शाम को खाना होते वक्त हर घर की चौपाल वहीं पर आयोजित होती हैं। अब शायद गांव की चौपाल, फिर से जिन्दा नहीं हो पाएगी। बड़ा दुख होता है यह कहते हुए की मेरे देश की सबसे सच्ची न्याय प्रणाली आज खत्म हो रही हैं।

खत आया जब गाँव से, ले माँ का सन्देश।
पढ़कर आंखें भर गई, बदल गया वो देश।।
लौटा बरसों बाद मैं, बचपन के उस गाँव।
नहीं रही थी अब जहाँ, बूढी पीपल छाँव।।

परिवर्तन प्रकृति का नियम है और गांव में आया सांस्कृतिक सामाजिक व आर्थिक बदलाव में किसी दूसरे ग्रह से चलकर नहीं आया। बल्कि इंसान नहीं समय की रफ्तार से पैदा हुई आधुनिकता की दौड़ में शामिल होने के लिए नए आयामों को तलाशा में अंगीकार किया है। जिस प्रकार पुरानी इमारतें जमींदोज हो जाती है। ठीक उसी प्रकार पुरातन परंपराओं की छाती पर नए संसाधनों और संस्कृति ने स्वयं को प्रतिस्थापित किया है। अब हम लोगों का ये दायित्व बनता है कि हम सभी एक होकर ऐसी पुरानी परंपराओं को जोड़ें जो हमें मिलजुल कर रहने के लिए प्रेरित करें। चौपालों में लिए गए निर्णय पर शायद कभी अपील नहीं की जाती थी। इन सवालों के निर्णय में इंसानियत जिंदा नजर आती थी। मगर आज न्याय प्रणाली में इंसानियत से ज्यादा पैसों का महत्व नजर आता है। क्या मेरे देश में फिर से, क्या मेरे गांव में फिर से, उस बरगद के पेड़ के नीचे चौपाल बैठ पाएगी? खैर यह सोच कर भी क्या करना, क्योंकि चौपाल में बैठने का समय भी किसके पास रह गया ?

अपने प्यारे गाँव से, बस है यही सवाल।
बूढा पीपल हैं कहाँ,गई कहाँ चौपाल।।
चिठ्ठी लाई गाँव से, जब यादों के फूल।
अपनेपन में खो गया, शहर गया मैं भूल।।


**--- डॉ सत्यवान सौरभ,**
**कवि,स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार,**
**आकाशवाणी एवं टीवी पेनालिस्ट,**
**333, परी वाटिका, कौशल्या भवन,**
**बड़वा (सिवानी) भिवानी,**
**हरियाणा**


> गांव मैं अब न तो पहले जैसे त्योहारों की रौनक है और न ही शादी के वक्त महिलाओं द्वारा गाए जाने गीत। यहां तक की मौत पर हर घर में छा जाने वाला शोक का स्वरूप बदल गया है। पहले गांव में किसी जवान की मौत हो जाने पर उसके अंतिम संस्कार से पूर्व किसी भी घर का चूल्हा नहीं जलता था। लेकिन राजनीति के कारण पैदा हुई कटुता ने प्रेम के बंधन में बंधे गांव का माहौल इस कदर दूषित कर दिया कि महानगरों की खुदगर्जी की संस्कृति गांव में भी पड़ोसी की मौत पर दीवार सटे पड़ोसी की सेहत पर ज्यादा असर नहीं होता।

# आश्चर्य नहीं कि ये संकीर्णतावादी वीर अब्दुल हमीद व कलाम का भी विरोध करने लगे

**तनवीर जाफरी**

कांग्रेस सहित अन्य विभिन्न दलों में रहकर धर्मनिरपेक्ष राजनीति करने वाले कई नेता जबसे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ संरक्षित भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुये हैं तभी से उनके समक्ष अपने आप को वफादार भाजपाई ही नहीं बल्कि संघी विचारधारा का प्रबल समर्थक व ध्वजावाहक होने की भी गोया होड़ सी लगी हुई है। साम्प्रदायिकता फैलाने,सामाजिक तनाव पैदा करने तथा मुखरित होकर मुस्लिम समाज के विरोध का कोई भी अवसर यह गंवाना नहीं चाहते। फिर चाहे इन्हें आम मुसलमानों का विरोध करना हो या भारतीय इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अपना नाम दर्ज कराने वाले मुसलमान शासकों,योद्धाओं,सैनिकों अथवा अन्य प्रतिष्ठित लोगों का। वैसे भी इतिहास गवाह है कि लोकतंत्र में जो भी नेता या उनके दल विकास के नाम पर अथवा सर्व समाज के कल्याण के बल पर स्वयं को जनता के बीच स्थापित नहीं कर पाते वे ही सीमित,संकीर्ण जातिवादी,सम्प्रदायवादी,क्षेत्र व भाषा आदि की राजनीति कर किसी वर्ग विशेष को लुभाने का काम करते हैं। आजकल भारतीय राजनीति में इस प्रयोग को सफलता की गारण्टी के रूप में देखा जाने लगा है।

धर्मनिरपेक्षता का चोला फेंक खांटी हिन्दूवादी राजनीति के रास्ते पर चलने वाले ऐसे ही एक नेता हैं असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा। नेहरू-गांधी परिवार की क्षत्र छाया में रहकर अपने राजनैतिक जीवन में सफलता की मंजिलें तय करने वाले बिस्वा सरमा को जब से भाजपा ने असम का मुख्यमंत्री बनाया है तभी से वे अपनी कुर्सी को बरकरार रखने की खातिर अपनी वफादारी दिखाने के लिये नेहरू-गांधी परिवार को अपमानित करने,उनके लिये अपशब्द बोलने,असम में साम्प्रदायिक धुर्वीकरण कराने जैसी कोशिशों का कोई भी अवसर गंवाना नहीं चाहते। इसके लिये चाहे उन्हें देश के वास्तविक इतिहास पर पर्दा डालना पड़े,उसे झुठलाना पड़े या फिर अपनी सुविधानुसार नया इतिहास ही क्यों न गढ़ना पड़े। सरायघाट जिसे अब गुवाहाटी के नाम से जाना जाता है की लड़ाई में अहोम साम्राज्य और मुगलों के बीच ब्रह्मपुत्र नदी पर एक भीषण नौसैनिक युद्ध हुआ था। इस युद्ध में मुगलों के खिलाफ अहोम सेना के जनरल लचित बरफुकन के नेतृत्व में ही उनके काँधे से कांधा मिलाकर लड़ने वाले एक मुस्लिम योद्धा थे इस्माइल सिद्दीकी ऊर्फ बाघ हजारिका। जबकि मुगल सेना की कमान सेनापति राम सिंह के हाथों में थी। उधर बीजेपी पर यह आरोप भी लग रहे हैं कि वो अहोम सेनापति लचित बरफुकन को हिंदू राष्ट्रवादी नायक के रूप में पेश करने की कोशिश कर रही है। जबकि महान अहोम योद्धा लचित बरफुकन स्वयं भी हिंदू नहीं बल्कि अहोम थे। " असम के स्थानीय मुसलमान तो लचित बरफुकन के परम सहयोगी,बाघ हजारिका पर गर्व करते ही हैं आम असमी भी बाघ हजारिका को बड़े ही आदर व सम्मान की नजरों से देखता है। इस्माइल सिद्दीकी ऊर्फ बाघ हजारिका को असम की धर्मनिरपेक्ष संस्कृति का हीरो माना जाता है। बाघ हजारिका के वंशज अभी भी असम में ही रहते हैं। असमी इतिहास में लचित बरफुकन व उनके सहयोगी इस्माइल सिद्दीकी ऊर्फ बाघ हजारिका का गुण गान करने वाली अनेकानेक घटनाएं व लोक गीत आज भी दर्ज हैं।

परन्तु महज अपनी कुर्सी को सुरक्षित करने के मकसद से मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने एक नई मुहीम छेड़ दी है। इसके अंतर्गत बिस्वा सरमा इस्माइल सिद्दीकी ऊर्फ बाघ हजारिका को लचित बरफुकन का सहयोगी व तत्कालीन अहोम नव सेना का प्रमुख नहीं बल्कि केवल एक गढ़ा हुआ काल्पनिक चरित्र प्रचारित कर रहे हैं। सरायघाट(गुवाहाटी ) का युद्ध हुए साढ़े तीन सौ साल से अधिक समय बीत चुका है परन्तु आज तक किसी भी नेता या इतिहासकार ने भी बाघ हजारिका के अस्तित्व को लेकर ऐसा विवाद नहीं खड़ा किया। जबकि इतिहास बताता है कि अहोम जल सेना की कमान बाघ हजारिका यानी इस्माइल सिद्दीकी के हाथों में थी। असम के इतिहास विशेषकर 'स्वदेशी' असमिया मुसलमानों के लिए बाघ हजारिका की वीरता की कहानियों का महत्वपूर्ण सांस्कृतिक महत्व है। परन्तु बिस्वा सरमा की इस विवादित टिप्पणी के बाद असम के मुसलमानों को उनका वह अपेक्षित सन्देश पहुँच चुका है कि चूंकि बाघ हजारिका एक मुस्लिम योद्धा थे इसलिए असम भाजपा सरकार द्वारा उनके योगदान को मिटाने की कोशिश की जा रही है। मजे की बात यह भी है कि मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा से पहले राज्य में बीजेपी सरकार के ही मुख्यमंत्री रहे सबानंद सोनोवाल ने असम विधानसभा के भीतर बाघ हजारिका के बारे में यह कहा था कि सरायघाट के युद्ध में लचित बरफुकन के साथ बाघ हजारिका ने भी अहम भूमिका निभाई थी."

बाघ हजारिका यानी इस्माइल सिद्दीकी के अस्तित्व को नकारने व उन्हें काल्पनिक बनाने वाला संकीर्णतावादियों का यह वही 'गिरोह' है जो 18वीं सदी में मैसूर के शासक रहे टीपू सुल्तान को अपमानित करने की हर समय कोशिश में लगा रहता है। हमारा इतिहास जहाँ टीपू सुल्तान को मैसूर का शेर बताता है वहीं अंग्रेजों की दलाली,चाटुकारिता व उनसे मुआफी मांगने वालों के राजनैतिक वारिस टीपू सुल्तान को 'बर्बर', 'सनकी हत्यारा' और 'बलात्कारी' बताते रहते हैं। टीपू सुल्तान के साम्राज्य में हिंदू समुदाय के लोग बहुमत में थे परन्तु टीपू सुल्तान को हमेशा धार्मिक सहिष्णुता और उदारवादी विचारों के लिए जाना जाता है।

## फटाफट खबरें

### पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान मे झंडी मेकिंग व तिरंगा मेकिंग प्रतियोगिता कार्यक्रम संपन्न

**अखंड भारत संदेश**




**उन्नाव ।** वामा सारथी उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान मे जनपद उन्नाव की जनपदीय अध्यक्षा श्रीमती इंदिरा मीणा के कुशल निर्देशन में शासन के कैलेंडर के अनुसार आगामी गणतंत्र दिवस के पूर्व पुलिस लाइन में रहने वाले बच्चों के द्वारा आज झंडी मेकिंग व तिरंगा मेकिंग प्रतियोगिता का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें लाइन में रहने वाले नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपने रंगों से झंडी व तिरंगा झंडा बनाया। छात्राओं ने अपने रंगों से तिरंगा झंडा बनाकर अपनी कला का अद्भुत प्रदर्शन किया। परिवार कल्याण ग्रुप से इस कार्यक्रम में महिला मुख्य आरक्षी सुरेखा शर्मा, महिला मुख्य आरक्षी संगीता वर्मा, वामा सारथी कोऑर्डिनेटर डॉ. आशीष श्रीवास्तव व सहयोगी डॉ. मनीष सिंह सेंगर आदि लोग उपस्थित रहे।

### दम्पति में पुलिस ने कराई सुलह

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर महिला थानाध्यक्ष ने दम्पति के विवाद को समाप्त कराकर शादी के अटूट बंधन को टूटने से बचाया।

रविवार को कोतवाली कर्वी के ताम्रबनी गांव की श्रीमती कविता ने पुलिस अधीक्षक को दिये पत्र में बताया कि उसके पति राममनोहर पुत्र महाबलि आये दिन विवाद कर खर्चा न देकर घर से निकाल दिये हैं। महिला थानाध्यक्ष श्रीमती शालिनी भदौरिया ने महिला की शिकायत को विस्तार से समझकर पति पक्ष को थाने बुलाया। थाने में दोनों पक्षों को समझाकर भविष्य में विवाद न करने की राय दी।

महिला थानाध्यक्ष ने दम्पति की सुलह होने के बाद कहा कि पति-पत्नी अपने दायित्वों का सही ढंग से निर्वाह करें। आपस में तालमेल बनाये रखें। इस मौके पर महिला थानाध्यक्ष श्रीमती शालिनी भदौरिया, महिला सिपाही रीता यादव व नीतू द्विवेदी मौजूद रहीं।

### तीस को एमएलसी चुनाव को प्रशासन मुस्तैद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** इलाहाबाद-झांसी खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग आफीसर/जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने सभी से कहा है कि उप्र विधान परिषद के इलाहाबाद-झांसी खण्ड शिक्षक के चुनाव तीस जनवरी को सवेरे आठ बजे से शाम चार बजे तक जिले के मतदेय स्थलों में होंगे।

उन्होंने बताया कि निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जो पेश नहीं कर पाते, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने को वैकल्पिक फोटो पहचान पत्र दस्तावेजों में से कोई एक पेश करना होगा। इसमें आधारकार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैनकार्ड, भारतीय पासपोर्ट, राज्य व केन्द्र सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के निकाय या अन्य औद्योगिक घरानों के कर्मचारियों को जारी किये गये सेवा पत्रों, सांसद-विधायकों के जारी पहचान पत्र, शैक्षणिक संस्थाओं के पहचान पत्र दिखाने होंगे।

उन्होंने कहा कि बिना किसी प्रमाण पत्र के कोई भी मतदान नहीं कर सकेगा। उन्होंने बताया कि मतदान स्थल क्रम संख्या 62 चित्रकूट इंटर कालेज, नगर पालिका परिषद कर्वी मतदान केन्द्र क्षेत्र पंचायत कार्यालय कर्वी, क्षेत्र पंचायत कार्यालय मानिकपुर, क्षेत्र पंचायत पहाडी आदि बनाये गये हैं।

### पुलिस ने 22 वर्षीय बालिका को परिजनों के किया सुपुर्द

**अखंड भारत संदेश**




**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर कोतवाली कर्वी पुलिस ने आपरेशन मुस्कान के तहत गुमशुदा बालिका को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया।

रविवार को कोतवाली कर्वी के दरोगा रामआसरे यादव ने बताया कि रात में उनकी टीम भ्रमण शील थी। मानसिक रुप से विक्षिप्त 22 वर्षीय बालिका कुमारी संगीता उन्हें मिली। उससे बात की गई तो पता चला कि वह लवकुशनगर जिला छतरपुर मध्य प्रदेश की है। पुलिस ने तत्काल लवकुशनगर मप्र से कुमारी संगीता से परिजनों से सम्पर्क किया।

उन्हें कोतवाली कर्वी बुलाकर संगीता को परिजनों के सुपुर्द किया। पुत्री को पाकर परिजनों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने पुलिस की जमकर सराहना की। टीम में दरोगा रामआसरे यादव, सिपाही आकाश, गोलू भार्गव, महिला सिपाही करुणा मिश्रा, संयोगिता चैहान शामिल रहे।

### स्थानीय लेखपाल की सह पर भू माफिया ने कब्जा कर लिया करोड़ों की नजूल भूमि

**सुलतानपुर। जिले** के दूबेपुर ब्लाक मुख्यालय के आस पास बेशकीमती जमीन पर भू-माफियाओं की नजर टेढ़ी हो गई। उन लोगों ने पायलट, तालाब व नजूल की करोड़ों की जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया। जिसकी जानकारी स्थानीय लेखपाल को कई बार दी गई। फिर भी कार्यवाही नहीं हुई। सूबे में योगी सरकार दूसरी बार आते ही एंटी भू माफिया पोर्टल यूपी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लांच किया गया है। इस पोर्टल को लांच करने का उद्देश्य राज्य में हो रहे जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ शिकायत दर्ज करने से है। ताकि शिकायतकर्ता की समस्या मुख्यमंत्री तक आसानी से पहुंच सके और उनकी समस्याओं का निवारण सरकार द्वारा जल्द से जल्द किया जा सके। भू माफिया के द्वारा जबरन जमीन कब्जा करने पर अवैध निर्माण करने पर भू मालिक को या किसानों को समस्याओं का काफी सामना करना पड़ता है। ऐसी समस्या को देखते हुए यूपी सरकार द्वारा एंटी भू माफिया पोर्टल की शुरूआत की गयी है। जिसमे भूमि का मालिक ऑनलाइन अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं और समस्याओं से छुटकारा पा सकते है। लेकिन जब कहीं सरकारी भूमि पर कब्जा होते देख सब अपनी आंखें बंद कर लेते हैं। ताजा मामला सामने आया है दूबेपुर ब्लाक के लाखीपुर ग्राम पंचायत का जहां स्थानीय लेखपाल सुशील पांडेय की सह पर पुराने हवाई अड्डे के पास में बन रही भारी भरकम राइस मिल इस मिल को बनाने के लिए श्यामू नाम के व्यक्ति ने सबसे पहले चार बिस्वा भूमि एक ली कुछ दिन बाद उसी जमीन के बगल फिर जमीन ली गई, उसके बाद शुरू हुआ खेल अवैध कब्जा का, सूत्रों की मानें तो तकरीबन दस बिस्वा भूमि सरकारी है जिसमें तालाब, पायलट और नजूल भूमि है जिसकी पुष्टि स्वयं लेखपाल ने की।

# सात बार केन्द्रीय मंत्री रहने के बाद भी पं जनेश्वर मिश्र के पास नहीं था गाडी-बंगला: अनुज

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी के महान चिंतक एवं प्रखर वक्ता पं जनेश्वर मिश्र के चित्र पर माल्यार्पण कर सपाइयों ने उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने सपाइयों के बीच उनके जीवन एवं संघर्षों से भरे दिन को याद किया।

रविवार को सपा जिला कार्यालय में सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने कहा कि समाजवादी विचारधारा के प्रति निष्ठा के कारण उन्हें छोटे लोहिया के नाम से जाना जाता है। कई बार लोकसभा व राज्यसभा के सदस्य रहे पं जनेश्वर मिश्र, मोरारजी देसाई, चैधरी चरण सिंह, विश्वनाथ प्रताप सिंह, चन्द्रशेखर, एचडी देवगौडा और इन्द्र कुमार गुजराल के मंत्रि मंडलों में काम किया। सात बार केन्द्रीय मंत्री रहने के बाद भी उनके पास न तो खुद की गाडी थी और न ही बंगला। समाजवादी विचारधारा के प्रति अपार निष्ठा रखने वाले पं जनेश्वर मिश्र के रोम-रोम में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लखनऊ में एशिया का सबसे बडा पार्क बनाकर श्रद्धांजलि देने का काम किया है।

सदर विधायक अनिल प्रधान ने कहा कि बलिया के साधारण किसान परिवार में जन्मे पं जनेश्वर मिश्र ने संघर्षों के बूते देश की राजनीति को नई दिशा देने का काम किया है। पढाई को इलाहाबाद विश्वविद्यालय में 1967 से अपना राजनीतिक सफर शुरू कर फूलपुर सीट से 1969 के उपचुनाव में मिश्रा लोकसभा



पहुंचे। महान समाजवादी नेता राजनारायण ने उन्हें छोटे लोहिया का नाम दिया। छोटे लोहिया का संघर्ष अन्याय और भ्रष्टाचार के खिलाफ आजीवन जारी रहा। पं जनेश्वर मिश्र कहते थे कि देश को विकास और तरक्की का रास्ता लोहिया और अम्बेडकर की सोच का रास्ता है। भ्रम और अतिवाद देश को पतन की ओर ले जायेगा। इस मौके पर प्रवक्ता सुभाष पटेल, मो गुलाब खां, जिला महासचिव फराज खान, वरिष्ठ सपा नेता मान सिंह पटेल, पप्पू जायसवाल, अमर सिंह पटेल, चन्द्रभान यादव, रामप्रसाद वर्मा, सीताराम कश्यप, रामसनेही खंगार, राधेश्याम निषाद, मो रेहान, आशुतोष अग्रहरि, रामनरेश अग्रहरि, रोहित यादव, शेरा यादव, अनूप यादव आदि मौजूद रहे।

## पुलिस अधीक्षक ने विवादित जोड़ों को बुलाकर उपजे विवादों को कराया खत्म

**अखंड भारत संदेश**

**उन्नाव ।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीना के कुशल निर्देशन में विभिन्न थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त महिला थाना से 6, थाना अजगैन से 1, थाना सोहरामऊ 1, थाना आसीवन से 2, थाना सफीपुर से 1, थाना अचलगंज से 1, थाना औरास से 1, व परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस लाइन से 4 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने की सहमति वादों के साथ विदा किया गया। इस कार्य में डा0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति एवं



सलाहकारों में राजेन्द्र सिंह सेंगर, अबरार हुसैन, राम शंकर वर्मा, यतीन्द्र नाथ मिश्रा, अमरपाल सिंह, डामनीष सिंह सेंगर, प्रभा यादव, नीना दीक्षित, सबिहा उमर, डा0 शशी रंजना अग्निहोत्री, डा0 एस. के. पाण्डेय, बांगरमऊ हेल्प हेस्क से अबसार अली खांन एंव डा0 सगीर अहमद खांन, परिवार परामर्श प्रभारी उ.नि. राजबहादुर सिंह महिला थाना प्रभारी पुष्पा सिंह, महिला मु. आ. मिथलेश, मा. अ. अंजुला साधना व हेल्पडेस्क मे नियुक्त महिला आरक्षियों में प्रियंका चौधरी, ममता, सुधा गोस्वामी दीक्षित, पूजा यादव, आशी, प्रीति एंव तरुण व रोशनी आदि का विशेष योगदान रहा।

## पुलिस कार्य प्रणाली की छात्रों को दी जानकारी



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस उपमहानिरीक्षक डॉ विपिन कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने गृह मंत्रालय से संचालित राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी लखनऊ के पुलिस विज्ञान में डिप्लोमा कर रहे बीस छात्रों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय राघव प्रेक्षागार में वार्ता की।

रविवार को वार्ता में छात्रों को पुलिस की कार्य प्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। डीआईजी डॉ विपिन मिश्रा ने छात्रों को पुलिस विभाग में सीसीटीएनएस में किये जा रहे कार्य एवं पुलिस संबंधित कार्य प्रणाली की जानकारी दी। उन्होंने छात्रों के प्रश्नों के जवाब भी दिये। सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय ने छात्रों को थाना कोतवाली कर्वी का विजिट कराया। कर्वी कोतवाल अवधेश मिश्रा ने थाना स्तर पर किये जाने वाले कार्यों एवं सभी प्रकार की कार्यवाही की जानकारी दी। छात्रों को पुलिस लाइन भी दिखाया गया। यहां पुलिस के रहने व खाने-पीने की दिनचर्या एवं पुलिस को उपलब्ध संसाधनों एवं रख-रखाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

इस मौके पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय, सीओ लाइन राजकमल, प्रतिसार निरीक्षक सुमेर सिंह आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिले में संगठन की ब्लॉक इकाइयों के चुनाव सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रान्तीय/मंडल के निर्देश पर चित्रकूट की ब्लॉक इकाइयों का चुनाव जिला पंचायत सभागार में हुआ। पूर्व कार्यक्रम अनुसार निर्वाचन पर्यवेक्षक श्यामसुंदर मिश्रा एवं निर्वाचन अधिकारी सचिंद्र उपाध्याय ने चुनाव कराया।

रविवार को पहाड़ी ब्लाक से रामभद्र त्रिपाठी अध्यक्ष एवं कार्यकारी अध्यक्ष अजीम मोहम्मद, मंत्री धर्मेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष पंकज मिश्र, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ब्रम्हदीन मिश्रा निर्विरोध निर्वाचित हुए। चित्रकूट ब्लाक से अध्यक्ष दिनेश दीक्षित, मंत्री रविशंकर गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष सुमित कुमार निर्विरोध निर्वाचित हुए। मानिकपुर ब्लाक से अध्यक्ष युगुल किशोर तिवारी, मंत्री रवि करण तथा मऊ ब्लाक से अध्यक्ष नीलेश शुक्ला, मंत्री शिवशंकर भार्गव निर्विरोध



निर्वाचित हुए। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। समस्त निर्वाचन जिला संयोजक सीताराम सिंह, बाबूलाल यादव, सोमनाथ यादव, लवकुश मंडली मीडिया प्रमुख, सर्वजीत सिंह, श्रीमती द्रोपदी अग्रवाल, जिला सदस्यता प्रमुख विनोद अवस्थी, प्रमोद चैरसिया, प्रेमचंद्र शिवहरे, दिवाकर सिंह, चंद्रप्रकाश द्विवेदी, आजाद सिंह, ललक पांडेय, गुरु प्रसाद मिश्र, विनोद सिंह हाड़ा, लवकुश द्विवेदी, भवदत्त मिश्र आदि सभी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। पंडित सुनील नवोदित ने अपनी कविताओं से शिक्षकों को उत्साहित किया।

इस मौके पर विनोद अवस्थी, हेमराज गर्ग, विमल सिंह, अनिल अनिवार्य, विकास सिंह, यामेंद्र, राजेंद्र कुमार, राजेश, अनुज त्रिपाठी, प्रमोद, सभ्या सिंह, प्रशांत, कामद श्रीवास्तव, सुदीप द्विवेदी समेत सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

## सहभागिता से चलायें स्वच्छता अभियान



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कामदगिरि स्वच्छता समिति के 53वें अभियान में ब्रांड एम्बेसडर राकेश केशरवानी ने कामदगिरि परिक्रमा मार्ग में सफाई अभियान चलाया। उन्होंने भरतमिलाप के पास सफाई अभियान में कहा कि आपसी सहभागिता से अभियान को सफल बनाया जा सकता है।

रविवार को कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष राकेश केशरवानी ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान एक राष्ट्रीय अभियान है। महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के चलते हमारा देश स्वच्छ व साफ-सुथरा रहे। स्वच्छ भारत मिशन के शिवा कुमार ने कहा कि स्वच्छता के महत्व के बारे में हम अभी पिछडे हैं। स्वच्छता पर सभी को विचार करना चाहिए।

खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकान्त शुक्ला ने कहा कि स्वच्छता का उद्देश्य पवित्र एवं शुद्ध रहना है। चरित्र की शुद्धता एवं पवित्रता बेहद आवश्यक है। बाहर की सफाई भी उतनी ही आवश्यक है। इस मौके पर कृष्णा शुक्ला, अंजू वर्मा, शुभम केशरवानी, जानकी प्रसाद, जितेन्द्र केशरवानी, विनोद कुमार, रहमत अली व नगर पालिका की टीम मौजूद रही।

## दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मिल्कीपुर, अयोध्या। महिला** से दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आरोपी युवक को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय ले गई जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मिल्कीपुर तहसील के थाना खंडासा अंतर्गत एक गांव का एक युवक ने गांव की एक महिला के साथ जबरिया दुष्कर्म कर दिया था। पीड़ित महिला ने अपने साथ घटित घटना की लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र खंडासा पुलिस को दिया था तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 376, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर




आरोपी की तलाश में जुटी थी। लेकिन महिला से दुष्कर्म करने वाला आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर हो जा रहा था। खंडासा पुलिस को सूचना मिली की महिला से दुष्कर्म करने वाला आरोपी थाना क्षेत्र की अमानीगंज बाजार के पास हाड़मऊ तिराहा पर मौजूद हैं। जानकारी होते ही थानाध्यक्ष मनोज कुमार यादव, उपनिरीक्षक बिनय यादव, कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार, अंशु महिला कांस्टेबल पूजा यादव के साथ मौके पर पहुंचकर आरोपी को पकड़कर थाने ले आए जहां पर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय अयोध्या भेजा गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित महिला की तहरीर पर 5 दिन पूर्व संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार चल रहा था जिसको आज गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## 11वीं के छात्र ने फांसी लगाकर दी जान, परिजनों ने कहा, रात तक सब कुछ ठीक था

**वाराणसी। मंडुआडीह** थाना क्षेत्र के आदर्श नगर कॉलोनी में बीती रात कक्षा 11 के छात्र शिवम मौर्या (16) ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। शिवम मूलरूप से आजमगढ़ का निवासी था। आदर्श नगर कॉलोनी में बड़े पिता श्याम मुरारी मौर्य के यहां रहकर कोचिंग करता था। घटना से परिजन सकते में है उन्होंने कहा की रात तक सब कुछ ठीक था। पता नही ऐसा क्या हुआ की शिवम ने ऐसा खौफनाक कदम उठा लिया।

ग्राम बछवल थाना मेहनगर आजमगढ़ निवासी मृतक शिवम तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उसके दो भाई प्रयागराज में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे है। शिवम की पिता की पहले ही मौत हो चुकी है।

## बिजली बनाते समय एक की मौत, एक घायल

**वाराणसी। सारनाथ थाना** क्षेत्र में दो लाइन मैन काम करते वक्त झुलस गए।जिसमे एक की मौत हो गई।और दूसरा घायल हो गया।जानकारी के अनुसार सिगरा थाना क्षेत्र के नगर निगम पवार हाउस के बगल में शनिवार को लाइट बनाने के लिए पोल पर चढ़े ज्ञानेंद्र कुमार (40)गंभीर रूप से झुलस गए।उन्हें हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया। हालत गंभीर बनी हुई हैं। उधर सारनाथ थाना क्षेत्र के हवेलियां चौराहा के पास दिव्य अपार्टमेंट में लगे मवैया फीडर के ट्रांसफार्मर पर डिओ का फ्यूज जोड़ते समय कौआपर चौबेपुर निवासी संविदाकर्मी लाइन मैन शिवप्रकाश पाल (25)बिजली का झटका लगने से नीचे गिर गया।मौके पर सहकर्मियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला अस्पताल ले गए जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगो को समझा बुझाकर मामला शांत कराया।

## तालिबान के झंडे संग संयुक्त राष्ट्र टीम ने खिंचाई फोटो, मांगनी पड़ी

**न्यूयार्क।** संयुक्त राष्ट्र संघ की टीम अफगानिस्तान के दौरे पर गई तो तालिबान के झंडे संग फोटो खिंचवा ली। अब यह फोटो खिंचवाना इस टीम को महंगा पड़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आलोचना के बाद संयुक्त राष्ट्र संघ को अपनी टीम के इस कृत्य के लिए माफी मांगनी पड़ी है। जानकारी के मुताबिक संयुक्त राष्ट्र संघ की उप महासचिव अमीना मोहम्मद ने पिछले सप्ताह अफगानिस्तान का दौरा किया था। उनके साथ संयुक्त राष्ट्र संघ की दो और शीर्ष अधिकारी सीमा बाहौस और खालेद अमीरी ने अफगानिस्तान का चार दिवसीय दौरा किया था। इस दौरान संयुक्त राष्ट्र संघ के कुछ अधिकारियों ने तालिबान के झंडे के साथ तस्वीरें लीं और उन्हें सोशल मीडिया पर



पोस्ट कर दिया। जिसके बाद संयुक्त राष्ट्र संघ की आलोचना होने लगी और लोगों ने संयुक्त राष्ट्र की निष्पक्षता और अखंडता पर सवाल उठा दिए। बता दें कि तालिबान के झंडे को अभी तक वैश्विक स्तर पर मान्यता नहीं मिली है। नेशनल रेजिस्टेंट फ्रंट ऑफ अफगानिस्तान के विदेश मामलों के प्रमुख अली मैजम नाजरी ने एक ट्वीट करते हुए लिखा कि संयुक्त राष्ट्र संघ के लोग काबुल में एक आतंकी संगठन के झंडे के साथ तस्वीर लेकर संयुक्त राष्ट्र की निष्पक्षता पर सवाल खड़े कर रहे हैं। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव से मामले की जांच कराने की मांग की है। उन्होंने तर्क दिया है कि ऐसे असंवेदनशील कार्यों से संयुक्त राष्ट्र की प्रतिष्ठा को धूमिल कर सकता है। उल्लेखनीय है कि तालिबान ने अफगानिस्तान की सत्ता कब्जाने के बाद इसके झंडे में भी बदलाव किया था। तालिबान का नया झंडा सफेद रंग का है और उस पर शहादा लिखा है। इससे पहले अफगानिस्तान का झंडा हरे और लाल रंग का था। दुनिया के कई देशों ने तालिबान के नए झंडे को मान्यता नहीं दी है। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र संघ के अधिकारियों की तालिबान के झंडे के साथ तस्वीरें सामने आने के बाद इस पर विवाद हो गया है।

आलोचना के बाद संयुक्त राष्ट्र संघ ने इस पर माफी मांगी है। संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियो गुटेरस के प्रवक्ता फरहान हक ने बताया कि यह तस्वीर नहीं ली जानी चाहिए थी। यह साफ तौर पर गलती है और हम इसके लिए माफी मांगते हैं। जिन कर्मचारियों ने यह तस्वीर ली है, उनके अधिकारी इस बारे में उनसे बात करेंगे।

## न्यायिक प्रणाली में बदलाव की नेतन्याहू सरकार की योजना के खिलाफ सड़कों पर उतरे लोग

**तेल अवीव।** इज़राइल में न्यायिक प्रणाली में बदलाव की प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू नीत सरकार की योजना का विरोध करने के लिए तेल अवीव में रात हजारों लोग सड़कों पर उतर आए। विरोधियों का आरोप है कि न्यायिक प्रणाली में बदलाव की नेतन्याहू सरकार की योजना ने देश के बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांतों को खतरे में डाल दिया है। इज़राइली मीडिया ने पुलिस के हवाले से कहा कि तेल अवीव में लगभग एक लाख लोगों ने नेतन्याहू सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। नेतन्याहू के नेतृत्व में गठित मौजूदा सरकार को इज़राइल के इतिहास की सबसे अधिक रूढ़ीवादी और राष्ट्रवादी सरकार बताया जा रहा है।न्यायिक प्रणाली में बदलाव की सरकारी योजना के खिलाफ तेल अवीव में



पिछले हफ्ते भी बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए थे। नेतन्याहू ने विरोध के बावजूद न्यायिक प्रणाली में बदलाव की योजना पर आगे बढ़ने की प्रतिबद्धता जताई है।उनकी सरकार का कहना है कि शक्ति असंतुलन ने न्यायाधीशों और सरकारी कानूनी सलाहकारों को कानून निर्माण और शासन प्रणाली में बहुत हावी बना दिया है।तेल अवीव में प्रदर्शन कर रहे लोगों ने हाथों में तख्तियां और बैनर थाम रखे थे, जिन पर लिखा था, 'हमारे बच्चे तानाशाही के साये में नहीं जिएंगे' और 'इज़राइल, हमारे समक्ष एक समस्या है।' प्रदर्शन में शामिल विपक्षी नेता एवं पूर्व प्रधानमंत्री यायर लेपिड ने कहा, 'यह देश की रक्षा के लिए किया जा रहा विरोध-प्रदर्शन है। लोग आज यहां अपने लोकतंत्र की रक्षा के लिए एकत्रित हुए हैं।' प्रदर्शनकारी छात्र लायोर ने कहा, 'सभी पीढ़ियां चिंतित हैं। यह कोई मजाक नहीं है। यह लोकतंत्र की पूर्ण पुनर्व्याख्या है।' यरूशलम, हाइफा और बेर्शेबा जैसे शहरों में सरकार विरोधी प्रदर्शन होने की खबरें हैं।

## मस्क टेस्ला की खरीद संबंधी ट्वीट मामले में अदालत में पेश हुए

**न्यूयार्क।** अरबपति कारोबारी एलन मस्क अपनी इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी टेस्ला की खरीद के संबंध में किए गए ''भ्रामक'' ट्वीट से जुड़े मामले की सुनवाई के लिए अदालत में पेश हुए। यह मामला मस्क के सात अगस्त 2018 को किए गए दो ट्वीट से संबंधित है। मस्क ने दोनों ट्वीट में कहा था कि उन्होंने टेस्ला को खरीदने के लिए पर्याप्त वित्त का इंतजाम कर लिया है। हालांकि, इस सौदे को कभी अमल में नहीं लाया जा सका। इसके बाद, टेस्ला के शेयर धारकों ने मस्क पर यह कहते हुए मुकदमा किया कि उनके ट्वीट से उन्हें भारी नुकसान पहुंचा।काला सूट पहने मस्क सैन फ्रांसिस्को की दीवानी अदालत में पेश हुए। उनके वकील ने मामले को टेस्ला के मुख्यालय टेक्सास स्थानांतरित किए जाने का अनुरोध किया, जिसे अदालत ने ठुकरा दिया। नौ न्यायाधीशों की जूरी यह फैसला करेगी कि क्या इन ट्वीट ने टेस्ला के शेयर धारकों को दस दिन की अवधि में भारी नुकसान पहुंचाया। इस मामले में मस्क ने स्वीकार किया है कि उन्होंने जिस खरीद की योजना बनाई थी, उस पर अमल नहीं हो सका। मस्क ने ट्वीट किया था कि उन्होंने टेस्ला की



खरीद के लिए 72 अरब डॉलर ''धन जुटा लिया'' है। उस समय टेस्ला उत्पादन संबंधी समस्याओं से जूझ रही थी। इसके बाद, उन्होंने एक अन्य ट्वीट किया था कि इस संबंध में सौदा जल्द ही होने वाला है, जबकि ऐसा कोई सौदा नहीं हुआ। ट्विटर को पिछले साल 44 अरब डॉलर में खरीदने वाले मस्क ने शुक्रवार को अदालत में कहा कि ट्वीट करना निवेशकों से संवाद करने का ''सबसे लोकतांत्रिक तरीका'' है। उन्होंने शेयर धारकों के वकील निकोलस पोरिट द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में कहा, ''मैं खुदरा निवेशकों की बहुत परवाह करता हूं।'' हालांकि, मस्क ने साथ ही कहा कि ट्विटर पर शब्दों की निर्धारित सीमा के कारण इस मंच पर बात को विस्तार से नहीं कहा जा सकता। संघीय अदालत के न्यायाधीश पहले ही निर्धारित कर चुके हैं कि मस्क के दोनों ट्वीट गलत थे। अब सुनवाई के दौरान ज्यूरी तय करेगी कि क्या मस्क ने निवेशकों को जानबूझकर धोखा दिया और क्या इससे उन्हें नुकसान हुआ।

## पेरू में सरकार के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन, पर्यटन स्थल 'माचू पिच्चू' को किया गया बंद

**लीमा (पेरू)।** पेरू के राष्ट्रपति पेड्रो कैस्टिलो को पद से हटाए जाने के बाद सरकार के खिलाफ एक महीने से जारी प्रदर्शन के




हिंसक हो जाने पर मशहूर पर्यटन स्थल माचू पिच्चू के प्रसिद्ध प्राचीन खंडहरों को अनिश्चित समय के लिए बंद कर दिया गया है। यह जानकारी संस्कृति मंत्रालय ने दी। मंत्रालय ने कहा है कि पर्यटकों व स्थानीय लोगों की सुरक्षा के मद्देनजर माचू पिच्चू और इंका ट्रेल को बंद करने का फैसला करना पड़ा। पर्यटन मंत्री लुइस फर्नांडो हेलगुएरो ने कहा है कि माचू पिच्चू में 417 पर्यटक फंसे हुए हैं। उनमें से 300 से अधिक विदेशी नागरिक हैं। उल्लेखनीय है माचू पिच्चू दुनिया के सात अजूबों में से एक है।

## ब्राजील के सेना प्रमुख जनरल जूलियो सीजर डी अरुडा बर्खास्त

**ब्रासीलिया।** ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा ने ब्राजील के सेना प्रमुख जनरल जूलियो सीजर डी अरुडा को पद से बर्खास्त कर दिया। उनकी जगह दक्षिण पूर्व सैन्य कमान के प्रमुख जनरल टामस मिगुएल रिबेरो पाइवा लेंगे। हाल ही में पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो के



समर्थकों के सरकारी भवनों पर धावा बोलने और सार्वजनिक संपत्ति को नष्ट करने के बाद राष्ट्रपति लूला ने सेना पर शिकंजा कसा है। लूला ने सार्वजनिक रूप से कई बार कहा कि निश्चित रूप से सेना में ऐसे लोग थे, जिन्होंने दंगे होने दिए।

## न्यूजीलैंड में लेबर पार्टी ने क्रिस हिपकिंस को नेता चुना, नए प्रधानमंत्री घोषित

**वेलिंगटन (न्यूजीलैंड)।** न्यूजीलैंड की लेबर पार्टी ने रविवार को संसद में केंद्रीय शिक्षा, पुलिस और लोक सेवामंत्री क्रिस हिपकिंस को अपना नया नेता चुनते हुए देश का अगला प्रधानमंत्री घोषित किया। 44 वर्षीय हिपकिंस देश के 41वें प्रधानमंत्री होंगे। वह जैसिंडा अर्डर्न का स्थान लेंगे। केलस्टन से सांसद एवं कैबिनेट मंत्री कार्मेल सेपुलोनी को उप प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया है।करीब साढ़े पांच साल तक न्यूजीलैंड के शीर्ष पद पर रहीं अर्डर्न ने गुरुवार को यह घोषणा कर 50 लाख की आबादी वाले अपने देश को चौंका दिया था कि वह प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे रही हैं। हिपकिंस आठ महीने से



कम समय तक प्रधानमंत्री का पद संभालेंगे। इसके बाद देश में आम चुनाव होगा। चुनाव पूर्व सर्वेक्षणों में लेबर पार्टी की स्थिति मुख्य प्रतिद्वंद्वी नेशनल पार्टी से बेहतर है। अर्डर्न मात्र 37 साल की उम्र में न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री बनी थीं।अर्डर्न की न्यूजीलैंड में हुई गोलीबारी की अब तक की सबसे भयंकर वारदात और कोरोना महामारी से निपटने के लिए दुनियाभर में प्रशंसा की गई। माना जाता है कि वह देश में काफी राजनीतिक दबाव का सामना कर रही थीं।

अर्डर्न ने नम आंखों के साथ गुरुवार को पत्रकारों से कहा था कि सात फरवरी का दिन बतौर प्रधानमंत्री उनका आखिरी दिन होगा। मेरे कार्यकाल का छठा वर्ष शुरू होने जा रहा है और बीते हर साल में मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है। न्यूजीलैंड में अगला आम चुनाव 14 अक्टूबर को होगा। वह तब तक सांसद के रूप में काम करती रहेंगी।

## जापान में अपार्टमेंट में लगी आग लगी, चार की मौत



**टोक्यो।** जापान के पश्चिमी शहर कोबे में एक अपार्टमेंट में रविवार सुबह आग लग गई। इस दौरान आग की लपटों से झुलसे चार लोगों की मौत हो गई। झुलसे चार अन्य लोगों की हालत गंभीर है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अग्निशमन विभाग को स्थानीय समयानुसार 01:35 बजे कोबे के ह्योगो वार्ड में अपार्टमेंट की पहली मंजिल आग लगने की सूचना मिली। मौके से चार लोगों के शव बरामद हुए। बुरी तरह झुलस चुके चार अन्य लोग अचेत मिले। उन्हें अस्पताल ले जाया गया। अग्निशमन विभाग का कहना है कि एक घंटे में आग पर नियंत्रण पाल लिया गया।

## कैबिनेट बैठक में गैबॉन के विदेश मंत्री को हार्ट अटैक, अस्पताल में हुई मौत

**लिबरविले।** मध्य अफ्रीकी देश गैबॉन के विदेश मंत्री माइकल मौसा एडमो की मृत्यु हो गयी। एडमो कैबिनेट बैठक में भाग ले रहे थे। बैठक के दौरान ही उन्हें हार्ट अटैक हुआ और अस्पताल में उनकी जान चली गयी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक गैबॉन के 62 वर्षीय विदेश मंत्री माइकल मौसा एडमो कैबिनेट बैठक में बैठे ही थे कि अचानक उन्हें अपनी तबीयत नासाज महसूस हुई। उन्हें गैबॉन के सैन्य अस्पताल ले जाया गया, जहां पता चला कि उन्हें हृदयाघात हुआ था। हार्ट अटैक के कारण उनकी हालत बिगड़ी थी। बाद में इलाज के दौरान एडमो का निधन हो गया।

गैबॉन के राष्ट्रपति अली बोंगो ओडिम्बा के बेहद करीबी माने जाने वाले एडमो के निधन के बाद गैबॉन में शोक की लहर व्याप्त हो गयी। राष्ट्रपति ओडिम्बा ने एक ट्वीट में उन्हें एक महान राजनयिक और एक वफादार दोस्त बताते हुए गैबॉन के लिए एक बड़ी क्षति बताया। उन्होंने लिखा कि विदेश मंत्री माइकल मौसा एडमो आज हमें छोड़कर चले गए। वह एक बहुत महान राजनयिक, एक सच्चे राजनेता थे। मेरे लिए, वह सबसे पहले एक मित्र फिर एक वफादार राजनेता थे। जिन्हें मैं हमेशा चाहता था।

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोशल मीडिया पर ट्वीट कर गैबॉन के विदेश मंत्री माइकल



मौसा एडमो के असामयिक निधन पर दुःख व्यक्त किया जिन्हें उन्होंने 'भारत का मित्र' कहा। जयशंकर ने ट्वीट किया कि गैबॉन के विदेश मंत्री और भारत के मित्र, माइकल मौसा एडमो के निधन के बारे में सुनकर सदमे में हूं। इस असामयिक नुकसान के लिए उनके परिवार और गैबॉन सरकार के प्रति संवेदनाएं।

## महिलाओं के अधिकार बहाल करने के मुद्दे पर Taliban में एक राय नहीं : संरा

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र की उप महासचिव अमीना मोहम्मद के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने अफगानिस्तान की चार दिवसीय यात्रा के दौरान तालिबान से महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों को बहाल करने की अपील की। संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने कहा कि तालिबान के कुछ अधिकारी महिलाओं के अधिकारों को बहाल करने के पक्ष में थे, लेकिन अन्य स्पष्ट रूप से इसके खिलाफ थे। संयुक्त राष्ट्र की टीम ने राजधानी काबुल और दक्षिणी शहर कंधार में तालिबान से मुलाकात की।हालांकि, उसने बैठक में शामिल तालिबान के किसी भी अधिकारी के नाम जारी नहीं किए। ये बैठकें तालिबान के अगस्त 2021 में अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज होने के बाद महिलाओं और लड़कियों पर लगाई गई पाबंदियों पर केंद्रित रही। संयुक्त राष्ट्र के उप प्रवक्ता फरहान हक ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र उप महासचिव अमीना मोहम्मद के नेतृत्व वाली टीम ने पाया कि तालिबान के कुछ अधिकारियों का रुख ''सहयोगात्मक था और उन्हें प्रगति के कुछ संकेत मिले हैं।'' उन्होंने कहा, ''महत्वपूर्ण बात उन (तालिबान) अधिकारियों से सामंजस्य स्थापित करना है, जिनका रुख सकारात्मक था।'' हक ने इस बात पर जोर दिया कि तालिबान के बीच ''प्राधिकार



के कई अलग-अलग बिंदु हैं'' और संयुक्त राष्ट्र की टीम चाहेगी कि वे हमारे लक्ष्य पर मिलकर काम करें, जिसमें सबसे महत्वपूर्ण महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों को बहाल किया जाना है।'' मोहम्मद पूर्व नाइजीरियाई कैबिनेट मंत्री और एक मुस्लिम हैं। उनके नेतृत्व वाली इस यात्रा में 'संयुक्त राष्ट्र महिला' की कार्यकारी निदेशक सिमा बाहौस भी शामिल थी। 'संयुक्त राष्ट्र महिला' लैंगिक समानता और महिलाओं के अधिकारों के लिए काम करती है।

## मसाला उद्यमियों की नेशनल मीट 28 व 29 जनवरी को जयपुर में

**जयपुर।** राजस्थान एसोसिएशन ऑफ स्पाइसेस (रास) के तत्वावधान में 28 व 29 जनवरी को जयपुर में कूकस स्थित एक रिसोर्ट में दो दिवसीय नेशनल बिजनेस मीट-2023 आयोजित की जायेगी। जिसका उद्घाटन शनिवार सायं 4 बजे लोकसभा स्पीकर ओम बिरला करेंगे। समारोह में केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर एवं कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी को भी आमंत्रित किया गया है। समारोह में आची मसाला, चेन्नई के चेयरमैन पदम सिंह आईसेक, एमडीएच मसाला, नागौर के निदेशक सुरेश राठी, जेब्स इंटरनेशनल, मुंबई के एमडी भास्कर शाह, गोल्डी मसाले, कानपुर के चेयरमैन सुरेंद्र गुप्ता, शक्ति मसाला, इरोड के ऑनर पीसी दुरैस्वामी, एवरेस्ट मसाला, मुंबई के हेड राजीव शाह एवं भारत मसाला, कटक सहित कई मसाला निर्यातक, व्यवसायी एवं कृषि अनुसंधान अधिकारी भाग लेंगे। रास के संस्थापक निदेशक विनित चौपडा, बनवरी लाल अग्रवाल, जोधपुर जीरा मंडी अध्यक्ष पुरूषोत्तम मूंदडा, पीसीके माहेश्वरन, श्याम सुदर जाजू, लाडेश जैन, महावीर गुप्ता ने एक बैठक में बताया कि नेशनल मीट में विभिन्न राज्यों से प्रमुख मसाला निमार्ता, निर्यातक, मिलर्स, व्यवसायी एवं स्पाइस सेवा प्रदाता साझा मंच पर जीरा, धनिया, सौफ, कसूरी मैथी आदि मसाला उत्पादों की वर्तमान पैदावार एवं भविष्य में संभावनाओं तथा प्रदेश की नई कृषि उद्योग नीति पर विशेषज्ञों के साथ पैनल चर्चा की जायेगी। जिससे प्रदेश में नये मसाला उद्योग स्थापित होने की संभावना बढ़ सकती है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## एफबीआई ने बाइडन के आवास की तलाशी ली, गोपनीय के तौर पर चिह्नित दस्तावेज बरामद किए

**वाशिंगटन।** अमेरिका के संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने राष्ट्रपति जो. बाइडन के विलमिंग्टन स्थित आवास की तलाशी ली और गोपनीय दस्तावेज के तौर पर चिह्नित छह अतिरिक्त दस्तावेज बरामद किए। विभाग ने बाइडन के कुछ हस्तलिखित नोट भी अपने कब्जे में लिए। राष्ट्रपति के वकील बॉब बाउर ने यह जानकारी दी। बाइडन ने एफबीआई को अपने आवास की तलाशी लेने की स्वेच्छा से अनुमति दी, लेकिन तलाशी वारंट नहीं होने के बावजूद यह घटना असाधारण है। बाइडन को 12 जनवरी को यह खुलासा होने के बाद शर्मिंदगी झेलनी पड़ी थी कि बाइडन के वकीलों को मध्यावधि चुनावों से ठीक पहले वाशिंगटन स्थित पेन बाइडन सेंटर में उनके एक पूर्व कार्यालय से गोपनीय रिकॉर्ड मिले हैं। इसके बाद वकीलों को बाइडन के



विलमिंग्टन स्थित आवास के पुस्तकालय से उपराष्ट्रपति के तौर पर उनके कार्यकाल के समय के छह और गोपनीय दस्तावेज मिले।न दस्तावेजों का मिलना बाइडन के लिए ऐसे समय में राजनीतिक जवाबदेही बन गया है, जब वह फिर से चुनाव लड़ने के लिए अपनी दावेदारी पेश करने की तैयारी कर रहे हैं। यह घटना पूर्ववर्ती राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उतार-चढ़ाव भारे कार्यकाल के बाद अपने कार्यकाल को अमेरिकी जनता के सामने बेहतर दिखाने की बाइडन की कोशिश को नुकसान पहुंचाती है। बाउर ने बताया कि एफबीआई ने शुक्रवार को जिन दस्तावेजों को कब्जे में लिया है, वे बाइडन के सीनेटर एवं उपराष्ट्रपति के तौर पर उनके कार्यकाल से संबंधित हैं, जबकि नोट उनके उपराष्ट्रपति कार्यकाल के हैं। उन्होंने कहा कि यह तलाशी करीब 13 घंटे तक चली। बाउर ने बताया कि अभी न्याय विभाग ने रिकॉर्ड की समीक्षा नहीं की है, इसलिए यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इन दस्तावेजों की गोपनीयता का क्या स्तर है और क्या एफबीआई द्वारा हटाए गए दस्तावेज गोपनीय बने हुए हैं या नहीं।

## श्रीलंका में नौ मार्च को स्थानीय परिषद के चुनाव होंगे

**कोलंबो।** श्रीलंका में स्थानीय परिषद के चुनाव नौ मार्च को कराये जायेंगे। देश के निर्वाचन आयोग ने यह घोषणा की, जिससे इस बात की आशंका खत्म हो गई कि देश में आर्थिक संकट के कारण चुनाव फिर से स्थगित किये जा सकते हैं। स्थानीय चुनाव को इससे पूर्व छह महीने के लिए स्थगित कर दिया गया था क्योंकि देश अभूतपूर्व आर्थिक उथल-पुथल की चपेट में था, जिससे राजनीतिक संकट पैदा हो गया था और पूर्व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे को सत्ता से हटना पड़ा था। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने घोषणा की कि देश में 340 परिषदों के लिए स्थानीय चुनाव नौ मार्च को होंगे। विपक्षी दल स्थानीय चुनाव के लिए जोर दे रहे हैं।विपक्षी दलों के अनुसार, इससे लोगों को आर्थिक संकट से निपटने में सरकार की नाकामी के प्रति नाराजगी दिखाने का मौका मिलेगा। सरकार ने हालांकि स्थानीय चुनावों में देरी को लेकर कहा था कि देश में मौजूदा आर्थिक संकट को देखते हुए चुनाव कराने के लिए यह समय उपयुक्त नहीं है। चुनाव प्रक्रिया में कथित तौर पर 10 अरब रुपये खर्च होंगे जो पहले से ही देश की कमजोर अर्थव्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव डालेगा। सत्तारूढ़ श्रीलंका पोडुजना पेरामुना (एसएलपीपी) का 2018 में हुए पिछले चुनाव में जीत हासिल करने के बाद अधिकांश परिषदों पर नियंत्रण है। हालांकि, जुलाई में पार्टी के नेता और पूर्व राष्ट्रपति राजपक्षे को जनआंदोलन के जरिये सत्ता से हटाए जाने के बाद पार्टी में उथल-पुथल है। वहीं, मुख्य विपक्षी दल सामगी जन बलवेगया (एसजेबी) को विश्वास है कि सत्तारूढ़ दल के प्रति जनता के गुस्से को देखते हुए वे अधिकांश परिषदों को जीत सकते हैं।